वैशाख माह, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 105, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 10 मई 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

शाहीन बाग में बुलडोजर: कोर्ट ने कहा कि अदालत को इन सब के लिए मंच नहीं बनाया जाना चाहिए

नई दिल्ली: दिल्ली में करीब दो साल पहले नागरिकता कानून के खिलाफ प्रदर्शन से देशभर में सुर्खियों में आया शाहीन बाग फिर हल्ला-हंगामे के दौर में है। वजह- एमसीडी का बुलडोजर। यहां अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया जाना था। इसके लिए एमसीडी के बुलडोजर जैसे ही शाहीन बाग पहुंचे, हंगामा शुरू हो गया। लोगों के विरोध के बाद दोपहर करीब 12.30 एमसीडी के बुलडोजर वापस चले गए। इसके बाद लोगों ने यहां तिरंगा लहराया। इधर, शाहीन बाग में अतिक्रमण हटाने की मुहिम के खिलाफ कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया-मार्क्सवादी यानी सीपीआईएम ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर दी। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में यह कहते हुए दखल देने से इनकार कर दिया कि याचिका किसी भी प्रभावित पक्ष की बजाय एक राजनीतिक दल ने दायर की है। कोर्ट ने कहा कि अदालत को इन सब के लिए मंच नहीं बनाया जाना चाहिए। कोर्ट ने अतिक्रमण हटाने की मुहिम से प्रभावित लोगों से हाईकोर्ट जाने को कहा है।

पुलिस फोर्स न मिलने से रुकी थी कार्रवाई: इससे पहले, पुलिस फोर्स न मिलने की वजह से सोमवार को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू होने को लेकर संदेह बना हुआ था, लेकिन करीब 10.30 बजे दिल्ली पुलिस ने फोर्स मुहैया कराने पर रजामंदी दे दी । इसके बाद 11 बजे के लगभग एमसीडी के बुलडोजर शाहीन बाग की मुख्य सड़क पर पहुंच गए।

बुलडोजर पर चढ़ीं महिलाएं, सड़क पर धरना

इसके पहले, सोमवार को कार्रवाई के विरोध में लोग बुलडोजरों के सामने लेट गए। कुछ महिलाएं बुलडोजर पर चढ़ गईं। वहीं, कुछ जगहों पर लोग सड़कों पर ही धरने पर बैठ गए। हंगामा बढ़ते देख पुलिस ने लोगों को वहां से हटाया। कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया गया। इसके बावजूद कार्रवाई का विरोध जारी रहा। विरोध के बाद अफसरों ने कहा कि फिलहाल अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई रोक दी गई है।

जहांगीरपुरी में रोकना पड़ा था एमसीडी का बुलडोजर

इससे पहले, जहांगीरपुरी में हनुमान जयंती के दिन हुई हिंसा के बाद वहां भी बुलडोजर से अतिक्रमण हटाया गया था। हालांकि, तब कार्रवाई बहुत ज्यादा लंबी नहीं चल सकी थी, क्योंकि इस पर सुप्रीम कोर्ट का निर्देश आ गया था।

कोर्ट ने फिलहाल जहांगीरपुरी में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पर स्टे लगाया है।

बुलडोजर पर 'बवाल'

'कोर्ट के आदेश के मुताबिक अतिक्रमण हटा रहे'

सुनवाई के दौरान दक्षिणी दिल्ली नगर निगम की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि हम कोर्ट के आदेश के मुताबिक अतिक्रमण हटा रहे हैं। सीपीएम की दिल्ली राज्य कमेटी ने दक्षिण दिल्ली में चल रही बुलडोजर कार्रवाई के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। पार्टी ने याचिका में कहा था कि गैरकानूनी तरीके से अतिक्रमण हटाने को अंजाम दिया जा रहा है। पार्टी ने कहा था कि दिल्ली नगर निगम अब 9 से 13 मई के बीच शाहीन बाग और दूसरे इलाकों में ऐसे ही कार्रवाई की प्लानिंग कर रही है। याचिका में कहा गया था कि अतिक्रमण हटाने के लिए अल्पसंख्यकों को खास निशाना बनाया जा रहा है। बिना किसी पूर्व नोटिस के अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को अंजाम देने की कोशिश हो रही है। पार्टी ने कहा है कि कोर्ट इस पर रोक लगाए। 21 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के जहांगीरपुरी में अतिक्रमण हटाने पर रोक के आदेश को बरकरार रखा था। जस्टिस एल. नागेश्वर राव की अध्यक्षता वाली बेंच ने ये आदेश दिया था। उसके पहले 20 अप्रैल को चीफ जस्टिस एनवी रमना की अध्यक्षता वाली बेंच ने जहांगीरपुरी में अतिक्रमण हटाने पर रोक लगाई थी। सुप्रीम कोर्ट ने सरोजिनी नगर में झुग्गियों के अतिक्रमण हटाने पर रोक लगा दी थी।

रुपये की कीमत में रिकॉर्ड गिरावट

मुद्रा बाजार के इतिहास में आज पहली बार डॉलर की कीमत 77 रुपये के पार चली गई

नई दिल्ली: निगेटिव ग्लोबल सेंटीमेंट्स के कारण रुपया डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड स्तर तक नीचे फिसल गया है। मुद्रा बाजार के इतिहास में आज पहली बार डॉलर की कीमत 77 रुपये के पार चली गई है। मुद्रा बाजार में रुपये ने आज 21 पैसे की कमजोरी के साथ पहली बार डॉलर के मुकाबले 77 रुपये नीचे जाकर 77.13 रुपये प्रति डॉलर के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। दोपहर बारह बजे रुपये की कीमत में और 18 पैसे की गिरावट आ गई। इस गिरावट के कारण डॉलर 77.31 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस साल की शुरूआत से ही अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों की वजह से रुपये की कीमत में लगातार गिरावट आ रही है। 2022 की शुरूआत से लेकर अभी तक रुपया करीब 4 प्रतिशत तक नीचे लुढ़क चुका है। सिर्फ पिछले एक हफ्ते के दौरान ही रुपये की कीमत में एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की जा चुकी है। जानकारों के मुताबिक अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा पिछले सप्ताह ब्याज दरों में बढ़ोतरी करने की के बाद से ही विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) लगातार बिकवाली कर अपना पैसा भारतीय वजह से निकालने में लगे हुए हैं। मई के के पहले सप्ताह के चार कारोबारी दिनों में ही विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक अभी तक भारतीय बाजार से 6,400 करोड़ रुपये की निकासी कर चुके हैं। विदेशी निवेशकों द्वारा लगातार अपने पैसे की निकासी करने के कारण मुद्रा बाजार में डॉलर की मांग काफी बढ़ गई है।

केंद्र सरकार ने किया देशद्रोह कानून का बचाव

नई दिल्ली: केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि उसने देशद्रोह कानून के प्रावधानों की फिर से जांच करने और पुनर्विचार करने का फैसला किया है। साथ ही अनुरोध किया है कि जब तक सरकार इस मामले की जांच नहीं कर लेती, तब तक देशद्रोह मामले पर सुनवाई न की जाए। इससे पहले सुनवाई के दौरान केंद्र ने इस कानून को सही करार देते हुए इसे बरकरार रखने की बात कही थी।

केंद्र सरकार ने किया देशद्रोह कानून का बचाव: केंद्र सरकार ने देशद्रोह कानून का बचाव करते हुए शनिवार (7 मई) को सुप्रीम कोर्ट से देशद्रोह कानून को चुनौती देने वाली याचिका खारिज करने का अनुरोध किया था।

श्रीलंका संकट : पीएम महिंदा राजपक्षे ने दिया इस्तीफा

कोलंबो: देश में गंभीर आर्थिक संकट के बीच श्रीलंका के प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे ने सोमवार को इस्तीफा दे दिया। श्रीलंका की स्थानीय मीडिया के हवाले से इसका दावा किया गया है। बताया जा रहा है कि विपक्ष की अंतरिम सरकार बनाने की मांग के आगे झुकते हुए राजपक्षे ने यह कदम उठाया है। इससे पहले प्रधानमंत्री राजपक्षे ने कहा कि वह जनता के लिए 'कोई भी बलिदान' देने को तैयार हैं। उनके इस कथन से इन अटकलों को बल मिल गया था कि राजपक्षे आज इस्तीफा दे देंगे।

ज्ञानवापी मस्जिद: दाखिल मुकदमा वापस नहीं ले रहे: जितेंद्र

वाराणसी: विश्व वैदिक सनातन संघ के प्रमुख जितेंद्र सिंह बिसेन ने सोमवार को कहा कि ज्ञानवापी मस्जिद मामले में दाखिल मुकदमा वापस नहीं ले रहे हैं। देश विरोधी ताकतें संगठन को बदनाम करने के लिए अफवाह फैला रही है। कचहरी परिसर में सोमवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान जितेन्द्र सिंह बिसेन ने बताया कि सनातन संघ अन्य पांच मुकदमें श्रीकाशी विश्वनाथ से जुड़े और एक लाट भैरव से जुड़े मुकदमें से याचिका वापस ले रहा है। इसमें अगले एक हफ्ते के अंदर नयी याचिका संगठन की यूथ विंग हिन्दू राष्ट्र पुनर्स्थापना संघ की तरफ से न्यायालय में दाखिल होगी। बिसेन ने वादी राखी सिंह का नाम याचिका वापसी के लिए आने पर अधिवक्ता सुधीर त्रिपाठी को तत्काल प्रभाव से सभी मुकदमों से निलंबित करने की बात कही। ज्ञानवापी मामले में वादी राखी सिंह के मुकदमा से नाम वापसी से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा कि गलत सूचना है और मेरा, राखी सिंह का या मेरे वकील का ऐसा कोई बयान नहीं है। कुछ लोगों ने अपनी तरफ से ऐसा किया है। राखी सिंह का नाम लेकर इसलिए किया है कि देश विरोधी शक्तियां मेरे विरुद्ध षड्यंत्र रच रहीं हैं।

'रूस यूक्रेन में अपनी मातृभूमि की रक्षा कर रहा'

मॉस्को: यूक्रेन से लगातार चल रही जंग के बीच रूस के रूस अपना 77वां विजय दिवस मना रहा है। विजय दिवस पर आयोजित परेड को संबोधित करते हुए रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने कहा कि यूक्रेन में रूस दरअसल अपनी ही जमीन पर युद्ध लड़कर मातृभूमि की रक्षा कर रहा है। यूक्रेन हर वर्ष नौ मई को अपना विजय दिवस मनाता है। दूसरे विश्व युद्ध में जर्मनी की हार और सोवियत संघ की जीत के जश्न के रूप में यह आयोजन किया जाता है। सोमवार को 77वें विजय दिवस पर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने यूक्रेन में रूस की कार्रवाई की तुलना दूसरे विश्व युद्ध के दौरान हुई सोवियत संघ की कार्रवाई से की। उन्होंने कहा कि यूक्रेन में रूस की सैन्य कार्रवाई पश्चिमी देशों की नीतियों के खिलाफ सही समय पर दिया गया उचित जवाब है। उन्होंने दावा किया कि रूस इस सैन्य कार्रवाई के द्वारा यूक्रेन में अपनी मातृभूमि की रक्षा कर रहा है। उन्होंने कहा, यह हमारी जिम्मेदारी है कि हर वह चीज करें, जिससे दुनिया में दोबारा युद्ध न हो। रूसी राष्ट्रपति ने कहा कि नाटो हमारी सीमा पर रूस के लिए खतरा पैदा कर रहा है। यूक्रेन में रूसी सैनिक पूरी तरह से अस्वीकार्य खतरे का सामना कर रहे हैं। हम अपनी जमीन के लिए लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यूक्रेन परमाणु हथियारों की ओर बढ़ रहा है। हमने प्रण किया है कि रूस हिटलर की तरह यूक्रेन को भी जंग में पराजित कर देगा। इस जंग में जीत हमारी ही होगी। इस दौरान यूक्रेन जंग में मारे गए रूसी सैनिकों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई।

यह दशक उत्तराखंड का दशक है: धामी

देहरादून: उत्तराखंड की पांचवीं विधानसभा गठन के करीब दो महीने बाद चंपावत सीट पर उपचुनाव की प्रकिया शुरू हो गई है। उपचुनाव का नोटिफिकेशन जारी होने के बाद आज मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नामांकन किया है। इनके नामांकन के दौरान पूर्व मुख्यमंत्रियों समेत केंद्रीय मंत्री और कैबिनेट मंत्रियों के साथ-साथ कई विधायक भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी नामांकन करने के बाद सीधे गोलज्यू देवता मंदिर और वहां पर गोलज्यू देवता की पूजा अर्चना की। इसके बाद मुख्यमंत्री धामी जनसभा को संबोधित करने के लिए चंपावत मोटर स्टेशन पहुंचे। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि यह दशक उत्तराखंड का दशक है। विकास से संबंधित कई योजनाएं संचालित हो रही हैं। पर्वतीय जिलों में बुनियादी सुविधाओं सहित शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल आदि विषयों पर विशेष फोकस किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि इस उपचुनाव में भाजपा की ही जीत होगी। क्योंकि भारतीय जनता पार्टी ह्यसबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास पर भरोसा करती है।

नहीं मिली नागरिकता: पाकिस्तान लौटे 800 हिंदू परिवार

नई दिल्ली: पाकिस्तान में हो रहे जुल्मों से बचने के लिए लगभग आठ सौ हिंदू परिवार भारत आए थे। साल 2011 में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने पाकिस्तान में रह रहे ऐसे लोगों को लंबी अवधि का वीजा यानी एलटीवी देने का निर्णय किया था, जिनका धार्मिक उत्पीड़न हो रहा था। उस दौरान सैकड़ों हिंदू और सिख समुदाय के लोग, भारत आ गए थे। करीब एक दशक बाद भी उन लोगों को भारत की नागरिकता नहीं मिल सकी। हालांकि उन्होंने नागरिकता हासिल करने की खातिर सरकारी दफ्तरों के खूब चक्कर काटे, लेकिन बात नहीं बनी। मजबूरन आठ सौ हिंदू परिवारों को वापस पाकिस्तान जाना पड़ा। भारत में पाकिस्तानी अल्पसंख्यक प्रवासियों के हक की आवाज उठाने वाली संस्था सीमांत लोक संगठन (एसएलएस) द्वारा यह दावा किया गया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने इस मुद्दे पर कहा, यह केंद्र सरकार के लिए शर्म की बात है।

सीएए पर नहीं की कोई कार्रवाई: सुब्रमण्यम स्वामी ने सोमवार को अपने एक ट्वीट में लिखा, भाजपा की केंद्र सरकार के लिए यह कितनी शर्म की बात है। पाकिस्तान में मानवाधिकारों के उल्लंघन के शिकार लगभग 800 लोग, जो भारतीय नागरिक बनने की उम्मीद में यहां आए थे, उन्हें मोदी सरकार की सीएए पर गैर-कार्रवाई से धोखा मिला है। वे अत्यंत दुखी होकर वापस पाकिस्तान चले गए। राजस्थान में सीमांत लोक संगठन का कहना था, इन लोगों ने नागरिकता लेने के लिए बहुत प्रयास किया था।

नागरिकता के लिए आवेदन दिया जा चुका था। उसके बाद जब इस मामले में कोई प्रगति होती हुई नहीं दिखी तो उन्हें मजबूरन पाकिस्तान लौटना पड़ा। सीमांत लोक संगठन, के मुताबिक ये लोग साल 2021 में वापस लौट गए।

ऑनलाइन व्यवस्था की जांच कर रहा भारत: जो लोग अब पाकिस्तान चले गए हैं, उनके साथ वहां पर अब पहले से भी ज्यादा बुरा बर्ताव हो रहा है।

चिंतन शिविर के बाद आदिवासियों को साधेगी कांग्रेस

उदयपुर: उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड और गोवा में करारी हार का सामना करने के बाद कांग्रेस पार्टी राजस्थान के उदयपुर में 13 से 15 मई तक चिंतन शिविर करने जा रही है। इसमें कांग्रेस साल के अंत में होने वाले गुजरात, हिमाचल के चुनाव में जीत कैसे हो इसका रास्ता खोजेगी। वहीं अगले साल राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के चुनाव को लेकर भी रणनीति तैयार करेगी। चिंतन शिविर के बाद राहुल, प्रियंका और सोनिया गांधी बांसवाड़ा में स्थित आदिवासियों के तीर्थस्थान बेणेश्वर धाम जाएंगे। यहां वे कुछ कार्यक्रमों का लोकार्पण करने के बाद कई एक रैली को संबोधित भी करेंगे। बेणेश्वर धाम को राजस्थान के प्रयागराज के तौर पर मान्यता दी जाती है। इसकी वजह यह है कि यहां माही, सोम और जाखम नदियों का संगम होता है। इससे पहले गांधी परिवार ने 2018 में विधानसभा चुनाव से पहले बेणेश्वर धाम का दौरा किया था। यही नहीं पीएम नरेंद्र मोदी भी यहां आ चुके हैं।

खबर संक्षेप

महिला के मोबाइल पर अश्लील मैसेज भेजने पर अज्ञात में मुकदमा दर्ज

मऊआइमा। एक महिला के मोबाइल पर अश्लील मैसेज भेजने पर जब महिला ने मैसेज के जरिए मना किया तो जान से मारने की धमकी दी गई। महिला की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम बादलपुर निवासी एक व्यक्ति का आरोप है कि एक युवक आए दिन उसकी पत्नी के मोबाइल पर अश्लील मैसेज भेजता है। जब मैसेज का विरोध किया तो उसे जान से मारने की धमकी दी।

ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

करछना। प्रयागराज थाना क्षेत्र के भीरपुर रेलवे स्टेशन समीप दिल्ली हावड़ा रेल रूट मार्ग पर सोमवार देर शाम 4 बजे के करीब ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौके पर मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर जीआरपी व भीरपुर चौकी की पुलिस मौके पर पहुंच कर लोगों से पूछताछ किया। वही युवक के जेब में मिले दस्तावेज से युवक की पहचान क्षेत्र के गडैला गांव निवासी धर्मेंद्र कुमार यादव पुत्र अमरजीत यादव के रूप में किया गया। जिसके बाद पुलिस ने फोन के माध्यम से परिजनों को देते हुए शव को कब्जे में ले लिया।

राजस्व वसूली के प्रगति की समीक्षा में जिलाधिकारी के तेवर तल्ख

राजस्व वसूली में लापरवाही एवं उदासीनता पाये जाने पर कई अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में सोमवार को संगम सभागार में कर-करेत्तर राजस्व वसूली के प्रगति के सम्बंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने विभागवार समीक्षा करते हुए सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली में कमी पाये जाने पर सम्बंधित अधिकारी के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। कार्यों में लापरवाही या उदासीनता किसी भी स्तर पर क्षम्य नहीं है। वाणिज्यकर विभाग की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सेक्टर 5 एवं 6 क्षेत्र की राजस्व वसूली कम पाये जाने पर सम्बंधित डिप्टी कमिश्नर वाणिज्यकर से स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने वाणिज्यकर, आबकारी एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों को प्रवर्तन की कार्यवाही में तेजी लाते हुए लक्ष्य के सापेक्ष वसूली सुनिश्चित किये जाने का निर्देश दिया है। स्टाम्प एवं रजिस्टेशन की समीक्षा में हण्डिया में राजस्व प्राप्ति की प्रगति धीमी पाये जाने पर सम्बंधित उपनिबंधक से स्पष्टीकरण तलब करने का निर्देश दिया है। आबकारी विभाग के राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने जिला आबकारी अधिकारी एवं आबकारी निरीक्षकों को प्रवर्तन की कार्यवाही में तेजी लाते हुए राजस्व वसूली बढ़ाये जाने का निर्देश दिया है। परिवहन विभाग की समीक्षा में अवैध रूप से चलने वाले टैक्सी स्टैण्डों पर प्रभावी कार्रवाई न किये जाने पर जिलाधिकारी ने सम्बंधित सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारियों के विरूद्ध स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। विद्युत विभाग की समीक्षा में मेजा एवं फाफामऊ क्षेत्र में राजस्व वसूली की प्रगति धीमी पाये जाने पर सम्बंधित अधिशाषी अभियंता विद्युत के विरूद्ध स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अभियंताओं को सख्त हिदायत देते हुए कहा है कि ट्रांसफार्मर खराब होने पर तत्काल उसकों बदलने की कार्रवाई सुनिश्चित करें, शिकायत पाये जाने पर सम्बंधित के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। नगर पंचायतों में राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए भारतगंज, हण्डिया, सिरसा, कोरांव एवं शंकरगढ़ नगर पंचायत की राजस्व वसूली कम पाये जाने पर सम्बंधित अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायतों के विरूद्ध स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। विविध देय की वसूली की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने फूलपुर, हण्डिया, मेजा, कोरांव तहसील की राजस्व वसूली की प्रगति धीमी पाये जाने पर सम्बंधित तहसीलदारों से स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। मण्डी की समीक्षा करते हुए सिरसा मण्डी में राजस्व वसूली कम पाये जाने पर मण्डी सचिव सिरसा से भी स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर एडीएम वित्त एवं राजस्व जगदम्बा सिंह व सम्बंधित विभागों के अधिकारीगणों के अलावा सम्बंधित तहसीलों के तहसीलदार उपस्थित रहे।

राजस्व वसूली के प्रगति की समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी

न्यूज झरोखा

शराब में मिलावटी कारोबार करने वाले सेल्समैन को पुलिस ने किया गिरफ्तार

रत्योंरा में सरकारी देसी शराब की दुकान पर मिलावटी शराब बेचने का वीडियो हुआ था वायरल

रत्योंरा। कोरांव पुलिस व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने कोरांव थाना क्षेत्र के रत्योंरा में खुली सरकारी देसी शराब की दुकान पर मिलावटी कारोबार करने वाले सेल्समैन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के मुताबिक राहुल पुत्र साहब लाल निवासी बड़ोखरा थाना कोरांव सरकारी देसी शराब की दुकान रत्योंरा पर सेल्समैन था। तीन दिन पूर्व शराब की दुकान पर सील खुली सीसी में शराब बेचने का वीडियो वायरल हुआ था। जिसको समाचार पत्रों में भी प्रकाशित किया गया। जिसके बाद इलाकाई पुलिस व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर मिलावटी कारोबार कर रहे सेल्समैन को गिरफ्तार कर लिया। मिलावटी कारोबार कर रहे अभियुक्त के पास से इलाकाई पुलिस व आबकारी की टीम ने खाली शीशी 66 अदद, विभिन्न ब्रांडों के 100 ढक्कन, 12 शराब की बोतलें भरी हुई एवं 30 लीटर स्प्रिट बरामद किया है। उक्त अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक शिवेन्द्र प्रताप सिंह, कांस्टेबल कुलदीप सिंह, कांस्टेबल संतोष पटेल, आबकारी निरीक्षक चंद्र भूषण सिंह, प्रधान आरक्षी मदन यादव शामिल रहे।

किसान अगेती फसल के लिए खेत की तैयारी में हैं जुटे : अरोड़ा

सहसों। क्षेत्र में किसान छोटे हों या बड़े अपनी अगली फसल अच्छी तैयार हो इसलिए धान की अगेती और अच्छी फसल के लिए हुनरमंद किसान अभी से ही धान की नर्सरी के लिए खेत की तैयारी में जुट जाएं। तभी अपनी फसल से अच्छी पैदावार और लाभ कमा सकेंगे। उक्त विचार सोमवार को सहसों के थानापुर गांव में आयोजित एक किसान गोष्ठी में उपस्थित किसान एवं वितरकों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रीजनल सेल्स मैनेजर जतिन अरोड़ा ने कही। इस मौके पर रीजनल मार्केटिंग मैनेजर राहुल वर्मा, डिप्टी रीजनल सेल्स मैनेजर पवन तिवारी, ने अच्छी संकर धान की किस्में विनर, चैंपियन, एनपीएच-एक्स 4 और संशोधित धान मोती, मोती गोल्ड, डेनिम और कनक की प्रजातियों पर विस्तार से चर्चा करते हुए इससे होने वाले लाभ की जानकारी से किसानों को रूबरू कराया। मौके पर फूलपुर एवं हंडिया तहसील क्षेत्र के किसान और वितरक गण मौजूद रहे।

शिव मंदिर रस्तीपुर का पांचवां वार्षिकोत्सव मनाया गया

जंघई। इच्छापूर्ति शिव मंदिर रस्तीपुर के पांचवें वार्षिकोत्सव के अवसर पर भव्य तरीके से पूजन अर्चन रुद्राभिषेक आरती प्रसाद का आयोजन किया गया। जिसमें भक्तों द्वारा अपनी मनोकामना पूर्ति हेतु भोलेनाथ की पूजा विधि विधान से की गई जिसमें काफी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।इस अवसर पर सूर्यभान चतुर्वेदी, चंद्रमणि चतुर्वेदी, ओमप्रकाश चतुर्वेदी, रजनीश चतुर्वेदी, कुणाल चतुर्वेदी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

बलराम संस्कृत महाविद्यालय में बाटे गए स्मार्ट फोन'

लेडियारी। सरकार स्कूल और कालेज से जुड़े छात्रों को मोबाइल के जरिए हाइटेक बनाना चाहती है। शासन की इसी योजना के अन्तर्गत बलराम संस्कृत महाविद्यालय शिरहिर मेजा प्रयागराज में छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन महाविद्यालय की प्रबंधिका के द्वारा दिनांक 9 मई 2022 वितरित किया गया कालेज की शास्त्री तृतीय वर्ष के द्वारा छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रबंधक श्रीमती उमा सिंह ने कहा कि छात्र छात्राएं मोबाइल का प्रयोग भविष्य संवारने के लिए करें साथ ही साथ इस ज्ञान को अपने से जुड़े बच्चों में भी बांटे इस मौके पर डॉ अरुण कुमार सिंह डॉक्टर बी पी सिंह डॉक्टर रुद्र मिश्रा, डॉक्टर अनुज ,अशोक उत्तम , डा० नरेश त्रिपाठी, आशीष पाण्डेय सहित सभी शिक्षक मौजूद रहे।

नागरिक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्मार्टफोन वितरण आज

जंघई। युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण हेतु उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रदत्त स्मार्टफोन/टेबलेट का कार्यक्रम नागरिक स्नातकोत्तर महाविद्यालय जंघई में आज महाविद्यालय में 11 बजे से होगा। मुख्य अतिथि विधानसभा परिषद सदस्य सुरेंद्र चौधरी होंगे। वितरण कार्यक्रम में सभी छात्र छात्राओं की उपस्थिति प्रातः 10 बजे अनिवार्य है। बीए, बीएससी तृतीय वर्ष तथा एमए फाइनल, बीएड तृतीय सेमेस्टर के मध्य वितरण किया जाएगा। प्रत्येक विद्यार्थी को अपने साथ कालेज की वर्तमान फीस रसीद की मूल प्रति एवं छायाप्रति, आधार कार्ड मूलप्रति एवं छायाप्रति, परिचय पत्र की मूल प्रति एवं छायाप्रति लाना अनिवार्य है। यह जानकारी प्राचार्य प्रो0 राजीव मालवीय ने दिया है।

शुभम श्रीवस्ता ने संभाला एसडीएम कोरांव का कार्यभार

कोराव। उप जिलाधिकारी कोरांव शुभम श्रीवास्तव ने अपना पद भार ग्रहण कर लिया। नए एसडीएम ने आते ही बार और बेंच के मध्य अच्छे संबंध स्थापित रहे इस निमित्त वकीलों से पहले भेंट सभागार में की। और स्टाफ के लोगों से बातचीत की। मछली शहर जिला जौनपुर निवासी श्री शुभम प्रयागराज में एसीएम प्रथम पद पर तैनात रहे। शिकायतों से लबरेज रहे एसडीएम कोराव रहे अभिनव कनोजिया को एसीएम तृतीय बना कर जिला प्रशासन ने उचित स्थान पर भेज दिया। नए एसडीएम ने कहा मेरा प्रयास होगा की जनता दुखी न रहे। किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। सरकार और सासन प्रसाशन की मंशा और दिशा निदेर्शों के अनुपालन में हर समय समर्पित रहूंगा। उक्त बातें कुछ पत्रकारों से भेंट वार्ता के दौरान कही।

मेजा ब्लॉक प्रमुख ने सिलौधी कला में बने गौशाला का किया निरीक्षण

मेजा रोड। विकास खंड मेजा अंतर्गत सिलौधी कला में चल रही गौशाला में रह रहे बेसहारा गौवंश की देखरेख अच्छी प्रकार न होने की शिकायतों के चलते ब्लाक प्रमुख मेजा श्रीमती गायत्री मिश्रा व उनके पति गंगा प्रसाद मिश्र ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को देखा। गौशालाओं में रह रहे बेसहारा गौवंशों के खानपान के चारा, बीमार गोवंश के इलाज के लिए दवाइयों की व्यवस्था, पीने के पानी व उनके ऊपर छत की व्यवस्था को देखा। ब्लाक प्रमुख ने ग्राम पंचायत सचिवों के साथ बैठक कर गौशालाओं के लिए अपने अधिकार क्षेत्र के आने वाली योजनाओं को लगाने के लिए प्रस्ताव पास किया। ब्लाक प्रमुख ने बताया कि क्षेत्र में चल रही गौशालाओं में व्यवस्था ठीक न होने की शिकायत मिल रही थी, जिसको लेकर गौशालाओं में लगने वाले बजट के प्रस्ताव पास करने पर विचार किया गया। किसी भी गौशाला में गौवंश को भूखा या बीमार नहीं रहने दिया जाएगा। प्रमुख ने परिवार के साथ गोवंशों को अपने हाथ से चारा व गुण खिलाया।उन्होंने गोशाला की देखरेख कर रहे लोगों से कहा कि गाय की सेवा करने से जीवन में कभी दरिद्रता नहीं आती है। आप लोग भाग्यशाली जो कि गायों की सेवा करने का मौका मिला है।श्री मिश्र ने सभी केयर टेकरों से गोवंशो की अच्छी तरह से देखभाल करने के निर्देश दिए।प्रमुख ने यह भी कहा कि किसी भी तरह की शिकायत मिलने पर कार्रवाई होगी।इस मौके पर स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

हमले के आरोप में तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

मऊआइमा। शनिवार को देर रात एक गैंगेस्टर युवक को गोली मारी गई थी।जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जख्मी युवक के पिता ने मऊआइमा थाने में रविवार को देर तीन को नामजद करते हुए हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस आरोपियों को धड़ पकड़ के लिए दबिश दे रही है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के दुबाही गांव निवासी रूखसार अहमद 28 वर्ष को शनिवार को देर रात को गोली मारी गई थी ।जिसके बाजू में गोली लगी है। घायल रुखसार को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रविवार को देर शाम को रूखसार के पिता अबनैन अहमद ने मऊआइमा थाने में बबलू ,रमीज ,जावेद सभी निवासी दुबाही के खिलाफ कातिना हमले का मुकदमा दर्ज करा दिया है । मऊआइमा इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने बताया कि आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है। जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा। पुलिस सूत्रों के अनुसार घायल रुखसार अहमद की आम शोहरत ठीक नहीं है। छह साल पहले पूर्व ब्लाक प्रमुख मोहम्मद शमी की हत्या में विवेचना में नाम प्रकाश में आया था । जिसे जेल भेजा गया था। फिलहाल वह जमानत पर है। बहरहाल पुलिस नामजद आरोपियों की तलाश में निरंतर दबिश दे रही है।

तकनीकी शिक्षा में मददगार हुई सरकार की टैबलेट वितरण योजना : सिद्धार्थ सिंह

इंद्र बहादुर सिंह निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में तहसीलदार ने बांटे टैबलेट

रत्योंरा। छात्रों को तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने में सरकार की टेबलेट वितरण योजना मददगार साबित हो रही है। डिजिटल इंडिया को भी बढ़ावा मिल रहा है। तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर रहे गरीब छात्रों के लिए यह योजना वरदान है। यह बातें इंद्र बहादुर सिंह निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रबंधक सिद्धार्थ सिंह ने प्रशिक्षण संस्थान परिसर में छात्रों को उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से टैबलेट वितरण कार्यक्रम को संबोधित करने के दौरान कही। टैबलेट वितरण समारोह को संबोधित करते हुए संस्थान के प्रबंधक सिद्धार्थ सिंह ने उपस्थित छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सरकार के टैबलेट वितरण योजना की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस योजना से गरीब छात्र जिनके पास लैपटॉप या कंप्यूटर व स्मार्ट फोन खरीदने के पैसे नहीं है उन्हें निशुल्क टैबलेट सरकार देकर उनके भविष्य को उज्जवल बनाने का काम कर रही है जो सराहनीय है। टेबलेट वितरण समारोह में उपस्थित रहे तहसीलदार कोरांव डॉ विशाल कुमार शर्मा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि वे तकनीकी शिक्षा सरल और सुगम तरीके से प्राप्त कर सकें इसके लिए सरकार छात्रों को निशुल्क टैबलेट मुहैया कराने का काम कर रही है। तहसीलदार ने सभी छात्र छात्राओं से उज्जवल भविष्य के लिए मन लगाकर पढ़ने एवं मेहनत कर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की ओर से कुल 68 छात्र-छात्राओं को तहसीलदार ने टैबलेट का वितरण किया। टैबलेट पाकर बच्चों में अपार उत्साह देखा गया। वितरण समारोह की अध्यक्षता प्रधानाचार्य मनोज कुमार कुशवाहा तथा संचालन सत्येंद्र यादव ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित रहे अपना दल (एस) के जिलाध्यक्ष गोपाल कृष्ण सिंह ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस दौरान आयोजन समिति की ओर से जय शंकर पांडेय व संस्थान के प्रबंधक सिद्धार्थ सिंह ने आए हुए सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

संस्थान के 36 छात्रों का हुआ कैंपस सिलेक्शन

रत्यौरा। बीते 6 जून को श्री इंद्र बहादुर सिंह औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रत्यौरा साजी कोरांव प्रयागराज में जेडी पॉली मेडिकेयर लिमिटेड कंपनी की ओर से कैंपस सिलेक्शन के लिए कुल 70 छात्रों का इंटरव्यू लिया गया। जिसमें फाइनल राउंड के इंटरव्यू में कुल 36 छात्रों ने सफलता प्राप्त की। सफल सभी छात्रों को कंपनी के एच आर द्वारा ज्वाईनिंग लेटर भी प्रदान किया गया। ज्वाईनिंग लेटर प्राप्त करने के बाद छात्रों में हर्ष उल्लास देखा गया। सभी सफल छात्रों को श्री इंद्र बहादुर सिंह औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रबंधक सिद्धार्थ सिंह व प्रधानाचार्य मनोज कुमार कुशवाहा ने उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

जय भवानी सेवा संघ ने मनाई महाराणा प्रताप की जयंती

दिशा भारत गैस एजेंसी के सभागार में हुई संगोष्ठी

अखंड भारत संदेश

रत्योंरा। जय भवानी सेवा संघ के बैनर तले दिशा भारत गैस एजेंसी कोराव के सभागार में सोमवार को महाराणा प्रताप की जयंती मनाई गई। जयंती कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अवकाश प्राप्त प्रधानाचार्य डॉ ओंकार नाथ सिंह ने कहा कि मेवाड़ के महान राजपूत शासक महाराणा प्रताप का जन्म 9 मई 1540 ई0 को राजस्थान के कुंभलगढ़ में हुआ था जिन्होंने मुगल शासकों को बुरी तरह पछाड़ते हुए मुगलों की अधीनता को कभी स्वीकार नहीं किया। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप का नाम भारतीय इतिहास में उनकी वीरता और दृढ़ प्रतिज्ञा के लिए अमर है। इसी प्रकार प्रेम शंकर सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि महाराणा प्रताप ने मुगल साम्राज्य के विस्तारवाद के खिलाफ सैन्य प्रतिरोध और हल्दीघाटी, देवर की लड़ाई लड़ी थी। जिसे काफी अहम माना जाता है। प्रत्येक वर्ष इस वीर योद्धा की 9 मई को जयंती मनाई जाती है, और इनके वीरता और साहस को याद किया जाता है। इसी प्रकार महाराणा प्रताप की जयंती कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जीत बहादुर सिंह ने महाराणा प्रताप के जीवन वृतांत को विस्तार से बताते हुए उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। जयंती कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ज्योति प्रकाश सिंह उर्फ बाबा, धनंजय सिंह, नागेंद्र सिंह, धर्मराज सिंह, अजय सिंह, विजय सिंह, राजनीत सिंह, राजेंद्र बहादुर सिंह संतोष सिंह, जय मां भवानी सेवा संघ के मीडिया प्रभारी अजय प्रताप सिंह समेत भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

साहस वीरता शौर्य के प्रतीक थे राणाप्रताप

सामूहिक रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर राणा प्रताप की किया गया नमन

झूंसी। क्षेत्र में महाराणा प्रताप की जयंती पर विविध कार्यक्रमो का आयोजन किया गया। लोगो ने वीर शिरोमणि राणा प्रताप को नमन कर उनके त्याग बलिदान को याद किया। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा युवराज की ओर से आयोजित महाराणा प्रताप की जयंती में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह गौर व विशिष्ठ अतिथि प्रो.आनन्द सिंह, उमेश कुमार सिंह, आशीष प्रजापति, प्रियंका सिंह ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए नरेंद्र सिंह गौर ने कहा कि महाराणा प्रताप साहस, वीरता, शौर्य के प्रतीक थे उनसे हम सभी को अपने जीवन में सीख लेना चाहिए। उमेश कुमार सिंह ने कहा कि राणा प्रताप एक जाति के नहीं थे वह सर्व समाज के थे और सभी को वह साथ लेकर चले। नजर इलाहाबादी ने कार्यक्रम उपस्थित सभी को अपनी कविताओं से खूब हंसाया। अध्यक्षता आयुष सिंह, संचालय युवा कवि भगवती ने किया इस अवसर पर सचिन सिंह, गौरव सिंह, आजाद सिंह, हरी सिंह, राकी, गोलू सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

मंहगाई पर अंकुश नही लगा पा रही हैं भाजपा सरकार : डॉ दिनेश सोनी

करछना। सोमवार को कांग्रेस पदाधिकारियों के एक कार्यक्रम में करछना तहसील मुख्यालय स्थित कांग्रेस पार्टी कार्यालय पर एक बैठक में जिला कांग्रेस महासचिव डॉ दिनेश कुमार सोनी ने मौजूदा मंहगाई के हालात पर चिंता जाहिर करते हुए, कहा कि देश में दिनों दिन बढ़ रही भीषण मंहगाई से देश की जनता त्राहि-त्राहि कर रही है गैस सिलेंडर पेट्रोल डीजल के दामों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है रोज मर्रा कि चीजों के दाम आसमान छू रहे हैं सरिया सिमेण्ट के दामों में वृद्धि से घर बनाना भी काफी कठिन हो गया है मौजूदा सरकार व सरकार के नुमाइंदे देश की भोली भाली जनता को ठग रहे हैं जिला उपाध्यक्ष रंगराज सिंह ने भी मंहगाई पर सरकार को आड़े हाथों लिया मंहगाई पर भाजपा सरकार को पूरी तरह जिम्मेदार ठहराया कहा कि इतनी मंहगाई इसके पहले कभी भी नहीं थी इस अवसर पर शिवविजय सिंह, बिद्याधरमिश्र,सुरेश कुमार पटेल, पोटाश पाण्डेय आशीष कुमार मिश्र, नागेश पांडेय ,नारायण द्विवेदी अनिल पांडेय ,सुरेश शुक्ल, रशीद हैदर, संजय शुक्ला कौशलेंद्र गौण ,डॉ जटाशंकर पटेल, रजनीश कुमार गौण आदि मौजूद रहे ।

मिशन शक्ति को लेकर महिला कांस्टेबल ने किया जागरूक

अखंड भारत संदेश

सोरांव। महिलाओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर पुलिस हमेशा तत्पर रहती है। इसी बात को लेकर सोमवार को महिला हेल्प डेस्क सोरांव की जिम्मेदार कांस्टेबल सीमा ने क्षेत्र के स्कूल, बैंक तथा कस्बों में जाकर महिलाओं को मिशन शक्ति का हैंड बिल का वितरण कर महिलाओं को आत्म सुरक्षा, आत्म सम्मान,व स्वाभिमान के बारे में विस्तार से बताएं। इतना ही नहीं क्षेत्र के राधा कृष्ण बालिका इंटर में गई। और वहां पर अध्ययन कर रहे सभी बालिकाओं को एक कतार में लगवाकर महिला हेल्प लाइन नंबरों के बारे में बताई। और बालिकाओं से तथा उपस्थित शिक्षिकाओं से भी बात की। तथा यह संदेश दिया कि अगर कोई आपसे असम्मानजनक तरीके से व्यवहार करता हो, घरेलू हिंसा करता हो, आपको कोई मोबाइल फोन, इंटरनेट के माध्यम से परेशान करता हो, आप से छेड़खानी करता हो तो तुरंत 1090 पर सूचित करके पुलिस की सहायता ले सकती हैं। तथा तत्कालिक सहायता के लिए तुरंत 112 को सूचित कर करें। ताकि महिला तक पुलिस आसानी से पहुंच सके तथा सहायता कर सकें।

मिशन शक्ति के तहत महिला कांस्टेबिल बच्चों को जागरूक करतीं

बारा की धरती पर करवरिया परिवार ने एक संदेश दिया और मै विधायक बन गया : डॉ बाचस्पति

मेरी पहचान बारा से बनी है बारा के कार्यकर्ता के लिए सदैव समर्पित रहूगीं : नीलम करवरिया, कार्यकर्ता मिलन एवं अभिनन्दन समारोह मे कार्यकर्ताओ का अंगवस्त्रम से हुआ सम्मान

अखंड भारत संदेश

जारी। बारा विधानसभा भाजपा-अपना दल-निषाद पार्टी के कार्यकर्ताओ का अभिनन्दन व मिलन समारोह जारी गौहानी के एक गेस्ट हाऊस में विधायक बारा डॉ. बाचस्पति ने सोमवार को आयोजित किया। बारा के कार्यकर्ताओ के दिलो मे राज करने वाले मेजा के पूर्व विधायक नीलम उदयभान करवरिया भी कार्यक्रम में पहुचंकर कार्यकर्ताओ से मिलते हुए डॉ. वाचस्पति के जीत के प्रति आभार जताते हुए विधायक बारा डॉ. बाचस्पति व मेजा विधायक नीलम उदयभान करवरिया ने कार्यकर्ताओ का माल्यापर्ण करते हुए अंगवस्त्रम् भेटं कर अभिनन्दन करते हुए पूर्व विधायक नीलम उदयभान करवरिया ने कहा मेरी पहचान बारा से बनी है बारा के कार्यकर्ता के लिए सदैव समर्पित रहूगीं मै बारा की धरती को प्रणाम करती हूँ। मेजा मे क्या हुआ उसे भूल जाइए। विधायक बारा डॉ. वाचस्पति ने कहा बारा की धरती पर करवरिया परिवार ने एक संदेश दिया और मै विधायक बना। बारा के कार्यकर्ता पूरे जी जान से मेहनत किया। मै बारा की धरती का सदैव आभारी रहूगाँ। जो मुझे पन्द्रह दिनो में सम्मान देकर विधायक बनाया। इससे बडा सम्मान मेरे लिए और कुछ नही हो सकता। मैने बचन दिया था मुझे जिताएगें तो मै उससे बढ़कर कार्य करूगाँ उसे मै बारा की धरती से पुनः दोहराता हूँ। सम्मानित होने वाले पदाधिकारियो मे काशीक्षेत्र किसानमोर्चा उपाध्यक्ष रमाकांत विश्वकर्मा,जिला महामंत्री विजय शुक्ल, जिला मंत्री प्रकाश शुक्ल,जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी,मंडल अध्यक्ष कौधियारा शिव प्रसाद केसरवानी,जगत नारायण शुक्ला,बन्दना सिंह, उमेश शुक्ला,अपना दल नेता गोकुल प्रसाद,निषाद पार्टी से विजय कुमार निषाद,गोकुल प्रसाद निषाद,सुभाष सिंह पटेल,मिथिलेश पांडेय,प्रदीप मिश्र,राजा बाबू पाठक,इन्द्रजीत पटेल आदि रहे। वही कार्यक्रम मे वरिष्ठ नेता सत्येन्द्र प्रताप सिंह, विधाधर द्विवेदी, शरद गुप्ता, नन्दकुमार त्रिपाठी,शेष द्विवेदी,राम कैलास पांडेय, धर्मराज पाल, पृथ्वीराज साहू,वीरेन्द्र जायसवाल, अनिल चतुर्वेदी आदि के साथ पूरे वारा विधान सभा के भारी संख्या मे कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने दी।

खबर संक्षेप

दावत से लौटते वक्त किया हमला, सिर पर कुर्सी मारी

प्रयागराज। कन्हईपुर के रहने वाले विनोद कुमार यादव ने धूमनगंज थाने में कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। उनका आरोप है कि रात दस बजे वह लल्ला यादव के यहां से दावत खाकर लौट रहे थे। रास्ते में पुरानी रंजिश को लेकर कैलाश यादव व अन्य ने उसे घेर लिया और लाठी से पीटा। सिर पर कुर्सी से चोट पहुंचाई। विनोद की तहरीर पर धूमनगंज पुलिस ने कैलाश यादव, सोनू यादव के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

नेहरू ग्राम भारती विवि में रोपे 500 से अधिक पौधे

प्रयागराज। नेहरू ग्राम भारती विश्वविद्यालय में वनस्पति विज्ञान विभाग एवं गंगा टास्क फोर्स की ओर से पौधरोपण अभियान चलाया गया। विज्ञान संकाय, शिक्षक शिक्षा संकाय, शोध केंद्र व कमल गोइंदी परिसर में 500 से अधिक पौधे रोपे गए। वनस्पति विज्ञान विभाग के डॉ. आदिनाथ, डॉ. शक्ति नाथ त्रिपाठी, डॉ. अजेय सिंह के निर्देशन में आम, अमरूद की विभिन्न प्रजाति, महोगनी, अमलतास, गुलमोहर, अशोक, करंज, नीम, इमली, आंवला, अनार एवं अन्य पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में जमुनीपुर कैंपस के निदेशक डॉ. प्रमोद मिश्र, संपत्ति अधिकारी मिथिलेश पांडेय, उमेश मिश्र, डॉ. आलोक मिश्रा, डॉ. मनीष सिंह, डॉ. देवेंद्र यादव, शिवाश्रय यादव, प्रदीप मिश्रा, अभिषेक, डॉ. मुकेश सिंह, डॉ. रामेंद्र, विमलेश दुबे, अंशुमान दुबे आदि रहे।

बृजेश हत्याकांड में सात आरोपी गिरफ्तार

28 अप्रैल को बच्चों को स्कूल लेने जा रहे थे तभी हमलावरों ने गोलियों से किया था छलनी

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। 28 अप्रैल को हुए हत्याकांड का खुलासा पुलिस ने सोमवार को कर दिया। हत्या में 7 लोग शामिल थे। सभी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना मलहरा फाटक ओवरब्रिज के नीचे हुई थी।एसपी गंगापार ने इस बारे में पुलिस लाइंस के सभागार में पत्रकारों से बातचीत की। सात आरोपियों को भी पेश किया। यह सभी घटना को अंजाम देने के बाद फरार चल रहे थे। पुलिस ने दो मई को इन लोगों पर 20-20 हजार रुपए का इनाम भी घोषित कर दिया था। पुलिस की चार टीमें इस हत्याकांड का खुलासा करने में जुटी हुई थीं।

व्यवसायिक प्रतिस्पर्धा में हुई थी हत्या :

बड़ा चाका के रहने वाले बृजेश सिंह की हत्या हुई थी। इसके पीछे का कारण व्यावसायिक प्रतिस्पर्धा बताया जा रहा है। 28 अप्रैल को दीपू शर्मा अपने भाई शानू शर्मा, रिश्ते की मौसी के लड़के जितेंद्र शर्मा और अरविंद को साथ लेकर मलहरा फाटक ओवरब्रिज के नीचे गया। वहां चारों ने पीछे से बृजेश को घेर लिया। ज्ञानू और जितेंद्र अपने-अपने असलहे से बृजेश पर फायरिंग कर दी। इसमें बृजेश की मौत हो गई। पूछताछ में पता चला कि ज्ञानू ने अपने असलहे से दो फायर और जितेंद्र ने चार फायर किए थे। पुलिस टीम ने इन्हें सीओडी गेट, सीएचसी चाका के पास से गिरफ्तार किया है।

पुलिस के गिरफ्त में सातों अपराधी

कुल छह गोलियां मारी थीं :

पुलिस अफसरों के मुताबिक, पूछताछ में यह बात सामने आई है कि हत्यारोपियों ने बृजेश को कुल छह गोलियां मारी थीं। वारदात को अंजाम देने में दीपू शर्मा उर्फ प्रदीप कुमार, उसका सगा भाई ज्ञानू शर्मा, मौसेरे भाई जीतेंद्र शर्मा व चचेरे भाई अरविंद शर्मा शामिल थे। जबकि तीन अन्य अभियुक्तों में शामिल उसके ही एक अन्य भाई संदीप शर्मा व पिता सिद्धनाथ शर्मा के अलावा गजराज सिंह पटेल ने उनका सहयोग किया था।

12 मार्च को हुआ था विवाद :

एसपी यमुनापार सौरभ दीक्षित ने बताया कि मुख्य आरोपी दीपू शर्मा सपा का समर्थक है जबकि मृतक पक्ष भाजपा से जुड़ा था। 12 मार्च को भाजपा की जीत पर पटाखे बजाने पर बृजेश का विवाद दीपू से हुआ था। इसके अलावा दोनों प्लाटिंग का काम करते थे और इसे लेकर उनमें व्यवसायिक प्रतिद्वंदिता भी थी। जितेंद्र व उसके पिता को बृजेश ने पूर्व में पीटा था, इसे लेकर वह खुन्नस रखता था।

समन्वय समिति ने एडीओ पंचायत सोरांव की भाषा शैली को लेकर की निंदा

अखंड भारत संदेश

एडीओ पंचायत से ब्लॉक अधिकारियों एवम कर्मचारियों में रोष

सोरांव। जहां एक तरफ सरकार चहुमुखी विकास करना चाहती है। और इसके लिए अर्श से फर्श तक सभी अधिकारी और कर्मचारी लगे हुए है। ताकि सरकार की हर योजनाओं का लाभ जमीनी स्तर पर दिखे। और हर पात्र लाभार्थी योजना का लाभ ले सके। वहीं सोरांव ब्लॉक में एडीओ पंचायत सुरेंद्र कुमार यादव की दबंगई, तथा छुट्टियों में सरकारी कर्मचारियों से काम करवाना,और भाषा शैली सही न होना किसी से छिपा नहीं है। इसी बात को लेकर सोमवार को ब्लॉक में दिनभर गहमा गहमी रही। तथा अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपने दुःख दर्द को खंड विकास अधिकारी धीरेंद्र यादव से भी साझा किए। एवम समन्वय समिति विकास खंड सोरांव की एक आकस्मिक बैठक भी हुई। उक्त बैठक में ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी तथा सफाई कर्मचारी संगठन के सभी सदस्य उपस्थित रहे। और बैठक में अखिलेश कुमार को सर्वसम्मति से संयुक्त बैठक का अध्यक्ष चुना गया। इस बैठक में अखिलेश कुमार ग्राम पंचायत अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक की कार्यवाही आरंभ की गई। तत्पश्चात सर्वप्रथम बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने वर्तमान प्रभारी सहायक विकास अधिकारी पंचायत सुरेंद्र कुमार की कार्यप्रणाली, व्यवहार तथा भाषा शैली पर गहरा रोष व्यक्त किया। तथा उनकी कार्यशैली तथा व्यवहार की घोर निंदा की गई। इस बैठक में मिथिलेश कुमार ग्राम पंचायत अधिकारी,अजय यादव ग्राम पंचायत अधिकारी, ऋतुप्रिया ग्राम पंचायत अधिकारी, राजीव मौर्य ग्राम पंचायत अधिकारी, विजय गौतम ग्राम विकास अधिकारी,अनिल कुमार सफाई अध्यक्ष सफाई कर्मचारी संघ सोरांव सहित सभी सचिव और सफाई कर्णचारी मौजूद रहे।

अंतर्राष्ट्रीय थैलेसीमिया दिवस पर रोगियों की मदद के लिये संगठन एकजुट

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। रविवार को वर्ल्ड थैलेसीमिया डे के उपलक्ष्य में यूफोरियल यूथ सोसाइटी, प्रिम रोज शिक्षा संस्थान एवं विजय मेमोरियल चेरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान एवं जागरुकता शिविर का आयोजन इलाहाबाद नर्सिंग होम एसोसिएशन ब्लड बैंक सिविल लाइन प्रयागराज में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ निकुंज कुमार अग्रवाल, डॉ चेतन कपूर, कैप्टन मेंहदी नकवी एवं मोहम्मद नईम का माल्यार्पण करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत की गई!

कार्यक्रम का उद्देश्य था लोगो को थैलेसीमिया से पीड़ित लोगो के प्रति जागरूक करना उन्हें समय पर रक्त मुहैया कराया जा सके।इस कार्यक्रम में थैलेसीमिया मरीज और उनके माता पिता शामिल हुए और लोगों को अपनी समस्याओं से अवगत कराया उनका कहना था कि रक्त का अभाव और लोगों के बीच रक्त से जुड़ी अफवाहों के वजह से लोगों का ब्लड ना देना एवं कई सारी समस्याओं के विषय को अवगत कराया! पूरी टीम ने आश्वासन दिया कि हम ब्लड का अभाव नहीं होने देंगे और समय समय पर रक्त शिविर का आयोजन करते रहेंगे इस शिविर में लोगों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया जिसमें ज्यादातर महिलाओं ने हिस्सा लिया और मातृ दिवस को अलग रूप में मनाया! लोगों ने महिलाओं के इस जज्बे को सलाम किया शिविर को सफल बनाया! कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रिम रोज शिक्षा संस्थान के प्रबंधक श्री फरहान आलम, प्रतीक तिवारी, उस्मान अब्बास खान, वकील शैलेन्द्र कुमार तिवारी, आकांक्षा अग्रवाल, समर आलम, निधि सिंह, पिंकी चौहान,अनिमेष गुप्ता रफत अली, एवं एनएच ब्लड बैंक के मैनेजर नवीन प्रजापति साथ ही साथ यूफोरियल युथ सोसाइटी के संस्थापक श्री देवेश जयसवाल ,उपाध्यक्ष अनीश पाण्डेय, टीम के मेडिकल आफिसर मनोज त्रिपाठी, मोहम्मद सुभान, सागर सोनकर, आशीष, राहुल कुमार, सुहानी सिंह और विजय मेमोरियल ट्रस्ट से श्री संदीप श्रीवास्तव जी मौजूद रहे और इस शिविर को सफल बनाया ।

तीन साइबर ठगों की जमानत अर्जी खारिज

प्रयागराज। पश्चिम बंगाल और झारखंड के साइबर अपराध के आरोपियों चंद्रभान यादव, मोहन कुमार मंडल और तौसीफ जमां को जमानत देने से इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इन्कार कर दिया है। उनकी जमानत की अर्जी खारिज कर दी है। याची ने साइबर ठगी करने के अपराध को स्वीकार भी किया है। तीनों ने मिलकर शिकायत कर्ता घनश्याम के बैंक खाते से 17 लाख रुपए कई दौर में निकाल लिया। कोर्ट ने अपराध को गंभीरता से लिया है। इनकी निशानदेही पर दर्जनों को गिरफ्तार किया जा चुका है और कई की गिरफ्तारी के लिए छापे डालने के लिए उस राज्य की पुलिस की सहायता मांगी गई है। यह आदेश न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव ने चंद्रभान सिंह यादव व दो अन्य की जमानत अर्जी की सुनवाई करते हुए दिया है। शिकायतकर्ता केंद्रीय आयुध भंडार छिवकी नैनी का सेवानिवृत्त कर्मचारी हैं। उसने 19 अक्टूबर 20 को ऋक्क दर्ज कराई और आरोप लगाया कि एयरटेल रिचार्ज करने के लिए यूनो एप का इस्तेमाल किया। पैसे कट गये पर फोन रिचार्ज नहीं हुआ। बैंक प्रबंधक से शिकायत की तो उसने एयरटेल कंपनी से संपर्क करने की सलाह दी। इसके बाद पैसा खाते में जमा हो गया। फोनकर पूछा गया खाते में पैसे आये तो ओटीपी दें। इसके बाद कई बार पैसे कटते रहे। बैंक ने कहा नेट बैंकिंग व यूनो लाक कराए। तब तक साइबर गिरोह बैंक खाते से लगभग 17 लाख निकाल लिया था।

विदाई समारोह में बार बालाओं के साथ अश्लील डांस करने पर बिजली विभाग के जेई सस्पेंड

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। बिजली विभाग के अवर अभियंता (जेई) को बार बालाओं के साथ ठुमका लगाना भारी पड़ गया है। विभाग ने जांच में जेई को दोषी पाते हुए उसे तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। सुलेमसराय में बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता राज मंगल सिंह के स्थानांतरण के उपलक्ष्य में आयोजित की गई पार्टी में अवर अभियंता आरपी रजक ने शराब और कबाब के बीच बार बालाओं के साथ अश्लील डांस किया। पार्टी में मौजूद किसी शख्स ने इसकी वीडीयो बना डाली और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वायरल वीडियो में अवर अभियंता की अश्लील हरकतें और उनकी नशे की हालत साफ दिखाई दे रही थी। सोशल मीडिया पर वीडियो के वायरल होते ही मामला शासन तक पहुंचा, जिसपर शासन ने जवाब तलब कर लिया। इसके बाद विभागीय अधिकारियों से जांच करायी गई।जांच में आरपी रजक के डांस को अमर्यादित और अश्लील माना गया। जिसके बाद उन्हें अधीक्षण अभियंता राजीव कुमार सिंह ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। जबकि वीडियो में मौजूद अन्य संविदाकर्मियों के खिलाफ भी जांच के आदेश दे दिए और उनपर भी विभागीय कार्रवाई करने की बात कही।

विभाग ने उनके कृत्य को अमर्यादित माना :

बमरौली स्थित विद्युत नगरीय वितरण खंड में तैनात रहे अधिशासी अभियंता राज मंगल सिंह का कुछ दिन पहले ही स्थानांतरण हुआ था। उनको विदाई देने के लिए ही चार मई को पार्टी का आयोजन किया गया था। बताया जा रहा है कि वायरल वीडियो उसी पार्टी का है।उसी विदाई समारोह में कुछ बार बालाएं भी बुलाई गई थी, जिनके साथ अवर अभियंता आरपी रजक और कुछ संविदाकर्मियों ने जमकर ठुमके लगाए थे। विभागीय अधिकारियों ने अवर अभियंता के इस कृत्य को अमर्यादित माना और उन्हें बिना किसी हिदायत दिए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। साथ ही विभाग के सभी कर्मचारियों को अनुशासन में रहने की चेतावनी भी दी।विभाग के अवर अभियंता की इस करतूत का वीडियो प्रकाश में आया था, जिसके बाद ही इसकी जांच कराई गई। जांच में अवर अभियंता समेत कुछ संविदाकर्मियों की पहचान की गई है। अवर अभियंता को तत्काल प्रभाव से संस्पेंड कर दिया गया है जबकि संविदाकर्मियों के खिलाफ भी कड़ा एक्शन लेने की तैयारी है। मामले में लिप्त सभी संविदाकर्मियों को नौकरी से हाथ धोना पड़ेगा। विभाग ऐसे कृत्य को कभी माफ नहीं करेगा। सभी को अपनी मयार्दा में रहकर ही नौकरी करनी होगी।

राजीव कुमार सिंह, अधीक्षण अभियंता

क्राइम कंट्रोल के मद्देनजर प्रत्येक सोमवार को बैंक में चेकिंग करती पुलिस फोर्स

बैंकों में पहुंची फोर्स, हुई पूछताछ

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। क्राइम कंट्रोल के मद्देनजर एसएसपी ने हर सोमवार को बैंकों में फोर्स की तैनाती कर चेकिंग अभियान की शुरूआत की है। सोमवार सुबह थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी, राजपत्रित अधिकारी सुरक्षा के मद्देनजर चेकिंग को पहुंचे। बैंक, पेट्रोल पंप, सर्राफा मार्केट के आसपास पहुंचे पुलिसकर्मियों ने लोगों की आवाजाही पर निगाह रखी। संदिग्ध लोगों से पूछताछ की। इसी के साथ टीम ने बैंक (बिल्डिंग), बैंक मैनेजर्स और बैंकों में लगी गार्दों के गार्द कमांडर को कॉल करके जानकारी ली और अलर्ट किया।

हाईकोर्ट : समय से मुकदमों की सुनवाई न हो पाने पर वकीलों ने जताई नाराजगी

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट में मुकदमों की सुनवाई समय से न हो पाने पर वकीलों में काफी नाराजगी है। हाई कोर्ट बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी ने आज इस मामले को लेकर बैठक की और उसने तय किया मंगलवार 10 मई को हाईकोर्ट के अधिवक्ता अदालत में कोई काम नहीं करेंगे। पारित प्रस्ताव में कहा गया कि 13 मई को कार्यकारिणी की फिर से बैठक होगी और इस बीच अगर इस सिस्टम में कोई सुधार नहीं हुआ तो उस दिन आगे की कार्रवाई पर बार एसोसिएशन निर्णय लेगी।बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी ने आज प्रस्ताव पारित कर चीफ जस्टिस से अनुरोध किया है कि वह अपने सिस्टम में बदलाव लाएं ताकि केसों की सुनवाई समय से हो सके। कार्यकारिणी की बैठक में पारित हुआ प्रस्ताव प्रदेश के वादकारियों को समय से न्याय मिले। वकीलों की मांग है पूर्व की भांति हाईकोर्ट में बेंच का रोटेशन हर दो से ढाई माह के अंतराल में होते रहना चाहिए।वकीलों की परेशानी है की फ्रेश मुकदमे अगर पहली बार हाईकोर्ट में नहीं सुने गए तो दोबारा सुनवाई में महीनों समय लग जा रहा है। कोर्ट में प्रार्थना पत्र देने पर भी मुकदमा नहीं लग पा रहा है। यहां तक की कोर्ट के आदेश के बावजूद हाईकोर्ट की रजिस्ट्री मुकदमा नहीं लगा पा रही है।

वकीलों को नहीं पता कब होगी उनके केसों की सुनवाई

वकीलों का कहना है की वाद कारी सुबह - शाम फोन करके अपने केस की सुनवाई को लेकर पूछते रहते हैं और वकील यह नहीं बता पा रहा है उसका मुकदमा कब कोर्ट में लगेगा। इन्हीं परेशानियों को लेकर हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने शनिवार 7 मई को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस भी किया था और उसमें मीडिया के माध्यम से हाईकोर्ट के वकीलों की परेशानियों को उजागर किया गया था।

बीएसए फरुर्खाबाद लालजी यादव कोर्ट में हाजिर

प्रयागराज। बेसिक शिक्षा अधिकारी फरुर्खाबाद लालजी यादव इलाहाबाद हाईकोर्ट में सोमवार को हाजिर हुए। उन्होंने आदेश पालन के लिए एक हफ्ते का अतिरिक्त समय मांगा है। उन्होंने हलफनामा दाखिल कर कोर्ट को बताया कि ग्रेच्युटी पर व्याज की गणना कर ली गई है। अनुमोदन के बाद भुगतान कर दिया जायेगा। कोर्ट ने एक हफ्ते का समय दिया है। याचिका की सुनवाई 16 मई को होगी।

जानबूझकर आदेश की अवहेलना से कोर्ट थी नाराज : इससे पहले कोर्ट ने लालजी यादव के खिलाफ अवमानना आरोप निर्मित कर 21 अप्रैल को कारण बताने को कहा था कि क्यों न उन्हें जानबूझकर कोर्ट आदेश की अवहेलना करने के लिए दंडित किया जाय। 21अप्रैल को बीएसए ने अनुपालन हलफनामा दाखिल कर ग्रेच्युटी का भुगतान करने की जानकारी दी किन्तु व्याज का भुगतान नहीं किया।इस पर कोर्ट ने 26 अप्रैल को तलब किया। हाजिर न होने पर कोर्ट ने बीएसए को आदेश का पूरी तरह से पालन कर 9 मई को पेश होने का निर्देश दिया था।जिस पर हाजिर होकर बीएसए ने समय मांगा। यह आदेश न्यायमूर्ति सरल श्रीवास्तव ने देव ब्रत की अवमानना याचिका पर दिया है।मालूम हो कि याची के पिता जगदंबा प्रसाद प्राथमिक विद्यालय निविया, राजेपुर, फरुर्खाबाद में प्रधानाध्यापक के पद कार्यरत थे। सेवा काल में उनकी मृत्यु हो गई। सेवा निवृत्ति परिलाभो का भुगतान किया गया किन्तु यह कहते हुए ग्रेच्युटी का भुगतान करने से इंकार कर दिया गया कि मृत्यु से पहले याची के पिता ने 60 वर्ष की सेवानिवृत्ति विकल्प नहीं दिया है। विकल्प न देने वाले अध्यापक 62 साल की आयु तक कार्य करेंगे किंतु वे ग्रेच्युटी के हकदार नहीं होंगे।कोर्ट ने कहा कि उषा रानी केस में कोर्ट ने विकल्प भरने से पहले मृत्यु होने वाले अध्यापकों को 60 वर्ष में सेवानिवृत्त मानते हुए ग्रेच्युटी का भुगतान करने का आदेश दिया है। कोर्ट का मानना है कि विकल्प देने से पहले मौत पर यह नहीं कह सकते कि वे 62 साल का विकल्प ही देते।कोर्ट ने याची की याचिका स्वीकार करते हुए दो माह में ग्रेच्युटी के भुगतान का आदेश दिया और देरी से भुगतान पर 8फीसदी व्याज देना होगा। आदेश का पालन नहीं किया गया तो अवमानना याचिका दायर की गई। पालन का मौका देने पर भी आदेश का अनुपालन नहीं किया तो कोर्ट ने अवमानना आरोप निर्मित कर दंड देने पर कारण बताने का आदेश दिया।

छात्रा से छेड़खानी करने वाला छात्र निलंबित

प्रयागराज। इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के एक छात्र को छात्रा के साथ छेड़खानी करना महंगा पड़ गया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्र को कक्षा से निलंबित कर दिया गया है। कुलानुशासक हर्ष कुमार ने छात्र को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया है। कुलानुशासक की ओर से आरोपित छात्र जयप्रकाश को 20 मई को कार्यालय में पिता के साथ उपस्थित होने का पत्र भी भेजा गया है। इसके बाद विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से निर्णय लिया जाएगा कि छात्र के खिलाफ क्या कार्रवाई की जाए।

बोली छात्रा- छात्र ने मुझे मारा और गाली भी दी

स्नातक तृतीय वर्ष की एक छात्रा ने सोमवार को कुलानुशासक से शिकायत की। उसने आरोप लगाया कि बीए तृतीय वर्ष के छात्र जयप्रकाश नारायण ने 7 मई को एफसीआई भवन में आयोजित फ्रेशर पार्टी में उसके साथ गलत व्यवहार किया। साथ ही उसे मारा पीटा भी। अन्य छात्र-छात्राओं के कहने के बावजूद उसने उसे गालियां देते हुए जान से मारने की भी धमकी दी। बता दें कि इसके पहले भी कुछ छात्राओं के साथ छेड़खानी करने के आरोप में निलंबित किया जा चुका है।

350 प्लाटों की पीडीए जल्द शुरू करेगा बिक्री

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। शहर में अगर आप जमीन खरीदना चाहते हैं तो यह खबर आप के लिए ही है। प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) की ओर से जल्द ही विभिन्न आवास योजना के तहत 350 भूखंडों की बिक्री शुरू की जाएगी। प्लाटों की बिक्री किस योजना के तहत निकाली जाएगी इसके लिए पीडीए की ओर से एक सप्ताह के पहले आनलाइन आवेदन निकाला जाएगा। आवेदन के एक माह के भीतर प्लाटों की नीलामी की जाएगी। झूंसी, झलवा, नैनी, कालिंदीपुरम, तेलियरगंज में प्लाटों की बिक्री के लिए पीडीए प्लाट तैयार करा रहा है। इसके अलावा पीडीए की जमीन पर जिन लोगों ने कब्जा कर लिया है उसको भी खाली कराकर बिक्री की जाएगी। पीडीए की आवास योजना में 40 वर्ग मीटर से लेकर 500 वर्ग मीटर तक प्लाटों की बिक्री की जाएगी। प्लाट किस एरिया में और कितने वर्ग मीटर का होगा इसका पूरा विवरण पीडीए की वेबसाइड पर भी अपलोड किया जाएगा। इस बाबत पीडीए के सचिव का कहना है कि आवास योजना के तहत 350 से अधिक प्लाटों की बिक्री जल्द शुरू की जाएगी। पीडीए का प्लाट खरीदने के लिए लोगों को आनलाइन आवेदन करना होगा। इसके लिए जल्द ही विज्ञापन निकाला जाएगा। प्लाट तैयार कराया जा रहा है।

कंप्यूटर ऑपरेटर भर्ती के लिए टाइप टेस्ट 19 मई से

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने प्रोग्रामर श्रेणी-2/कंप्यूटर ऑपरेडटर ग्रेड-बी/प्रबंधक परीक्षा-2021 के तहत कंप्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-बी भर्ती-2021 की लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों का हिंदी एवं अंग्रेजी कंप्यूटर टाइप टेस्ट का कार्यक्रम जारी कर दिया है। टाइप टेस्ट 19, 20 एवं 21 मई को शंभू नाथ इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, झलवा में आयोजित होगा।कंप्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-बी के तीन पदों पर भर्ती के लिए लिखित परीक्षा पांच मार्च 2022 को आयोजित की गई थी। परीक्षा में सम्मिलित सभी 950 अभ्यर्थियों को टाइप टेस्ट देंगे। अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र एवं महत्वपूर्ण अनुदेश आयोग की वेबसाइट पर अपलोड हैं। अभ्यर्थी केंद्र पर दो फोटो और आईडी प्रूफ के साथ परीक्षा रिपोर्ट करेंगे। रोल नंबर 200008 से 200346 तक के अभ्यर्थियों का टेस्ट 19 मई को सुबह नौ से 11 बजे, रोल नंबर 200349 से 200664 तक अपराह्न 12 से दो एवं रोल नंबर 200666 से 200969 तक तीन से पांच बजे तक होगा।20 मई को रोल नंबर 200976 से 201286 तक का टेस्ट सुबह नौ से 11, रोल नंबर 201288 से 201626 का 12 से दो और रोल नंबर 201627 से 201931 तक का टेस्ट अपराह्न तीन से शाम पांच बजे तक होगा। वहीं, 21 मई को रोल नंबर 201932 से 202225 तक नौ से 11 और रोल नंबर 202229 से 202526 तक के अभ्यर्थियों का टेस्ट अपराह्न 12 से दो बजे तक होगा।

एक चबूतरे के लिए 19 साल से भटक रहा कारोबारी

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। साहब, हमारा सब्जी बेचने का काम है। नगर निगम में 2003 में चबूतरे के लिए पांच हजार रुपये जमा किया था। निगम ने चबूतरा आवंटित किया, लेकिन जिलेदार की मिलीभगत के कारण आज तक हमारा इस पर कब्जा नहीं हो सका है। आठ तहसील दिवस पर इसकी शिकायत कर चुके हैं अब तो कुछ इंसाफ करिए। यह कहना था नैनी के कारोबारी अनिल सोनकर का।शनिवार को सदर तहसील में समाधान दिवस पर ऐसी कई शिकायतें आईं। जिसमें विवाद का निस्तारण करने के लिए लोग बार-बार तहसील दिवस में आते रहे ओर उन्हें वापस उसी प्रक्रिया में भेजा गया। खुर्द असराम की मीना देवी की जमीन दबंगों ने अपने नाम दर्ज करा ली। चार साल से वह लड़ाई लड़ रही हैं। पिछली बार तहसील दिवस पर आईं तो लेखपाल की रिपोर्ट मांगी गई। इस बार तहसील दिवस पर आईं तो वापस तहसील कार्यालय भेजा गया। करेली की श्रेया सिंह का मोबाइल, गहना डेढ़ साल पहले छीन लिया गया। उनसे मारपीट की गई। श्रेया ने पुलिस थाना बहुत किया, नतीजा नहीं निकला। शनिवार को सदर तहसील में गुहार लगाई तो उन्हें थाने में प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए कहा गया। जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री खुद तहसील दिवस में मौजूद रहे। उनके साथ एसएसपी, एडीएम सिटी व अन्य अधिकारी थे। कई मामलों को विभागों को रेफर कर उनकी रिपोर्ट मांगी गई।

मारपीट घरेलू विवाद के मामले अधिक

समाधान दिवस पर कुल 117 मामले आए। जिसमें राजस्व के 54, पुलिस से जुड़े 09 और अन्य 54 मामले थे। अन्य में घरेलू विवाद, कहासुनी, मारपीट जैसे मामले रहे। जिसमें अधिकांश का निस्तारण मौके पर किया गया।

सूचना गुमशुदगी

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लवकुश प्रजापति उम्र 45 वर्ष पुत्र स्वा शिव प्रसाद प्रजापति निवासी ग्राम लाड़पुर मजरा कोखराज 16 वर्ष पूर्व वर्ष 2006 में गायब हो गए हैं काफी खोजने के बाद कहीं पता नहीं चला है जिस सज्जन को उनकी जानकारी मिले नीचे दिए नंबर पर सूचना देने का कष्ट करें।

मीना देवी पत्नी लवकुश प्रजापति लाडपुर कोखराज कौशांबी 7376426207

रक्तदान शिविर मे 12 महादानियों ने किया रक्तदान

रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा आयोजित हुआ रक्तदान शिविर

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। डा0 सोनेलाल पटेल स्वशाषी चिकित्सा महाविद्यालय, जिला अस्पताल, प्रतापगढ स्थित ब्लड बैंक में रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि इण्डियन रेडक्रॉस सोसायटी, प्रतापगढ़ के उपाध्यक्ष डा0 अरविन्द कुमार श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्साधिकारी प्रतापगढ़ द्वारा फीता काटकर रक्तदान शिविर का शुभारम्भ किया गया।

कार्यक्रम में डा0 आर्य देशदीपक, प्राचार्य, स्वशाषी चिकित्सा महाविद्यालय प्रतापगढ, डा0 सुरेश सिंह, अधीक्षक जिला चिकित्सालय प्रतापगढ ए0सी0एम0ओ0/चेयरमैन डा0एस0सी0एल0 द्विवेदी, एवं सचिव, इण्डियन रेडक्रॉस सोसायटी, प्रतापगढ डा0सुधाकर सिंह के साथ-साथ समाजसेवी/सदस्य रोशनलाल उमरवैश्य मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने कहा कि रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्यों से अपील है कि जैसे आज रक्तदान का कार्यक्रम हो रहा है, उसी प्रकार इस भीषण गर्मी में बेजुबान पशु पक्षियों को भी इस भीषण गर्मी में पानी और दाने की व्यवस्था करने की कृपा करें और समय-समय पर उसी प्रकार मानव सेवा का संकल्प लेकर के आगे भी मानव सेवा करने का वीणा उठाएं। समाजसेवी/सदस्य अजय क्रान्तिकारी एवं अन्य चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि डा0 अरविन्द कुमार श्रीवास्तव मुख्य चिकित्साधिकारी/उपाध्यक्ष इण्डियन रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा अपने उद्बोधन में इण्डियन रेडक्रॉस सोसायटी प्रतापगढ द्वारा संचालित जनहितकारी कार्यों के सम्बन्ध में जानकारी देते हुये आमजनमानस को इण्डियन रेडक्रॉस सोसायटी से जुड़ने हेतु आह्वान किया गया। साथ ही रक्तदान का महत्व बताते हुये उपस्थित जनसमुदाय को रक्तदान करने हेतु प्रेरित किया गया। रक्तदान शिविर में डा0 सुधाकर सिंह, विवेक मिश्रा, महेश सिंह, अजय सिंह सहित 12 रक्तदाताओं द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान किया गया।

रक्तदान शिविर का फीता काटकर उद्घाटन करते सीएमओ डा0 अरविन्द श्रीवास्तव।

शासन के प्रमुख सचिव ने भागवत कथा में की शिरकत, लिया आशीर्वाद

भागवत कथा वाचक को किया सम्मानित

अखंड भारत संदेश

बाघराय, प्रतापगढ़। बाघराय के रोर गांव में राज बहादुर सिंह के यहां चल रही भागवत कथा में कथा श्रवण करने पहुंचे उत्तर प्रदेश शासन के प्रमुख सचिव जय प्रकाश सिंह ने कथावाचक विनयकृष्ण महराज को माल्यार्पण कर स्वागत किया एवं आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस मौके पर प्रमुख सचिव ने कहा कि बड़े भाग्य से श्रीमद् भागवत कथा सुनने का अवसर प्राप्त होता है इस क्षण का लाभ उठाकर लोगों को भागवत कथा सुनकर अपना जीवन धन्य बनाना चाहिए। उन्होंने भगवान कृष्ण एवं राधा रानी की आरती उतारी एवं प्रसाद वितरण किया। इस मौके पर राज बहादुर सिंह, वीरेंद्र सिंह, उच्च न्यायालय अधिवक्ता जितेंद्र बहादुर सिंह, अजय कुमार सिंह, आदित्य सिंह, आकाश सिंह, भारत सिंह, अखिल सिंह, अभिषेक सिंह एवं सुरक्षा में प्रभारी थानाध्यक्ष गोपाल दुबे मौजूद रहे।

भागवत कथा में जयकारा लगाते प्रमुख सचिव जय प्रकाश सिंह।

एक ही रात में दो घरों मे चोरी, लाखों के जेवरात समेत नकदी उड़ाये

अखंड भारत संदेश

लालगंज प्रतापगढ़। अज्ञात चोरों ने एक ही रात दो घरों मे चोरी की घटना को अंजाम देकर लाखों के जेवरात व नकदी उड़ा ले गये। कोतवाली के खजुरी निवासी रामबरन मिश्र ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती आठ मई की रात बदमाशों ने छत के ऊपर लगे दरवाजे को तोडकर घर के अंदर दाखिल हुये। बदमाशों ने कमरे मे रखे जेवरात जिसमें सोने की मांथ बेंदी, झुमका, पायजेब, पायल आदि के साथ आलमारी मे रखे पचीस हजार रुपए नकद पर हाथ साफ कर दिया। सोमवार की सुबह परिजनों ने घर के अंदर चोरी का वाकया देखा तो होश फाख्ता हो उठे। पीड़ित ने घटना को लेकर पुलिस को लिखित तहरीर दी है। इसी तरह रविवार की रात ही गांव के जनक कुमार शुक्ल के घर भी चोरों ने दरवाजे का ताला तोडकर चोरी की घटना अंजाम दी। घर से लगे कमरे में किराने की दुकान का ताला तोडकर बदमाश पन्द्रह सौ रुपए नकद तथा किराने का कीमती सामान ले उड़े। पीड़ित ने भी घटना को लेकर पुलिस को तहरीर दी है। एक ही रात दो घरों मे चोरी की घटना से गांव तथा आसपास के इलाके मे दहशत का माहौल है। प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल का कहना है तहरीर मिली है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

....लहू की आखिरी वो बूंद हिन्दुस्तान बोलेगी

बाबा घुइसरनाथ धाम के सई तट पर हुआ कवि सम्मेलन एवं मुशायरा

शबीना अदीब को सम्मानित करते प्रमोद तिवारी व आराधना मिश्रा मोना।

अखंड भारत संदेश

लालगंज प्रतापगढ़। पौराणिक स्थली बाबा घुइसरनाथ धाम में सई तट पर रविवार की शाम हुए जश्न ए रामपुर खास में कविता, गजल, शेर व शायरी के जरिए कौमी एकता की धारा प्रवहमान हुई। राष्ट्रीय कवि सम्मेलन एवं मुशायरे में साहित्य जगत की नामचीन हस्तियों ने सुरों को धार दी तो हिन्दुस्तान जिन्दाबाद के माहौल में हजारों लोग इतरा उठे।

कार्यक्रम का शुभारंभ केन्द्रीय कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य प्रमोद तिवारी तथा कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। उद्घाटन अतिथि प्रमोद तिवारी ने कहा कि जश्न ए रामपुर खास के जरिए देश की एकता और सांस्कृतिक विरासत को यहां से मजबूत पैगाम मिलेगा। मुख्य अतिथि विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि साहित्य का सुदृढ़ वातावरण देश की आजादी से लेकर अब तक की गौरवगाथा के लिए अद्भुत अनुभूति कराया करता है। कार्यक्रम में जानी मानी शायरा शबीना अदीब, डॉ. श्लेष गौतम, नवल सुधांशु, फारूख आदिल, अभिराज पंकज, राम इटावा, प्रमोद पंकज, प्रीती पाण्डेय व रवीन्द्र अजनबी तथा डॉ. अनुज नागेन्द्र को प्रमोद तिवारी तथा आराधना मिश्रा मोना ने स्मृति चिन्ह एवं शॉल प्रदान कर सम्मानित किया। वहीं आयोजन समिति के डॉ. अनुज नागेन्द्र, प्रमुख अशोक सिंह, प्रमुख अमित सिंह, चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी, विकास मिश्र, शैलेन्द्र मिश्र, आशीष उपाध्याय ने जश्न ए रामपुर खास के प्रतीक चिन्ह व अंगवस्त्रम् से सारस्वत सम्मान किया। स्वागत भाषण डॉ. अनुज नागेन्द्र व संचालन संयोजक अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। इसके बाद मंच कवियों व शायरों के हवाले नजर आया।

चार आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा

लालगंज प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने मारपीट की घटना को लेकर चार आरोपियो के खिलाफ हत्या के प्रयास तथा धमकी का केस दर्ज किया है। कोतवाली के अमांवा के बैसन का पुरवा निवासी दीपक सिंह पुत्र हीरा सिंह ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती दो मई को रात्रि दस बजे गांव के मजरे दौलत का पुरवा निवासी विपक्षी कामता वर्मा पुत्र रामकुमार वर्मा, रामनाथ वर्मा के पुत्र कृष्णा वर्मा, रामस्वरूप के पुत्र रामरतन तथा शारदा के पुत्र सचिन ने रंजिशन पीड़ित को गाली देने लगे। मना करने पर आरोपियों ने उस पर लाठी डंडे से हमला बोल दिया।

संस्कार ग्लोबल स्कूल में हुआ मां की ममता कार्यक्रम का समापन

संस्कार ग्लोबल स्कूल में मां की आरती उतारते बच्चे।

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। संस्कार ग्लोबल स्कूल टेउंगा में मातृ दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित साप्ताहिक कार्यक्रम मां की ममता का सोमवार को समापन हुआ। मां की ममता का मंच पर जीवंत प्रस्तुति देखकर लोगों की आंखें नम हो गयी। सरदार भगत सिंह की मां के साहस और त्याग, मन्दबुद्धि बच्चे को बेहतर बनाने के लिये स्वयं की खुशी त्याग कर उसकी माँ का सफल प्रयास आदि नाटक के द्वारा श्रुति, आयुषी, अदिति, जसप्रीत, अंशिका, इशांत, वर्तिका सिंह, हस्मित, अनन्या ने अभिनय से आज के समाज की सच्चाई और मां की ममता को बयां किया।

समापन अवसर पर विद्यालय में उपस्थित सभी माताओं (शिक्षक, आया, कर्मचारी) का छात्र-छात्राओं ने अक्षत, रोली-चन्दन व पुष्प से पूजन कर आरती उतारी। उमा सिंह ने बच्चों को मां की आजीवन सेवा करने की शपथ दिलाई। संयोजन गुंजन श्रीवास्तव, शुभी अली और संचालन अविनाश सिंह ने किया। इस दौरान उमा सिंह, सन्ध्या शुक्ला, प्रकाश त्रिपाठी, दया पुष्पजीवी, विपिन सिंह, स्वाति मिश्रा, कृष्णा सिंह, लवली रावत, शिरीन, रंजना, सौरभ सिंह, प्रवीण मौर्य आदि उपस्थित रहे।

सांड़ के हमले से घायल पड़ी गाय को देखने पहुचे डॉक्टर

परियावां। विकास क्षेत्र कालाकांकर के पाइकगंज बाजार में माता मईया धाम परिसर में भैस का पड़वा गड्ढे में गिर गया था जो निकल नही पा रहा था जब लोगो की नजर पड़ी तो आवारा कुत्ते लोग पड़वा को अपना निवाला बना रहे थे किसी तरह लोगो ने बच्चे को गड्ढा से बाहर निकलवाया जिसके पैर में कुत्ते के काटने से घाव हो गए थे जो उठ नही पा रहा था जिसकी सूचना फोन पर इंचार्ज कुंडा नरेश वर्मा को दी गयी। इसी प्रकार कालाकांकर जमुना गुरुकुलम इंग्लिश मीडियम स्कूल के मुख्य गेट के सामने सांड के हमले से लगभग 20-25 दिनों से घायल पड़ी गाय को लोगों ने पन्नी की छाया करके धूप से राहत दिलाई यहां पर भी पशु विभाग का कोई अधिकारी कर्मचारी अभी तक घायल पड़ी गाय को देखने तक नही पहुचा जब कि मुख्यमंत्री का सख्त आदेश है। जानवरों के प्रति लापरवाही मिलने पर जिम्मेदार अधिकारी दोषी पाए जाएंगे।यह हाल है कालाकांकर के पशुपालन स्वाथ्य विभाग का जहॉ जानवरो की बीमारी व घायलों का उपचार करने में विभाग संकोच कर रहा है। जानवरो की चिंताजनक स्थिति की जानकारी को जिला मुख्यालय के पशु चिकित्सा अधिकारी के कुंडा इंचार्ज नरेश वर्मा को फोन पर अवगत कराया गया।

आठ परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न हुई डीएलएड परीक्षा

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। डीएलएड प्रशिक्षण सत्र 2021 प्रथम सेमेस्टर एवं बीटीसी प्रशिक्षण 2013-14-15 एवं डीएलएड प्रशिक्षण 2017-18 अवशेष एवं अनुत्तीर्ण प्रथम सेमेस्टर परीक्षा 2022 की परीक्षा जनपद प्रतापगढ़ के 8 परीक्षा केंद्रों पर तीन दिवसीय 9 मई से 11 मई 2022 तक चलने वाली परीक्षा सोमवार को प्रारंभ हुई।

प्रथम पाली का औचक निरीक्षण मोहम्मद इब्राहिम प्राचार्य एवं उप शिक्षा निदेशक डायट प्रतापगढ़ द्वारा अबुल कलाम इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ किया गया और परीक्षा संबंधी समस्त गतिविधियों को बारीकी से देखा गया और शासन की मंशा के अनुरूप परीक्षा को सुचिता पूर्ण एवं पारदर्शिता पूर्ण ढंग से एवं नकल विहीन संपन्न कराने का निर्देश भी दिया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य एवं केंद्र व्यवस्थापक आजाद अहमद पर्यवेक्षक के रुप में नामित डायट प्रतापगढ़ से सतीश चंद्र तिवारी प्रवक्ता माध्यमिक शिक्षा से डॉ मोहम्मद अनीस रहे। जिला प्रशासन से स्टैटिक मजिस्ट्रेट के रूप में राम प्रकाश सिंह जिला दिव्यांग कल्याण सशक्तिकरण अधिकारी रहे। परीक्षा प्रभारी के रूप में मोहम्मद फहीम एवं मोहम्मद खालिद आदि रहे।

परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण करते उप शिक्षा निदेशक डायट मो0 इब्राहीम

आपसी भाईचारा प्रेम सौहार्द व बंधुत्व का पर्व है ईद-होली

सनराइज गार्डन मानिकपुर में हुआ ईद होली मिलन समारोह

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ व व्यापार मंडल के संयुक्त तत्वावधान में सनराइज गार्डन मानिकपुर में ईद होली मिलन समारोह आयोजित पत्रकारों, व्यापारियों व नगरवासियों ने जमकर खेली फूलों की होली बुराई पर अच्छाई की जीत के साथ त्याग तपस्या आपसी भाईचारा प्रेम सौहार्द व बंधुत्व की भावना को आगे बढ़ाने वाला पर्व ईद व होली का त्यौहार है, क्योंकि यह दोनों पर्व आपसी भाईचारे के साथ रहने तथा समाज में अनेकता में एकता बनाए रखने का संकल्प दिलाते हैं।

सरस्वती पूजन व दीप प्रज्वलन करते हुए धार्मिक नगरी मानिकपुर स्थित सनराइज गार्डन में भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ व उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित ईद-होली मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक डॉक्टर भगवान प्रसाद उपाध्याय अपने संबोधन में उक्त उद्गार व्यक्त कर रहे थे।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रांतीय महामंत्री रमेश अग्रहरी ने अपने ओजस्वी व सारगर्भित उद्बोधन में कहा कि व्यापारी देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ होता है। उसकी सफलता से ही देश का विकास व उन्नति का रास्ता खुलता है। समारोह में मुख्य संयोजक वरिष्ठ व्यापारी/पत्रकार अब्दुल हाशिम, मां ज्वालामुखी देवी मंदिर ट्रस्ट सचिव डॉ विजय यादव, पुलिस उपाधीक्षक अजीत कुमार सिंह, राष्ट्रीय मुख्य महासचिव मथुरा प्रसाद धुरिया, जिलाध्यक्ष राजेंद्र केसरवानी, जिला महामंत्री संजय सोनी, सरदार कुलविंदर सिंह व प्रवीण केशरवानी, प्रबंधक सतीश शर्मा, पुरोहित संघ अध्यक्ष प्रेमनाथ दीक्षित, पंडित रामभरोस मिश्रा, रामप्रताप पांडे गुड्डू ने भी समारोह को संबोधित किया।

महिला से चेन लूटने के मामले में एक संदिग्ध को पुलिस ने उठाया

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। दिनदहाड़े महिला के गले की चेन छिनने के मामले में पुलिस के हाथ अभी भी खाली हैं। हालांकि पुलिस एक ई रिक्शा चालक से इस मामले में पूछताछ कर रही थी लेकिन सीसीटीवी फुटेज के आधार पर एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है और पीड़ित महिला को पहचान के लिए बुलाया है।

पट्टी कोतवाली क्षेत्र के रमईपुर नेवादा गांव की रहने वाली उषा देवी रमाशंकर यादव अपने घर की एक महिला शांति देवी पत्नी राम सागर के साथ दो मई को पट्टी बाजार में खरीदारी करने के लिए जा रही थी। दोनों साथ में ई रिक्शा पर बैठकर पट्टी बाजार जा रही थी, जैसे ही दोनों पट्टी के समीप भरोखन यह पुलिया के समीप पहुंची पीछे से एक बाइक पर सवार दो बदमाश जिसमें बाइक चालक अपने मुंह पर नकाब लगाया था पीछे बदमाश महिला के गले से चेन खींचकर भाग निकला। शोर-शराबा करने पर पट्टी की तरफ निकल भागा मौजूद लोगों ने शोर मचाया लेकिन तब तक बदमाश आगे निकल चुके थे। किसी ने पुलिस को फोन किया तो मौके पर पुलिस पहुंची लेकिन तब तक आरोपी वहां से भाग चुके थे। वहीं एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी अभी तक आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है हालांकि पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया और पीड़ित महिला उषा देवी और उसके साथ उनकी जेठानी को पट्टी कोतवाली में बुलाया और उनकी पहचान करने के लिए कहा लेकिन दोनों महिलाओं ने उक्त संदिग्ध व्यक्ति को पहचानने से इंकार कर दिया पुलिस अब भी मामले की तहकीकात में जुटी हुई है।

सोते हुए युवक पर गिरी कच्ची दीवार से दब कर हुई मौत

परिजनों में मचा कोहराम पुलिस ने पीएम के लिए भेजा शव

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। रविवार की रात में सोते हुए युवक के ऊपर कच्ची दीवार गिर गई, जिसमें दबकर उसकी मौत हो गई।घटना की जानकारी परिजनों को सुबह हो सकी। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव का पंचनामा करके पीएम के लिए भेज दिया।

स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के जेवई के गंगा बक्श का पुरवा निवासी विनोद प्रजापति (32) पुत्र प्रेमनाथ प्रजापति मुंबई में रहकर सब्जी का व्यवसाय करता था। एक माह पूर्व वह घर आया हुआ था।

सोमवार की सुबह मुंबई जाने की भी तैयारी थी लेकिन होनी को कौन टाल सकता है। उसे क्या पता था कि एक दिन उसी के द्वारा बनाई गई दीवार उसके लिए काल बन जायेगी। कुछ ऐसा ही हुआ जब विनोंद रविवार की रात खाना खाकर एक दिन पहले मिट्टी की बनी दीवार के नीचे चारपाई विछा कर सो गया। रात में कब दीवार उसके ऊपर गिर गई इसकी जानकारी परिजनों को नहीं हो सकी। सुबह जब लोगों ने देखा तो उसे बाहर निकाला लेकिन तब तक उसकी सांसे थम चुकी थी। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव का पंचनामा करके पीएम के लिए भेज दिया। वहीं बेटे आर्यन (10) व अंकुश (3) के साथ ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है।

अनियंत्रित टेम्पो पलटने से आधा दर्जन मजदूर जख्मी

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। पट्टी तहसील क्षेत्र के आसपुर देवसरा क्षेत्र में जिला मुख्यालय से मजदूरी करने आए आधा दर्जन मजदूर टेंपो पलटने से गंभीर रूप से जख्मी हो गए। अनियंत्रित टेंपो 10 फिट खाई में जा गिरी। जिसके बाद सभी मजदूर बुरी तरीके से जख्मी हो गए। मौजूद लोगों ने किसी तरह उन्हें गड्ढे से बाहर निकाला और एंबुलेंस की सहायता से नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भेज दिया।

पट्टी तहसील क्षेत्र के आसपुर देवसरा थाना अंतर्गत ढकवा के समीप प्रतापगढ़ जिला मुख्यालय से मजदूर काम करने के लिए आए थे।

रविवार की शाम सात बजे सभी मजदूर एक टेंपो पर बैठ कर के जिला मुख्यालय जा रहे थे जैसे ही टेंपो दयाल गंज बाजार के आगे पंचतारा मोड़ के पास इंडियन आयल पेट्रोल टंकी के सामने पहुंची अचानक अनियंत्रित होकर दस फीट गहरे गड्ढे में जा गिरी, जिसके बाद मजदूर चिल्लाने लगे। जिसमे मुख्य रूप से राकेश गौतम, मिथुन गौतम, आकाश गौतम, मनोज कुमार, संतोष घायल हो गए। मौजूद राहगीरों ने सभी लोगों को गड्ढे से बाहर निकाला और उसके बाद सभी को एंबुलेंस की सहायता से नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र अमरगढ़ ले गए। प्रत्यक्षदर्शियों तथा ग्रामीणों ने बताया कि जिन मजदूरों को बाहर निकाला गया सभी ने शराब का सेवन किया था इस बात की भी आशंका जताई जा रही है कि टेंपो चालक ने भी शराब पी रखी थी जिसके बाद यह हादसा हुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराए जाने के बाद सभी मजदूरों का मरहम पट्टी की गई।

खबर संक्षेप

अनियंत्रित टवेरा ने बाइक सवारों को मारी टक्कर तीन लहूलुहान

कौशाम्बी। कोखराज थाना क्षेत्र के बिसारा के पास सोमवार सुबह अनियंत्रित कार ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी है जिससे 3 लोग घायल हो गए हैं बाइक सवारों को टक्कर मारने के बाद कार चालक अनियंत्रित हो गया और डिवाइडर में जा टकराया हाला की कार में सवार लोगों को चोटें नहीं आई हैं हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर आसपास के लोग एकत्रित हो गए हैं मामले की सूचना पुलिस को दी गई है घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है हादसे के बाद टवेरा सवार युवक घटनास्थल से भाग निकले हैं।

जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना के नौढ़िया गांव निवासी गुलाब सिंह (56) अपने बेटे संतलाल व बहू सुषमा के साथ दवा लेने मंझनपुर जा रहे थे। जैसे ही बाइक सवार बिसारा गांव के समीप पहुंचे तभी सामने से आ रही टवेरा ने बाइक सवारों को टक्कर मार दिया हादसे में बाइक सवार सड़क पर गिरकर तड़पने लगे घटना में बाइक सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हादसे के बाद टवेरा चालक का संतुलन बिगड़ गया और वह अनियंत्रित होकर डिवाइडर में भिड़ गया। हादसा देख राहगीरों ने एंबुलेंस को फोन किया। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने बाइक सवार तीनों घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है उधर घटना के बाद टवेरा सवार लोग मौके से भाग निकले। बताया जा रहा है कि टवेरा चरवा कोतवाली के समसपुर गांव से मंझनपुर इलाके में एक दुल्हन को विदा कराने के लिए आ रही थी घटना के वक्त टवेरा में विवाहिता के मायके वाले सवार थे घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने टवेरा को कब्जे में ले लिया है।

व्यापारियों की समस्याओं का तत्काल किया जाय समाधान : जिलाधिकारी

अखंड भारत संदेश

जिलाधिकारी ने की जिला स्तरीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक

उद्योग बंधु की बैठक में बोलते डीएम

कौशाम्बी। जिलाधिकारी सुजीत कुमार की अध्यक्षता में उदयन सभागार में जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने उद्यमियों की समस्याओं को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को तत्काल निस्तारण के निर्देश दियें। बैठक में उपायुक्त उद्योग ने बताया कि निवेश मित्र पोर्टल पर विगत एक माह में कुल 277 प्रकरण प्राप्त हुए है, जिसमें से 15 प्रकरण विभिन्न विभागों के स्तर पर लंम्बित है, जिसमें से प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड के-03, कृषि विभाग के-07, उ0प्र0 पावर कापोर्रेशन के-02, एक्साइज एवं श्रम विभाग के 01-01 आदि, जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त प्रकरण मुख्यमंत्री के प्राथमिकताओं में हैं, इस सम्बन्ध में उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर प्रकरण को निस्तारित करने के निर्देश दिये। बैठक में उपायुक्त उद्योग ने बताया कि पी0एम0ई0जी0पी0 योजना के तहत 48 लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 12 आवेदन बैंको द्वारा स्वीकृत हो चुके है। इसी प्रकार एम0वाई0एस0वाई0 योजना के तहत 45 लक्ष्य के सापेक्ष 03 आवेदन बैंको द्वारा स्वीकृत हुए हैं, जिस पर जिलाधिकारी ने आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये बैठक में नये औद्योगिक क्षेत्र को विकसित करने के सम्बन्ध में बताया गया कि तहसील मंझनपुर के ग्राम गौसपुर टिकरी एवं भेलखा में 122.22 हेक्टेयर भूमि चिन्हित की गयी है, जिस पर आवश्यक कार्यवाही सम्बन्धित लेखपाल व कानून-गो द्वारा तैयार की जा रही है, जिस पर डीएम ने आरएमएम यूपीएसआईडीसी से कहा कि आ रही समस्याओं का शीघ्र निस्तारण कराकर प्रस्ताव शासन को तत्काल प्रषित कर दिया जाय बैठक में जनपद कौशाम्बी में ओ0डी0ओ0पी0 योजना के अन्तर्गत केला क्लस्टर बनाये जाने की प्रगति के सम्बन्ध में उपायुक्त उद्योग ने बताया कि लखनऊ में उच्च स्तरीय ओ0डी0ओ0पी0 क्लस्टर सेल की बैठक हो चुकी है, जिसमें सैद्धान्तिक स्वीकृति पर विचार किया गया है, अग्रिम कार्यवाही आयुक्त एवं निदेशक, उद्योग, ओ0डी0ओ0पी0 प्रकोष्ठ, निर्यात भवन, लखनऊ द्वारा की जा रही है।

बैठक में बैंक आफ बड़ौदा करारी में कैश व बैंक ड्राफ की समस्या के सम्बन्ध में बताया गया कि जनपद में करेन्सी चेस्ट न होने के कारण समस्या आ रही है, जिस पर जिलाधिकारी ने एल0डी0डम0 को करेन्सी चेस्ट बनाये जाने हेतु सम्बन्धित को पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिये है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी सहित अन्य समबन्धित अधिकारीगण एंव उद्यमीगण उपस्थित रहें।

लौधना के पास दो बाइको की भिडंत मे एक की मौत तीन घायल

कौशाम्बी। पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के मिरदाहन का पुरवा गांव निवासी दो युवक बाइक से धाता थाना क्षेत्र गए थे वापस लौटते वक्त लौधना के पास उनकी बाइक सामने से आ रही बाइक से टकरा गई है इस हादसे में मिरदाहन के पुरवा गांव के एक युवक की मौके पर मौत हो गई है दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में 3 लोग गंभीर घायल हैं घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है और मृतक के शव को कब्जे में लेकर स्थानीय पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटनाक्रम के मुताबिक पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के मिरदाहन का पुरवा गांव निवासी सुनील कुमार सरोज झल्लर अपने एक अन्य साथी के साथ अपने ननिहाल भुरचुनी गांव गए थे रविवार की देर शाम सुनील कुमार अपने साथी के साथ बाइक से अपने घर मिरदाहन का पुरवा वापस जा रहे थे कौशांबी की तरफ से वापस लौट रहे बाइक सवार अब्बास असफाक और एहसान अपने घर अंजना कबीर जा रहे थे तभी कौशांबी धाता सीमा क्षेत्र में लौधना गांव से कुछ आगे बाइक से बाइक की जोरदार भिड़ंत हो गई दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में सुनील सरोज उम्र पचीस वर्ष की मौके पर म्रत्यु हो गई और हादसे में घायल तीनो युवकों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मैं भर्ती कराया गया जहां तीनों लोगों की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने घायलों को जिला अस्पताल के लिये रिफर कर दिया है।

बसेरे बसे नहीं, खंडहर हो रही करोड़ों की काशीराम कालोनी

कमीशन खोरी लापरवाही से बनी कालोनी में सरकारी धन का किया गया दुरूपयोग

अखंड भारत संदेश

अझुवा कौशाम्बी। नगर पंचायत अझुवा के नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पीछे बनी करोड़ों रुपए की कांशी राम कॉलोनी बबार्दी की कगार पर पहुंच गई जानकारी के लिए बताएं यह कॉलोनी मायावती शासन काल 2011 में निर्माण हुआ था जिसमें कई ब्लाकों में लगभग 597 कालोनियों का निर्माण किया गया जिसमें पंपिंग सेट सहित सभी सुविधाएं सरकार के आदेशानुसार उपलब्ध कराई गई कालोनी आवंटन में जिम्मेदारों ने खेल करते हुए बिना जरूरतमंदों को कालोनियों का बंटवारा कर दिया उन लोगों के नाम भी कालोनी अलॉट हो गयी जो नगर पंचायत अझुवा के निवासी भी नही थे लेकिन 10 वर्ष बीते आज भी वह कालोनियां वीरान पड़ी हुई है वह भी लाभार्थी उस कॉलोनी में रहने नहीं गया जब इस संबंध में मौजूदा अधिशासी अधिकारी सूर्य प्रकाश गुप्ता से बात की गई तो उन्होंने बताया कालोनियों का आवंटन बहुत पहले हो चुका लेकिन उन कालोनियों में लाभार्थी रहने क्यों नहीं गए यह कोई नहीं बता सकता ज्ञात हो यह कालोनियां ससुर खदेरी नदी से थोड़ी दूर पर जंगल में बनी कालोनिया है जिसमें लाभार्थियों के लिए पूरा साज-सज्जा शौचालय पानी की सप्लाई सहित सभी सुविधाएं उपलब्ध थी आखिर वजहक्या रही कि लाभार्थी इन कालोनियों में निवास करने नहीं गए जब मौके पर जाकर देखा गया तो कालोनियों के दरवाजे खिड़की एंगल चोर उखाड़ ले गए हैं कालोनिया तहस-नहस हो रही है सरकारी संपत्ति का दुरुपयोग का जिम्मेदार कौन होगा करोड़ों रुपए की जो कमीशन बाजी हुई है उसका जिम्मेदार कौन होगा क्या योगी सरकार और उनके अधिकारी जर्जर हो रही करोड़ों की संपत्ति को बंचा पाएगी य खंडहर में तब्दील हो जाएगी। कांसीराम कालोनी का निर्माण 2 भागों में किया गया था।

नगर वासियों के अनुसार पहले भाग की कालोनियों में पात्रता के लिए कई चक्र में सर्वे हुआ था प्रथम भाग में कुछ कालोनियों का आवंटन किया गया बड़ी बड़ी फोटो खिंचवाकर प्रचार भी किया गया आज की स्थिति में कांशीराम कालोनी में अराजक तत्वों का जमावड़ा लगता है रसूखदार लोग बाहरी लोगों जो कहीं से भाग कर आये हों कुछ क्राइम वालों को अपने रसूख के बल पर कालोनियों में रखे हैं दूसरे भाग की कालोनियां पूर्ण रूप से वीरान और जीर्ण शीर्ण हो रही हैं जिसकी रखरखाव का कोई जिम्मेदार नही दिखाई देता है आखिर सरकारी धन संपत्ति के दुरुपयोग का जिम्मेदार कौन है क्या योगी सरकार के अधिकारी वीरान हो रही कालोनी को संज्ञान लेंगे।

सबको एक साथ खानी है फाइलेरिया की दवा : सीएमओ

अखंड भारत संदेश

मीडिया के सहयोग से फाइलेरिया का उन्मूलन करेगा स्वास्थ्य विभाग

फाइलेरिया की मीडिया कार्यशाला में बोलते सीएमओ

कौशांबी। स्वास्थ्य संचार सुद्धढी करण हेतु एक दिवसीय मीडिया कार्यशाला का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के सभागार में आयोजित किया गया इस कार्यशाला में मुख्य चिकित्सा अधिकारी के सी रॉय ने दावा किया है कि 84% तक लोगों ने फाइलेरिया की दवा खा ली है शेष बचे लोगों को मीडिया के सहयोग से फाइलेरिया की दवा खिलाई जाएगी उन्होंने मीडिया के लोगों से सहयोग करने की अपील की है अंत में उन्होंने फाइलेरिया को जड़ से खत्म करने के लिए मीडिया को शपथ दिलाई है। इस मौके पर अनुपमा मिश्रा फाइलेरिया अधिकारी ने कहा कि कौशांबी जिला फाइलेरिया मुक्त की ओर बढ़ रहा है जिले में 19 लाख की आबादी है और 17 लाख लोगों ने फाइलेरिया की दवा खा ली है हम सफलता की ओर बढ़ रहे हैं उन्होंने कहा कि फाइलेरिया उन्मूलन तभी संभव है जब सामूहिक रूप से दवा का सेवन किया जाएगा इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि फाइलेरिया मच्छर से फैलता है और जब एक मच्छर ने फाइलेरिया से ग्रसित रोगी को काट लिया और वही मच्छर जब दूसरे ब्यक्ति को काट लेता है तो दूसरे रोगी को भी फाइलेरिया हो जाता है इसलिए हमें फाइलेरिया से बचना है उन्होंने बताया कि फाइलेरिया को हम कंट्रोल कर चुके हैं समूल नष्ट करने की कोशिश में आगे बढ़ रहे हैं सबको दवा खाने हैं और यदि अलग-अलग दवा खाएंगे तो फाइलेरिया नष्ट नहीं होगा इसलिए सब लोगों को सामूहिक रूप से फाइलेरिया की दवा खानी है उन्होंने बताया कि 1619 टीम के सदस्य घर-घर जाकर फाइलेरिया की दवा खिलाएंगे उन्होंने कहा कि फाइलेरिया के मर्ज बढ़ने पर व्यक्ति हाइड्रोसील की समस्या से ग्रसित हो जाता है जिसका इलाज सरकारी अस्पताल में आसानी से होता है उन्होंने कहा कि निजी अस्पतालों में हाइड्रोसील के ऑपरेशन में आने वाले लंबे खर्चे से लोग बचे और सीएमओ ऑफिस से संपर्क कर सरकारी अस्पताल में हाइड्रोसील के ऑपरेशन कराएं उन्हें सहयोग दिया जाएगा इस मौके पर डॉ डीएस यादव प्रीति जी भी मौजूद रही।

आखिर एआरटीओ के सामने कौन सी परिस्थिति आ गई कि गनर की सुरक्षा घेरे में हुए कैद

बिना परमिट के प्राइवेट बसों का बेखौफ तरीके से हो रहा था संचालन

कौशाम्बी। एआरटीओ कौशांबी तारकेश्वर मल्ल की तैनाती के बाद जिले की परिवहन व्यवस्था पुराने ढर्रे पर सामान्य तरीके से चल रही थी बेलगाम ट्रक चालक ओवरलोड बालू गिट्टी बेखौफ तरीके से ढो रहे थे जिले के विभिन्न सड़कों पर बिना परमिट के प्राइवेट बसों का संचालन बेखौफ तरीके से हो रहा था एआरटीओ तारकेश्वर मल्ल की तैनाती के बाद जिले में सब कुछ सामान्य तरीके से रहने के बाद आखिर उनके सामने कौन सी ऐसी परिस्थिति बदली की उन्हें गनर के सुरक्षा कर्मियों की फौज के बीच में रहने की जरूरत पड़ गई कहीं ऐसा नहीं कि अवैध वाहनों से उन्हें खतरा बढ़ गया हो। सब कुछ सामान्य तरीके से होने के बाद भी जिले की सड़कों पर बालू और गिट्टी लदे ओवरलोड वाहन बेखौफ तरीके से फरार्टा भरते रहे है ओवरलोड वाहनों के फरार्टा भरने के मामले में विभाग के अधिकारियों का चोली दामन का साथ रहा और अरसे से इस व्यवस्था पर विभाग से चोली दामन के साथ चलते सब कुछ सामान्य तरीके से वर्तमान में भी चल रहा है ओवरलोड बेखौफ तरीके से सड़कों पर फरार्टा भर रहे हैं लेकिन फिर भी अचानक उनके सामने ऐसी कौन सी परिस्थिति उत्पन्न हो गई है जिससे उन्हें गनर की फौज के बीच में चलने की जरूरत महसूस होने लगी है जबकि एआरटीओ के पास विभाग के पहले से तमाम गनर मौजूद हैं लेकिन पुलिस विभाग से अतिरिक्त गनर लेकर कहीं अवैध वसूली की योजना तो नहीं बनाई गई है यह एक जांच का विषय है ऐसा नहीं कि इन्हें जानकारी नहीं है सब कुछ जानकारी है फिर कौन सी ऐसी परिस्थिति आ गई है कि सुरक्षा कवच की जरूरत एआरटीओ को पड़ गई है पुलिस विभाग से अतिरिक्त गनर लिए जाने के मामले की योगी सरकार ने जांच कराई तो गनर प्रेम उजागर होना तय है।

जमीनी विवाद में भाई बने भाई के दुश्मन

अखंड भारत संदेश

जमकर चले लाठी-डंडे हमले में दो भाई माँ सहित तीन लहूलुहान

पश्चिम शरीरा कौशाम्बी। पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के बरूवा गांव में जमीनी विवाद को लेकर भाई भाई के दुश्मन बन गए हैं रविवार की सुबह परिवार के बीच जमकर लाठी-डंडे चले हैं इस हमले में दो भाई और माता को चोट लगी हैं घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है घर में 2 दिन बाद 10 मई को लड़की की शादी का कार्यक्रम निर्धारित है पूरा परिवार शादी के कार्यक्रम में लगा था इसी बीच जमीनी विवाद के चलते लाठी-डंडे चलने लगे और 3 लोग लहूलुहान हो गए जिससे शादी कार्यक्रम में भी समस्याएं उत्पन्न हो गई है मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई है सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंची और आगे की कार्यवाही कर रही है जानकारी के मुताबिक बरुआ गांव निवासी पंचम लाल मौर्या के दो बेटे महेश व पहलवान हैं महेश रोजी-रोटी के चक्कर में दूसरे प्रदेश में रहकर कमाई कर रहा है आर्थिक तंगी से जूझ रहे पंचम लाल की बेटी की शादी की तारीख 10 मई निश्चित हो गई इधर लंबे समय से पंचम लाल बीमार चल रहे हैं इलाज में भी उनका लंबा खर्च हो रहा है जिस पर उन्होंने अपनी जमीन बेचकर बेटी की शादी का निर्णय लिया इस बात की जानकारी उनके बेटे महेश को लगी बहन की शादी में शामिल होने के लिए वह बाहर से घर लौटा और जमीन बेचने की बात को लेकर बीमार पिता से बहस करने लगा यह बात उसकी माता ननकी और भाई पहलवान को खराब लगी इसी बात में दोनों तरफ से वाद विवाद बढ़ गया देखते देखते लाठी-डंडे निकल आए और एक दूसरे पर बरसने लगे हमले में तीनों को चोटे आई हैं।

सऊदी से लौटे व्यक्ति को पुलिस के सहयोग से लूटने में लगी युवती

कौशाम्बी। पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के राजकुमार ने 7 वर्ष सऊदी के रेगिस्तान में कड़ी मेहनत की और उसके बाद राजकुमार सऊदी से लौटकर डेढ़ महीने पहले अपने वतन पहुंचा लेकिन राजकुमार के सऊदी से वापस लौटते ही उसकी कमाई की रकम छीनने की षड्यंत्रकारी योजनाएं बनने लगी कड़ा धाम थाना क्षेत्र के हब्बू नगर की एक बालिका ने कड़ाधाम थाने में राजकुमार के खिलाफ तहरीर दे दी बालिका का कहना है कि राजकुमार उसका प्रेमी है जबकि बालिका के मोबाइल की डीपी में दूसरे युवक के साथ उसकी फोटो लगी है इस बात का दावा राजकुमार कर रहा है बालिका की तहरीर मिलने के बाद आनन-फानन में राजकुमार को पुलिस ने पकड़ कर हवालात में बंद कर दिया मामले को लेकर लड़की और राजकुमार के परिजन थाने में एकत्रित हुए 4 घंटे तक पुलिस की मौजूदगी में थाने में दोनों पक्षों के बीच पंचायत चली पंचायत में सुलह समझौता हुआ मामले को लेकर लेनदेन भी हुआ इसके बाद दोनों पक्षों को हिदायत दी गई कि दोनों पक्ष अलग-अलग रहेंगे एक दूसरे से कोई मामला नहीं रहेगा इसी बीच राजकुमार के पिता दसऊ पासी ने अपने बेटे की शादी कोखराज थाना क्षेत्र में तय कर दी 9 मई को राजकुमार का तिलक होना था रिश्तेदार नातेदार भी राज कुमार के घर पहुंच गए सारी तैयारियां पूर्ण हो गई इस बात की जानकारी जैसे ही लड़की को लगी लड़की पश्चिम शरीरा थाना पहुंच गई और एक बार जिस प्रकार में समझौता हुआ था उसी प्रकरण को लेकर फिर पुलिस को तहरीर देकर लड़के पर आरोप लगाना शुरू कर दिया लड़की की तहरीर मिलते ही पुलिस राज कुमार के घर पहुंची और तिलक समारोह के बीच उसे थाने उठा लाई रिश्तेदारों के बीच से राजकुमार को पकड़ कर थाने लाने के बाद पूरे परिवार की सामाजिक मर्यादा बर्बाद करने में लड़की के साथ पुलिस की भी अहम भूमिका है आखिर इस पर मानवाधिकार आयोग क्या कहेगा कई घंटे से पश्चिम शरीरा थाने में दोनों पक्ष के लोग एकत्रित हैं लेन-देन की बात चल रही है ।

कंप्यूटर खरीद योजना में जमकर हो रही है धांधली !

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। शासन के निर्देश पर ग्राम पंचायत स्तर पर मिनी सचिवालय को सक्रिय करने की योजना में तेजी से कार्य शुरू हो गए हैं जल्द ही गांव-गांव मिनी सचिवालय शुरू हो सकते हैं शासन ने मिनी सचिवालय को ऑनलाइन योजना से जोड़ने का निर्देश दिया है जिसके तहत मिनी सचिवालय में कंप्यूटर कुर्सी मेज फर्नीचर खरीद शुरू हो गई है लेकिन भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों के लिए यह एक सुनहरा अवसर दिखाई पड़ रहा है और कुर्सी मेज फर्नीचर कंप्यूटर खरीद में जमकर धांधली बाजी हो रही है घटिया क्वालिटी के पुर्जे जोड़ जोड़ कर बनाए गए असेंबल कंप्यूटर खरीदकर मिनी सचिवालय सजाए जा रहे हैं योजना के बजट के मुताबिक कुर्सी मेज फर्नीचर की भी खरीद में जमकर धांधली बाजी हो रही है घटिया क्वालिटी के कुर्सी मेज फर्नीचर कम्प्यूटर खरीद कर फर्जी बिल वाउचर लगाए गए हैं विभागीय सूत्रों की बातों को मानें तो 1 लाख 77 हजार रुपए प्रत्येक ग्राम पंचायत को कुर्सी मेज कंप्यूटर खरीद के लिए मंजूरी दी गई है योजना के मुताबिक कई करोड़ रुपए कुर्सी मेज कंप्यूटर फर्नीचर खरीद करने में सरकार कौशांबी जिले में खर्च कर रही है लेकिन योजना से जुड़े लोगों के लिए यह सुनहरा मौका मिल गया है। सूत्रों की माने तो जिले के तमाम ग्राम पंचायतों में घटिया क्वालिटी के कंप्यूटर खरीदे गए हैं नेवादा विकासखंड के 2 दर्जन से अधिक ग्राम पंचायतों में घटिया क्वालिटी के कंप्यूटर खरीदे गए हैं जिसमें एडीओ पंचायत नेवादा की भी भूमिका सवालों के घेरे में है मिनी सचिवालय को सक्रिय करने की सरकार की मंशा में पंचायत विभाग के जिम्मेदारों द्वारा पलीता लगाए जाने से यह योजना सफल होती नहीं दिख रही है ग्राम पंचायतों द्वारा घटिया क्वालिटी के कंप्यूटर फर्नीचर खरीदे जाने से जल्द कंप्यूटर खराब होने की आशंका ग्रामीण जता रहे हैं जिससे ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं के लाभ नहीं मिल सकेंगे मामले की जानकारी मिलने पर जिला पंचायत राज अधिकारी ने कंप्यूटर और फर्नीचर खरीद की पत्रावली को जिले में तलब कर लिया है और अनियमितता की जांच शुरू करा दी है उनका कहना है कि जहां पर खराब कंप्यूटर खरीदे गए हैं वह बदले जा रहे हैं मंझनपुर विकासखंड क्षेत्र के तमाम ग्राम पंचायतों में घटिया क्वालिटी के लोकल कंप्यूटर खरीदे गए थे जिन्हें बदलने के निर्देश दिए गए हैं घटिया क्वालिटी के कंप्यूटर खरीद करने वाले ग्राम पंचायतों के जिम्मेदारों पर कार्यवाही का संकेत भी उन्होंने दिया है।

कई महीने से बैंक का सॉफ्टवेयर खराब लौटते है बैंक ग्राहक

बैंक ऑफ इंडिया शाखा मंझनपुर के बैंक प्रबंधक की लापरवाही से उपभोक्ता परेशान

कौशाम्बी। बैंक अधिकारियों की उदासीनता के चलते बीते कई महीने से बैंक ऑफ इंडिया शाखा मंझनपुर का कंप्यूटर का सॉफ्टवेयर खराब है खराब सॉफ्टवेयर को अपडेट कराकर ठीक कराने में बैंक के प्रबंधक ने महीनों बीत जाने के बाद भी प्रयास नहीं किया है जिससे बैंकों के तमाम कार्यों में बाधा उत्पन्न होती है और दूसरे बैंक में जाकर बैंक ग्राहकों को अपने कार्यों को पूरा कराना पड़ता है मामले की कई बार शिकायत ग्रामीणों ने शाखा प्रबंधक से की लेकिन बैंक ऑफ इंडिया मंझनपुर के शाखा प्रबंधक बैंकों की समस्या को समाधान के लिए गंभीर नहीं है बैंक शाखा से परेशान ग्राहकों ने भारतीय रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया को शिकायती पत्र भेजकर शाखा प्रबंधक की लापरवाही से अवगत कराते हुए शाखा में खराब सॉफ्टवेयर को अपडेट कराए जाने की मांग की है बताते चलें कि मंझनपुर स्थित बैंक ऑफ इंडिया की शाखा में कई महीनों से सॉफ्टवेयर अपडेट नहीं हो सका है जिससे बैंक में ड्राफ्ट सहित विभिन्न कार्य पूरी तरह से बंद हो चुके हैं बैंक में ड्राफ्ट बनाने के लिए पहुंचने वाले बैंक ग्राहकों को काउंटर में बैठे कर्मचारी सीधा जवाब दे देते हैं कि सॉफ्टवेयर खराब है जिससे बैंक ड्राफ्ट नहीं बन पाएगा जिसके चलते ग्राहकों को एक बैंक से दूसरे बैंक में चक्कर लगाना पड़ता है सबसे ज्यादा दिक्कत उन बैंक ग्राहकों को होती है जिनका खाता केवल बैंक आफ इंडिया की शाखा में है दूसरे बैंक में जाने पर ड्राफ्ट बनाने में शाखा प्रबंधक खाता मौजूद होने की बात करते हैं जब दूसरे बैंकों में ग्राहकों का बैंक खाता नहीं होता तो दूसरे बैंक में ड्राफ्ट बनाने से बैंक कर्मी आनाकानी करते हैं जिससे जोखिम भरी रकम लेकर बैंक ग्राहक इस बैंक से उस बैंक का चक्कर काटते रहते हैं आखिर बैंक में कई महीने से खराब सॉफ्टवेयर को अपडेट करने की जिम्मेदारी किसकी है लेकिन इस बात का जवाब शाखा प्रबंधक देने से कतराते हैं लोगों ने जिलाधिकारी के साथ-साथ रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया का ध्यान आकृष्ट कराते हुए लापरवाह शाखा प्रबंधक और कर्मचारियों पर कार्रवाई के साथ साथ सॉफ्टवेयर अपडेट कराए जाने की मांग की है।

बेखौफ घूम रहे हैं लाखों के गबन आरोपी

महीनों पूर्व चार ग्राम प्रधान पंचायत सचिव एडीओ पंचायत सहित कई लोगों पर सरकारी रकम में गबन करने का दर्ज हुआ मुकदमा

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। ग्राम पंचायत में विकास के नाम पर जमकर धांधली बाजी हुई थी कड़ी मेहनत के बाद जांच के दौरान आरोपियों पर सरकारी रकम में हेराफेरी करने का आरोप तय हुआ था।

मामले में 28 मार्च को कोखराज थाने में 4 ग्राम प्रधान पंचायत सचिव एडीओ पंचायत सहित कई आरोपियों पर धोखाधड़ी सरकारी रकम में गबन करने सहित कई गंभीर धाराओं में पंचायत विभाग के अधिकारियों ने मुकदमा दर्ज करा दिया और मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी करने की जिम्मेदारी पुलिस को सौंप दी लेकिन पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया है। सूत्रों की मानें तो आरोपियों को क्लीन चिट देने के नाम पर लाखों रुपए का लेन-देन हो चुका है पुलिस से समझौता होने के बाद सरकारी रकम में हेराफेरी करने वाले आरोपी बेखौफ तरीके से घूम रहे हैं उन्हें पुलिस और कानून का भय खत्म होता दिख रहा है आखिर सरकारी रकम में गबन करने वाले आरोपियों पर कार्यवाही कर सरकारी रकम को सुरक्षित करने की जवाबदेही किसकी है पंचायत विभाग भी पुलिस में मुकदमा दर्ज कराने के बाद अपनी जिम्मेदारी से अपने को मुक्त मान रहा है।

दोषी एडीओ पंचायत और पंचायत सचिव को अभी तक निलंबित करने की कार्यवाही महकमे ने नहीं की है जिस मामले को लेकर आरोप लगाए गए हैं मामले में लीपापोती कर अपने को निर्दोष साबित करने की कवायद चल रही है। सरकारी रकम में हेराफेरी धोखाधड़ी करने के मामले में मुकदमा दर्ज कराए जाने के बाद आरोपियों को बचाने का खेल चारों तरफ चल रहा है बताते चलें कि सिराथू विकासखंड क्षेत्र के रूपनारायणपुर सेलावी जमाल मऊ ऊलाचूपुर बघेला पुर ग्राम पंचायतों में विकास के नाम पर सरकारी खजाने से लाखो की रकम निकालने के बाद विकास कार्य नहीं कराए गए थे।

इस मामले में पंचायत सचिव की भूमिका सवालों के घेरे में थी एडीओ पंचायत सिराथू और खंड विकास अधिकारी सिराथू भी मूकदर्शक बने रहे पंचायत सचिव के साथ ग्राम प्रधानों ने सरकारी खजाने की रकम निकालकर हजम कर ली तमाम शिकायतों के बाद जांच के दौरान आरोपियों की कारगुजारी उजागर हुई जिस पर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया लेकिन गिरफ्तारी में हीला हवाली शुरू हो गई है मुकदमा दर्ज कराए जाने के महीनों बाद भी एक भी आरोपी पुलिस के कब्जे में नहीं पहुंच सका है जिससे पुलिसिया जांच में सवाल खड़े हो गए हैं वहीं दूसरी ओर अभी तक पंचायत सचिव को निलंबित नही किया गया है जिससे अपने कारगुजारी पर लीपापोती शुरू है।

इस संबंध में जिला विकास अधिकारी का कहना है कि जब तक मुकदमे के आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होगी तब तक वह किसी को निलंबित नहीं कर सकते हैं ग्राम पंचायतों की रकम में हेराफेरी कर धांधली करने वालों पर मुकदमा दर्ज किए जाने के बाद गिरफ्तारी और निलंबर में हीलाहवाली के मामले की ओर शासन प्रशासन को संज्ञान लेकर कठोर कार्यवाही करने की जरूरत है।

कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष ने सौंपा ज्ञापन

कौशांबी। कांग्रेस कमेटी के प्रयागराज शहर अध्यक्ष अरशद अली ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि प्रयागराज और उसके आसपास कौशांबी प्रतापगढ़ फतेहपुर जिले में अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों पर राजनैतिक विद्वेष के चलते फर्जी मुकदमा दर्ज कर उन्हें महीनों जेल में बंद कर परेशान प्रताड़ित किया जा रहा है कौड़िहार के निवर्तमान ब्लाक प्रमुख के मामले का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि इस मामले में भी प्रशासन अन्याय कर रहा है और चुनाव में हार जाने वाले व्यक्ति को प्रशासन ने कमेटी बनाकर ब्लाक प्रमुख का चार्ज दे दिया है यह अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के साथ घोर अन्याय हो रहा है उन्होंने कौशांबी जिले के कोखराज थाना क्षेत्र के टेढ़ी मोड़ पुलिस चौकी इंचार्ज पर गंभीर आरोप लगाए हैं कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष ने ज्ञापन में कहा कि राजनैतिक विद्वेष के चलते टेडीमोड चौकी इंचार्ज ने जावेद पर फर्जी मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों पर फर्जी मुकदमा दर्ज करना पुलिस बंद कर दें वरना कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक समुदाय के हित की रक्षा के लिए सड़क पर संघर्ष करने को विवश होगी।

सायरा ग्राम पंचायत में विकास के नाम पर जमकर हो रही धांधली

अखंड भारत संदेश

मिनी सचिवालय अपडेट करने के नाम पर घटिया क्वालिटी के खरीदे गए कंप्यूटर और फर्नीचर

कौशाम्बी। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार गांव की गरीब जनता को सरकारी कार्यों से संबंधित सम्पूर्ण सुविधाएं गांव में उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत हैं लेकिन ग्राम पंचायतों में ग्राम सचिव और प्रधान योगी आदित्यनाथ के निदेर्शों को पलीता लगाने में लगे हुए हैं योजना से जुड़े अधिकारी केवल तमाशबीन बनकर रह गए हैं ताजा मामला कड़ा विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत सायरा का है।

कड़ा विकास खण्ड क्षेत्र के ग्राम पंचायत सायरा में नाली खड़ंजा सीसी रोड आदि के मरम्मत और नव निर्माण के लिए आने वाले विकास की लाखों की रकम में जमकर कमीशन खोरी हो रही है घटिया क्वालिटी के निर्माण करा कर सरकारी रकम हड़पे जाने का खेल बेखौफ हो रहा है एडीओ पंचायत और खंड विकास अधिकारी गांव में हो रहे भ्रष्टाचार के मामले में तमाशबीन बने हैं चचाओं पर जाए तो एडीओ पंचायत और खंड विकास अधिकारी ग्राम पंचायतों के भ्रष्टाचार में कमीशन खोरी में लिप्त है जिससे ग्राम पंचायतों के भ्रष्टाचार की जांच कर दोषियों को दंडित करने के उनके बचाव में ऊर्जा लगाते खंड विकास अधिकारी और एडीओ पंचायत दिखाई देते हैं सायरा गांव में हैंडपंप मरम्मत के नाम पर भी जमकर धांधली बाजी हुई है गर्मी के महीने में भी लोगों को पीने की पानी की दिक्कत हो रही है कई हैंडपंप गंदे पानी दे रहे है और कई हैंडपम्प पानी नहीं उगल रहे हैं जिससे लोगों को दूरदराज से पानी लाकर प्यास बुझानी पड़ती है। योगी आदित्यनाथ सरकार ने गांव में मिनी सचिवालय को सक्रिय करने का निर्देश अधिकारियों को दिया सरकार के निर्देश पर मिनी सचिवालय में कंप्यूटर और फर्नीचर लगाए जाने हैं कंप्यूटर और फर्नीचर घटिया क्वालिटी के खरीद कर ब्रांडेड कंपनी के बिल लगाकर सरकारी खजाने से रकम निकालने का खेल सयारा ग्राम पंचायत में भी चल रहा है पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान के नेतृत्व में हेरा फेरी के इस खेल में विकास भवन के अधिकारी अपने को असहाय महसूस कर रह

संपादकीय

आर्थिक व्यवस्था में निरंतर सुधार हो रहा

कोविड के बाद पटरी से उतरी देश की आर्थिक व्यवस्था में निरंतर सुधार देखने को मिल रहा है पर जीडीपी की तुलना में अभी भी रोजगार के अवसर कम ही बढ़ रहे हैं। आज की अर्थव्यवस्था में सर्विस सेक्टर की प्रमुख भूमिका हो गई है और अब यह मानने में कोई संकोच नहीं किया जा सकता कि सर्विस सेक्टर लगभग पटरी पर आ गया है। देश में सर्वाधिक रोजगार के अवसर भी कृषि, एमएसएमई सेक्टर के बाद सर्विस सेक्टर में ही उपलब्ध होते हैं और इसमें कोई दो राय नहीं कि कोरोना में सबसे अधिक प्रभावित सर्विस सेक्टर ही हुआ है। सबकुछ बंद हो जाने से रोजगार के अवसर प्रभावित हुए और हुआ यह कि या तो रोजगार ही चला गया या फिर वेतन आदि में कटौती हो गई। इससे लोगों में निराशा आई पर ज्यों-ज्यों हालात सामान्य होने लगे हैं यह माना जाने लगा है कि अर्थव्यवस्था में तेजी के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। कोविड के कारण बड़ी संख्या में असंगठित श्रमिकों का गांवों की और पलायन हुआ है और कोरोना की नित नई लहरों की आशंकाओं के चलते अब उतनी संख्या में श्रमिक शहरों की और नहीं गए हैं जितनी संख्या में शहरों से गांवों की ओर पलायन रहा है। ऐसे में अब नई चुनौती गांवों में रोजगार के अवसर विकसित करने की हो जाती है। हालांकि मनरेगा के माध्यम से लोगों को निश्चित अवधि का रोजगार उपलब्ध कराने के प्रयास जारी है पर इसे यदि उत्पादकता से जोड़ दिया जाए तो परिणाम अधिक सकारात्मक हो सकते हैं। दरअसल कोरोना का डर अभी भी लोगों में बना हुआ है। यह दूसरी बात है कि कोरोना के प्रोटोकाल को पूरी तरह से नकार दिया गया है और अब तो भूले भटके ही लोग मास्क लगाए हुए दिखाई देते है। हालांकि जिस तरह के हालात चीन में इन दिनों चल रहे हैं और करोड़ों चीनी नागरिक लॉकडाउन भुगत रहे हैं उसे देखते हुए डरना भी जरूरी हो जाता है। पर सवाल यही है कि दो जून की रोटी का बंदोबस्त जरूरी है। रोजगार की सच्ची तस्वीर तो यह है कि बड़े उद्योगों में बहुत कम लोगों को रोजगार के बावजूद बेहतर वेतन और सुविधाएं मिलती है तो दूसरी और एमएसएमई सेक्टर या सर्विस सेक्टर में रोजगार के अवसर कम होने के साथ ही वेतन भत्ते भी प्रभावित हुए हैं। सर्विस सेक्टर में भी हालात ऐसे ही हैं। ऐसे में इस तरह के उपाय खोजने होंगे कि अर्थ व्यवस्था में सुधार के साथ साथ रोजगार के अवसर भी बढ़े और लोगों को बेहतर रोजगार मिले। इसके साथ ही कार्मिक के मनोविज्ञान को समझना होगा। कोरोना के बाद एक नई सोच विकसित हुई है जो चिंतनीय होने के साथ ही आने वाले समय के लिए गंभीर चुनौती भी है। हो यह रहा है कि कोरोना के बाद सेवा प्रदाताओं ने अपने सालों से सेवा दे रहे कार्मिकों के लिए इस तरह के हालात पैदा किए गए हैं और किए जा रहे हैं ताकि वे वहां नौकरी नहीं कर सके। इसके पीछे बढ़ती बेरोजगारों की फौज का होना है। दरअसल, पुराने कर्मचारी को अधिक पैसा देना पड़ता है जबकि नए कर्मचारी को या तो सर्विस प्रोवाइडर के माध्यम से रखा जा सकेगा या फिर कम वेतन में काम करने को तैयार होने से कम पैसा देना पड़ेगा। पर वह दिन दूर नहीं जब इसके साइड इफेक्ट सामने आने लगेंगे। पहला तो यह कि कर्मचारी का जो कमिटमेंट होता है वह नहीं मिल पाएगा।

छात्रों को एक साथ दो डिग्रियों के अवसर !!

डॉ श्रीगोपाल नारसन

स्कूलों और उच्च शिक्षा संस्थानों दोनों द्वारा ऑनलाइन, ओपन और मल्टी-मोडल शिक्षण को अत्यधिक बढ़ावा दिया गया है। इस पहल ने कोविड-19 महामारी के कारण शिक्षण की भरपाई को कम करने में मदद की है और देश के दूरस्थ और दुर्गम हिस्सों तक शिक्षा के विस्तार में बहुत योगदान देगा। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि छात्रों को एक साथ दो डिग्रियों का अवसर!! एक छात्र एक ही समय में दो स्नातक स्नातकोत्तर या डिप्लोमा पाठ्यक्रम कर सकते हैं

मानवीय जीवन में समय के चक्र की महत्वपूर्ण भूमिका होती है,क्योंकि स्थितियों परिस्थितियों के अनुसार समय का चक्र बदलते रहता है और मानवीय जीवन को समय-चक्र के पीछे चलकर अपनी जीवनशैली, स्थितियों परिस्थितियों के अनुसार ढलने के लिए मजबूर होना पड़ता है जो वर्तमान पिछले दो वर्षों से हम देख रहे हैं कि समय के चक्र नें कोरोना महामारी के भयंकर प्रकोप की स्थितियों परिस्थितियों के रास्ते से हमें लाकर और फि र आगे बढ़ाकर फिर उसमें से उबर कर लाया है जिसका शिक्षा स्वास्थ्य और वित्तीय क्षेत्र सहित अनेक क्षेत्रों ने भारी नुकसान उठाया गया है। आज हम सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में से एक शिक्षा क्षेत्र पर अति महत्वपूर्ण विस्तृत व सुधारात्मक उपायों की सुविधाओं की चर्चा करेंगे क्योंकि कोविड-19 के कारण हुई शिक्षा क्षेत्र की क्षति को छात्रों को एक साथ दो डिग्रियों के अवसर प्रदान कर गैप को भरने की महत्वपूर्ण कोशिश की जा रही है अब अधिसूचना जारी होने के बाद एक छात्र एक ही समय में दो स्नातक,स्नातकोत्तर या डिप्लोमा पाठ्यक्रम एक साथ कर सकते हैं जिसमें कुछ शर्तों बंधनों को जोड़ा गया है। हालांकि इस व्यवस्था के कुछ विपरीत परिणाम भी हो सकते हैं क्योंकि छात्रों के पास डिग्रियों का जमावड़ा होगा और उससे बेरोजगारी संघर्ष के बढ़ने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। साथियों बात अगर हम एक साथ दो डिग्रियों के अवसर की करें तो, क्या पहले किसी ने सोचा था कि कोई छात्र डिप्लोमा, ग्रेजुएशन या पोस्ट ग्रेजुएशन किसी में भी एक साथ दाखिला ले सकता है ? भारतीय छात्रों के पास अब यह स्वतंत्रता है कि वह एक ही समय में डिप्लोमा और ग्रेजुएशन अथवा ग्रेजुएशन एवं पोस्ट ग्रेजुएशन या फिर दो ग्रेजुएशन पाठ्यक्रमों में एक साथ दाखिला ले सकते हैं. उच्च शिक्षा में यह नए बदलाव यूजीसी द्वारा किए गए हैं। इस नए बदलाव के बाद अब विश्वविद्यालयों को अपने अटेंडेंस सिस्टम में भी व्यापक बदलाव करना होगा। एक साथ दो डिग्री ले रहे छात्रों कि अटेंडेंस कैसे व्यवस्थित की जाए इसके लिए नए नियम स्वयं

विश्वविद्यालय बनाएंगे। विश्वविद्यालय को न केवल अटेंडेंस सिस्टम बनाना होगा,बल्कि परीक्षा एवं प्रैक्टिकल जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के लिए भी नया कैलेंडर तैयार करना विश्वविद्यालयों का अधिकार क्षेत्र रहेगा। छात्र चाहे तो दो अलग-अलग विश्वविद्यालयों अथवा कॉलेजों से एक साथ एक समय में दो डिग्री हासिल कर सकते हैं. इसके साथ ही एक ही समय में दोनों डिग्रियां एक ही यूनिवर्सिटी से ली जा सकती है। छात्रों को एक ही समय में दो फुल टाइम डिग्री प्राप्त करने की है यह स्वतंत्रता राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत प्रदान की जा रही है। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में उपलब्ध जानकारी के अनुसार डुअल डिग्री को लेकर एक गाइडलाइन है। छात्रों को इस बात का ध्यान रखना होगा कि दो डिग्री एक साथ पूरा करने पर दोनों पाठ्यक्रमों के समय में कोई टकराव न हो अलग अलग पाठ्यक्रमों की कक्षा के समय में टकराव से बचने के लिए छात्रों को कुछ नियमों का पालन करना पड़ेगा। दोहरी डिग्री के लिए आवेदन कर रहे छात्र चाहे तो एक डिग्री फिजिकल मोड में और दूसरी ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग अथवा ऑनलाइन मोड में कर सकते हैं। यूजीसी के मुताबिक छात्रों के पास इसके अलावा भी विकल्प उपलब्ध हैं. छात्र चाहे तो दोनों डिग्री एक साथ एक समय में ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग से कर सकते हैं. इसी तरह छात्र ऑनलाइन पाठ्यक्रम में भी दो डिग्री एक साथ एक ही समय में कर सकते हैं। एक बार अधिसूचित होने के बाद, छात्र एक ही समय में दो स्नातक, स्नातकोत्तर डिग्री या डिप्लोमा पाठ्यक्रम कर सकते हैं, जब तक कि कक्षाएं आपस में न टकराएं या यदि एक या दोनों को ऑनलाइन पढ़ाया जा रहा हो। यह कदम राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुसार था, जिसने विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, कला, मानविकी और खेल सहित सभी क्षेत्रों में बहु-विषयक शिक्षा का समर्थन किया। एनईपी 2020 छात्रों को अपनी शिक्षा को निजीकृत और अनुकूलित करने के लिए जितना संभव हो उतना लचीलापन प्रदान करने की सिफारिश करता है ताकि वे सभी विषयों में बहु विषयक और समग्र शिक्षा प्राप्त कर सकें। इसलिए, यदि छात्र एक साथ दो डिग्री करना चाहते हैं, तो उनके पास अब एक विकल्प होगा। यह सब छात्रों की पसंद पर निर्भर करता है, कुमार ने कहा। ड्राफ्ट गाइडलाइंस के मुताबिक छात्र तीन तरह से दो फुल टाइम डिग्री हासिल कर सकते हैं। सबसे पहले, वे दोनों अकादमिक कार्यक्रमों को व्यक्तिगत रूप से आगे बढ़ा सकते हैं बशर्ते कि कक्षा का समय ओवरलैप न हो। दूसरा, वे एक कार्यक्रम को व्यक्तिगत रूप से और दूसरा ऑनलाइन या दूरस्थ शिक्षा में कर सकते हैं। और तीसरा, वे ऑनलाइन या दूरस्थ शिक्षा के रूप में अधिकतम दो कार्यक्रम कर सकते हैं। दो विश्वविद्यालय या कॉलेज एक दूसरे के निकट होने चाहिए। अलग-अलग शहरों में स्थित दो विश्वविद्यालयों से व्यक्तिगत रूप से दो कार्यक्रमों को आगे बढ़ाना संभव नहीं है, अधिकारी ने कुछ शर्तों को स्पष्ट करते हुए कहा, जिसमें इसकी अनुमति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि छात्र उसी कॉलेज या विश्वविद्यालय से दूसरा कार्यक्रम कर सकते हैं।यूजीसी ने यह भी आगाह किया कि इस प्रावधान के तहत आयोग या भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त उच्च शिक्षा संस्थानों से ही ऑनलाइन कार्यक्रमों की अनुमति होगी। साथियों बात अगर हम माननीय पीएम के दिनांक 7 मई 2022 को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के कार्यान्वयन में प्रगति की समीक्षा के लिए एक उच्चस्तरीय बैठक की करें तो पीआईबी के अनुसार उन्हें बताया गया किविश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार छात्रों को एक साथ दो शैक्षणिक पाठ्यक्रमों को पूरा करने की अनुमति दी गई है। उच्च शिक्षा में बहुविषयकता प्रधानमंत्री को यह भी बताया गया कि लचीलेपन और आजीवन शिक्षण के लिए मल्टीपल एंट्री-एग्जिट के दिशा-निर्देशों के साथ-साथ डिजिलॉकर प्लेटफॉर्म पर एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट लॉन्च करने से अब छात्रों को उनकी सुविधा और पसंद के अनुसार अध्ययन करना संभव हो जाएगा। स्कूलों और उच्च शिक्षा संस्थानों दोनों द्वारा ऑनलाइन, ओपन और मल्टी-मोडल शिक्षण को अत्यधिक बढ़ावा दिया गया है। इस पहल ने कोविड-19 महामारी के कारण शिक्षण की भरपाई को कम करने में मदद की है और देश के दूरस्थ और दुर्गम हिस्सों तक शिक्षा के विस्तार में बहुत योगदान देगा। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि छात्रों को एक साथ दो डिग्रियों का अवसर!! एक छात्र एक ही समय में दो स्नातक स्नातकोत्तर या डिप्लोमा पाठ्यक्रम कर सकते हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में शिक्षा क्षेत्र को स्वर्णिम बनाने की अनेक योजनाएं हैं।

देश ने समझा जलग्राम जखनी की मेड़बंदी का महत्व

उमाशंकर पाण्डेय

जल में ही सारी सिद्धियां हैं। जल में ही शक्ति है। जल में समृद्धि है। उत्तर प्रदेश के बांदा जिले का अभावग्रस्त जखनी गांव यह सिद्ध कर चुका है। यहां वर्षा जल बूंदों को रोकने की पुरखों की मेड़बंदी विधि को अपनाकर समृद्धि लाई गई है। अब देश ने मेड़बंदी का महत्व समझा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जखनी के सामुदायिक प्रयास के इस अभियान को जन अभियान बना दिया है। जल शक्ति मंत्रालय और नीति आयोग के सहयोग से हजारों गांव परंपरागत समुदाय आधारित जल संरक्षण के गुण जखनी के किसानों से बगैर पैसे के सीख रहे हैं। जखनी ने जल संरक्षण के मंत्र खेत पर मेड़ और मेड़ पर पेड़ को अपनाकर देश-दुनिया को नया रास्ता दिखाया है। सूखा और अकाल के लिए मशहूर रहे बुंदेलखंड में पानीदार बने इस गांव की कहानी पर वैज्ञानिक अध्ययन कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मेड़बंदी के माध्यम से भू-जल रोकने के लिए देशभर के प्रधानों को पत्र लिख चुके हैं। इसलिए पानी जहां गिरे, उसे वहीं रोका जाए। जिस खेत में जितना पानी होगा, वह उतना अधिक उपजाऊ होगा। मेड़ खेत को पानी देती है। खेत पानी पीकर पड़ोसी खेत को देता है। फिर खेत तालाब को पानी देता है। तालाब से कुआं, कुआं से गांव, गांव से नाली, नाली से बड़े नाला, इस नाले से नदी, नदी से समुद्र, समुद्र से सूर्य, सूर्य से बादल और बादल से खेत को पानी मिलने की यह प्राकृतिक प्रक्रिया है। मानव जीवन की सभी आवश्यकताएं जल पर निर्भर हैं। तभी जल को जीवन कहा गया है। मौसम के परंपरागत वैज्ञानिक लोककवि घाघ ने पानी रोकने के लिए मेड़बंदी को उपयुक्त माना है। मेड़बंदी से खेत में वर्षा का जल रुकता है। भू-जल संचय होता है। भू-जलस्तर बढ़ता है। विश्व में हमारी आबादी 16 प्रतिशत और जल संसाधन मात्र दो फीसदी है। देश में बड़ी संख्या में नहर, तालाब, कुओं, निजी ट्यूबवेल और सिंचाई संसाधन होने के बावजूद कई करोड़ हेक्टर भूमि की खेती वर्षा जल पर निर्भर है। 1801 से 2016 तक 47 बार सूखा पड़ चुका है। मेड़बंदी आसान तकनीक है। खेत पर तीन फीट चौड़ी और तीन फीट ऊंची मेड़ बनानी होती है। मेड़ पर औषधीय पेड़ लगाकर इस प्रक्रिया को पूरा किया जा सकता है। मेड़बंदी से जल रोकने का उल्लेख मत्स्य पुराण, जल संहिता, आदित्य स्त्रोत के अलावा ऋग्वेद में भी है। जल क्रांति के लिए मेड़बंदी आवश्यक है। सौराष्ट्र के कच्छ क्षेत्र में 1205 फीट गहराई तक पानी नहीं है। राजस्थान के कई जिलों में मालगाड़ी से पानी जाता है। खेत में पानी रोकने से गांवों का भू-जलस्तर बढ़ेगा। यह प्रयोग बुंदेलखंड के कई जिलों में सफल रहा है। ग्रामीण विकास मंत्रालय और जल शक्ति मंत्रालय पूरे देश के सूखा प्रभावित गांवों को खेतों में मेड़ बनाओ। हर गांव को जलग्राम बनाने का संदेश दे चुके हैं। अनपढ़ बालक, वृद्ध नौजवान अपने खेत में मेड़बंदी कर सकते हैं। एक व्यक्ति को जीवन में 70 हजार लीटर पीने का पानी लगता है। संपूर्ण शरीर में लगभग 80 फीसदी पानी होता है। पानी से बिजली बनती है। पानी से अमृत। पानी में देवताओं का वास है। जन्म से मृत्यु तक जल ही असली साथी है। इसलिए जल बचाएं। पानी बनाया नहीं, केवल बचाया जा सकता है। भारतीय संस्कृति पूजा प्रधान है। पूजा पवित्रता के लिए जल आवश्यक है। जल में आध्यात्मिक शक्तियां होती हैं। दुनिया की सभी पुरानी सभ्यताओं का जन्म जल के समीप अर्थात नदियों के किनारे हुआ है। दुनिया के जितने पुराने नगर हैं वे सब नदियों किनारे बसे हैं। दुनिया के सामने जल संकट है। इस समस्या से कैसे निपटा जाए। क्या रणनीति बने। सबको सोचना होगा। दुनिया में 200 करोड़ लोगों के सामने पेयजल संकट है। संयुक्त राष्ट्र संघ की रिपोर्ट के अनुसार जितने लोगों के पास मोबाइल फोन है उतने लीटर पानी उपलब्ध नहीं है। भारत में 1959 में अमेरिकी सरकार की मदद से भू-जल की खोज शुरू की गई थी। आज के युग का सर्वाधिक चर्चित शब्द जल है। जल राष्ट्रीय संपदा है। पानी हमें प्रकृति ने निशुल्क उपहार के रूप में दिया है। पानी के बिना सब सून है। गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरितमानस में कहा है- क्षिति, जल, पावक, गगन, समीरा, पांच तत्व मिल रचा शरीरा। इसलिए जखनी के जलमंत्र मेड़बंदी को अपनाना समय की जरूरत है। सरकार के आग्रह को कर्तव्य समझकर मानने की जरूरत है।

चिंतन

स्कूलों से नदारद हो रहीं हैं-"बालसभाएं"

सुनील महला

बालकों में शैक्षिक एवम सह-शैक्षिक क्षेत्र में गुणात्मक सुधार हेतु प्रत्येक शनिवार को हरेक स्कूल में चाहे वे स्कूल निजी हों या सरकारी, बाल सभाओं का आयोजन आवश्यक और नियमित रूप से किया जाना चाहिए

पहले शिक्षा अध्यापक केन्द्रित थी। आज शिक्षा बाल-केन्द्रित हो गई हैं। शिक्षा का निजीकरण भी हो चुका है। शिक्षा के निजीकरण होने और इसके बाल-केंद्रित होने के बावजूद बालकों के शैक्षिक एवम सह-शैक्षिक क्षेत्र में गुणात्मक सुधार हेतु सदियों से स्कूलों में आयोजित की जाने वाली बालसभाएं आज नदारद प्रायः सी हो गई हैं। बालसभाओं के आयोजन से बच्चों का मानसिक बोझ कम होता है और बोलने की स्वच्छंदता, स्वतंत्रता से उनका भरपूर विकास होता है। आज बच्चों के मासूम बचपन पर किताबों का बोझ है।आज मासूम, निश्छल, स्वच्छ, निर्मल एहसास वाला बचपन किताबों के बोझ तले दब गया है। खेलना, मस्ती करना और माता पिता व अध्यापकों का प्यार उसे नहीं मिल पा रहा है, जो कि पहले के जमाने में बालसभाओं के आयोजन से बच्चों को मिलता था। घर पर माता-पिता, अभिभावक तो स्कूल में अध्यापक बच्चों को स्वच्छंद बचपन देने के लिए, उनकी कल्पनाशीलता को पंख लगाने, उनकी रचनात्मक शक्तियों और उनके ज्ञान को बढ़ाने के लिए विशेषकर सरकारी स्कूलों में शनिवार के दिन बालसभाओं का आयोजन किया जाता था, जो समय के साथ साथ अब विलुप्ति के कगार पर है। बाल सभा का महत्व देखें तो इसका मुख्य उद्देश्य बालक विकास, कार्यक्रम में विद्यमान विभिन्न कमियों का पता लगाना और विद्यार्थियों के रचनात्मक ज्ञान को बढ़ाने के लिए ही इस प्रकार की सभा का आयोजन किया जाता था।वास्तव में, बालसभा भारतीय स्कूलों की एक पुरानी परंपरा रही है। शिक्षा विभाग ने समय समय पर सभी सरकारी स्कूलों में बाल सभा का आयोजन किया है। इस प्रकार की सभा का आयोजन ज्यादातर विद्यालयों में मध्यांतर के बाद में ही किये जाने की परंपरा रही है।

वास्तव में, बालसभाओं में श्लोक, कविता, भाषण, वाद-विवाद, चुटकुले, लोकोक्ति, नृत्य , खेल और पहेलियों का हल निकालना, लघु नाटक,कहानी, हास्य, किसी भी प्रकार की मनोरंजक अभिव्यक्ति, अंताक्षरी आदि को सम्मिलित किया जाता है। इसका उद्देश्य विद्यालय गतिविधियों में जनसमुदाय की सहभागिता सुनिश्चित करना, शिक्षकों में विद्यार्थियों के प्रति उत्तरदायित्व का अहसास करना, शैक्षणिक वातावरण निर्माण में सामुदायिक सहयोग की भावना का निर्माण करना, सामाजिक सौहार्द एवं समन्वय में वृद्धि करना इत्यादि हैं। हाल ही में देश में कुछेक स्थानों पर विद्यालयों में प्रत्येक शनिवार को होने वाली बाल सभाओं का आयोजन किसी सार्वजनिक स्थल पर किए जाने का निर्णय लिया है। इससे विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों, शिक्षकों के साथ ही अभिभावक और जन-समुदाय का सीधे जुड़ाव हो सकेगा।

बालकों में शैक्षिक एवम् सह- शैक्षिक क्षेत्र में गुणात्मक सुधार हेतु प्रत्येक शनिवार को हरेक स्कूल में चाहे वे स्कूल निजी हों या सरकारी, बाल सभाओं का आयोजन आवश्यक और नियमित रूप से किया जाना चाहिए। क्योंकि बालसभाएं बच्चों की रचनात्मक शक्तियों, उनके ज्ञान और कल्पनाशीलता को समाज के सामने लाती हैं। बच्चों के विकास के लिए विद्यालयों में बालसभाओं का आयोजन बहुत ही जरूरी व आवश्यक है।

महिलाओं के अधिकारों पर कैंची चलाता तालिबान

अमृतलाल मारू 'रवि'

महिलाओं को बगैर किसी भेदभाव के पुरुषों के बराबर खड़ा होने का अधिकार है। महिलाओं ने दुनिया में अपना पराक्रम दिखाकर जता दिया है कि लिंग भेद के आधार पर जो भेदभाव उसके साथ किया जाता है वह न्यायोचित नहीं है।नारी शक्ति ही नहीं सामर्थ्य से भी संपन्न है। विश्व महिला दिवस का औचित्य भी यही दशार्ता है कि अब पुरातन दौर खत्म हुआ और नारी को पुरुषों के बराबर अधिकार मिलने चाहिए।बावजूद इसके अफगानिस्तान नारी शक्ति के अधिकारों का दमन केंद्र बना हुआ है। वहां उच्च शिक्षा के बाद अब नारी को ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने पर रोक लगा दी गई है। इसके साथ ही उन्हें वस्त्रों में पूरी तरह कैद होकर घरों में

ही रहने का फरमान जारी हुआ है। जाहिर है वहां धीरे-धीरे तालिबानी राज की स्थापना होती जा रही है।

वैसे देखा जाए तो अमेरिकी प्रभुत्व के अफगानिस्तान से खत्म होते ही तालिबान की नींव रखी जाना शुरू हो गई थी। शुरू में तो वहां अधिकारों और कर्तव्यों को तवज्जो देने की बड़ी-बड़ी बातें की गई मगर कमजोर वैश्विक दबाव के चलते वहां कर्त्तव्य पालन की सख्ती के साथ ही अधिकारों के हनन का खेल शुरू हो गया है। महिलाओं को सबसे पहले शिकंजे में कसा गया है। लड़कियों की उच्च शिक्षा पर रोक तालिबान सरकार का पहला कदम था जिसका भरपूर विरोध होना था। यह संयुक्त राष्ट्र संघ की चिंता का भी विषय था जो नारी उत्थान और जागरण के बारे में बड़ी सहानुभूति रखता है। मगर दुनिया के मौन को जांचते परखते अब तालिबान सरकार ने अफगानिस्तान में महिलाओं को ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने पर रोक लगा दी है।यानि एक बार फिर योग्यता होते महिलाएं पुरुषों पर ही निर्भर रहेगी। इसके अलावा महिलाओं को सिर से पैर तक ढंके रहने के साथ ही जरूरी होने पर ही बाहर निकलने की हिदायत दी गई है। जैसे-जैसे तालिबानी सरकार को स्थायित्त्व मिलता जा रहा है वह इस्लाम के दायरे में रहकर महिलाओं के अधिकारों से खिलवाड़ नहीं करने के अपने वादे से मुकर ताजा रहा है। कल को क्या फरमान आएगा यह कहना संभव नहीं लगता।

तालिबान के पूरे होते सपनों से निश्चित रूप से महिलाओं के मौलिक अधिकार सिमटते से जा रहे हैं। यह विश्व महिला दिवस की भी तोहीन करता नजर आता है। ताजे हालातों में अगर दमनकारी ऐसे ही कदमों का सिलसिला जारी रहा और संयुक्त राष्ट्र संघ नें कोई पहल नहीं की तो यह मानना गलत नहीं होगा कि आने वाले समय में महिलाएं अपने घरों में कैद होगी और वहां तालिबानी शरिया कानून का बोलबाला हो जाएगा।

गर्मियों में हाथों की टैनिंग की देखभाल

शहनाज हुसैन

गर्मियों में त्वचा पर धूप का असर दिखने लगता है और हाथ भी इससे अछूते नहीं रह सकते। चिलचिलाती धूप हाथों की रंगत बिगाड़ देती है। शरीर के बाकी हिस्सों के मुकाबले सूर्य की किरणों का हाथों पर ज्यादा असर पड़ता है और हाथों में टैनिंग की समस्या खड़ी हो जाती है। गर्मियों में आधे बाजू के कपड़े पहनने, घर से बाहर निकलने और स्कूटर,बाइक आदि चलाने से हाथ काले पड़ जाते हैं । गर्मियों में अधिकांश महिलाएं टैनिंग से परेशान रहती हैं लेकिन उनका ध्यान चेहरे की टैनिंग में ज्यादा रहता है जबकि हाथों का ध्यान रखना भी उतना ही जरूरी होता है क्योंकि हाथों पर लोगों का ध्यान उतना ही जाता है जितना चेहरे पर। हाथों की टैनिंग को आप घरेलू उपायों से काफी हद तक दूर कर सकते हैं।

एक कटोरी में दही लें और इसमें एक चम्मच हल्दी मिलाकर बने पेस्ट को हाथों पर लगा लें तथा इसे प्रकृतिक तौर पर सूखने दें। इसके बाद हाथों को साफ ताजे पानी से धो डालें। इससे आपकी त्वचा को नमी मिलेगी और यह स्किन टैनिंग को कम करने में मदद करेगा।

एक चम्मच दही, एक चम्मच नींबू का रस और एक चम्मच चावल का पाउडर मिलाकर इसका मिश्रण तैयार कर लें ।इस लेप को हाथों पर लगा कर आधे घंटे बाद साफ ताजे पानी से धो डालें। इसे आप रोजाना कर सकती हैं और कुछ दिनों बाद हाथों की टैनिंग कम होने लगेगी।

हाथों की रंगत को निखारने में कॉफी का स्क्रब काफी मददगार साबित होता है ।एक चम्मच कॉफी, आधा चम्मच शहद और आधा चम्मच दूध लेकर कांच के बाउल में मिश्रण बना लें ।इस मिश्रण से हाथों को स्क्रब करें । खीरे के रस में ु छ बूंदे नींबू की मिलाकर बने पेस्ट को हाथों पर लगाने के 15-20 मिनट बाद ताजे पानी से धो डालिये ।इसे आप रोजाना लगा सकती हैं ।खीरे को कद्दू कस करके इसमें दो चम्मच कच्चा दूध तथा कुछ बूंदें नींबू की मिला लीजिए ।इस पेस्ट को हाथों पर लगाने के आधे घंटे बाद सामान्य पानी से धो डालिये ।इसे आप सप्ताह में दो बार उपयोग कर सकती हैं । हाथों की टैनिंग कम करने में एलोबेरा जेल काफी मददगार साबित होता है।

मैक्स वेरस्टाप्पन ने मियामी ग्रां प्री फार्मूला वन रेस जीती

मियामी गार्डन्स (अमरीका)। मैक्स वेरस्टाप्पन ने क्वालीफाईंग में की गई गलती से उबरकर यहां मियामी ग्रां प्री फार्मूला वन रेस का खिताब जीता। रेडबुल के ड्राइवर वेरस्टाप्पन क्वालीफाईंग की गलती के कारण आगे की कतार से शुरुआत नहीं कर पाए लेकिन मौजूदा विश्व चैंपियन ने इसके बाद पीछे मुड़कर नहीं देखा और

चैंपियनशिप में अभी शीर्ष चल रहे फेरारी के चार्ल्स लेकरेक को पीछे छोड़कर रेस जीती। फेरारी के कार्लोस सेंज तीसरे, रेडबुल के सर्जियो पेरेज चौथे और मर्सीडीज के जार्ज रसेल पांचवें स्थान पर रहे। वेरस्टाप्पन की यह इस सत्र की पांच रेस में तीसरी जीत है। अपने करियर की 23वीं जीत से वह अब लेकरेक से केवल 19 अंक पीछे रह गये हैं।

बेंगलुरु के ओपनर बल्लेबाज फाफ डु प्लेसिस ने हासिल की ये उपलब्धि

मुंबई। फाफ डु प्लेसिस की अगुवाई वाली रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने वानखेड़े स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 67 रन से शानदार जीत दर्ज की और एक बल्लेबाज के रूप में दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी ने 300 चौकों के मील पत्थर को हासिल किया।

आरसीबी के कप्तान ने ओपनिंग की और पारी की शुरुआत में ही विराट कोहली का विकेट गोल्डन डक पर गंवाने के बावजूद अपनी टीम को 20 ओवरों में 192/3 के स्कोर पर पहली पारी में बड़ा स्कोर बनाने में मदद की। फाफ डु प्लेसिस ने केवल 50 गेंदों में आठ चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 73 रन बनाकर शानदार बल्लेबाजी की और इस प्रक्रिया में लीग में 300 चौकों का मील का पत्थर हासिल किया।

आरसीबी के कप्तान ने आईपीएल में अपना 25वां अर्धशतक और सीजन का तीसरा अर्धशतक बनाया। दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी की पारी ने 67 रन की जोरदार जीत का मार्ग प्रशस्त किया और इस जीत के साथ आरसीबी 12 मैचों में सात जीत के साथ अंक तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गई है।

प्लेऑफ की राह मुश्किल होती देख विलियमसन का बड़ा बयान आया सामने

मुंबई। बेंगलुरु के खिलाफ हैदराबाद को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में करारी हार झेलनी पड़ी। हैदराबाद के गेंदबाज तो पिटे ही जब बल्लेबाजी करने के लिए टीम मैदान पर आई तो वह आरसीबी के गेंदबाजों के आगे टिक नहीं पाई। बेंगलुरु ने 75 रनों से यह मुकाबला जीत अंक तालिका में चौथा स्थान हासिल कर लिया है। प्लेऑफ की राह मुश्किल होती देखकर हैदराबाद के कप्तान केन विलियमसन ने बड़ा बयान दिया है। इसमें उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए काफी चुनौती भरा रहा है।

हमें दबाव से निपटने की जरूरत है। विलियमसन ने कहा कि मुझे लगता है कि पहले प्रतियोगिता में जब नई गेंद से सहायता मिलती थी तो हम निश्चित रूप से बहुत खतरनाक थे लेकिन अब ऐसा नहीं हो रहा। शायद हमें ड्रॉइंग बोर्ड पर वापस जाने की जरूरत है क्योंकि हमारे पास अगले गेम के बीच थोड़ा अंतर है। हमें थोड़ा और रचनात्मक होना होगा और गति को बदलने के तरीकों के साथ आना होगा। आज हम आउट हो गए, आरसीबी वास्तव में एक मजबूत टीम है। हमें सुधार करने की जरूरत है, लेकिन ज्यादा सोचने की जरूरत नहीं है। आज के मैच की बात करें तो हमने अच्छी शुरुआत नहीं की, इस सतह पर उनका कुल स्कोर बहुत अच्छा था।

दिल्ली 117 रन पर ऑलआऊट, चेन्नई ने 91 रन से जीता मैच

मुंबई। चेन्नई सुपर किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच आईपीएल 2022 का 55वां मैच मुंबई के डॉ. डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स अकादमी में खेला जा रहा है। दिल्ली कैपिटल्स ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया। चेन्नई ने पहले खेलते हुए रुतुराज के 41, ड्वेन कॉनवे के 87, शिवम दुबे के 32 तो अंत के ओवरों में धोनी-मोईन की पारियों की बदौलत निर्धारित 20 ओवरों में 208 रन बनाए। जवाब में खेलने उतरी दिल्ली के लिए वार्नर ने 19, मार्श ने 25 तो पंत 21 रन बनाए। लेकिन यह लक्ष्य हासिल करने के लिए नाकाफी रहे। दिल्ली की टीम 117 रन पर ही आऊट हो गई।

चेन्नई सुपर किंग्स (पहली पारी)

चेन्नई के लिए ड्वेन कॉनवे और रुतुराज गायकवाड़ ने एक बार फिर से जोरदार शुरूआत की। दोनों ने दिल्ली की पेस बैटरी की जमकर खबर ली और पहली सात ओवर में ही बिना नुकसान के 61 रन बना लिए। चेन्नई को पहला झटका 11वें ओवर की आखिरी गेंद पर लगा जब तेज गेंदबाज एनरिक की एक गेंद को मारने के चक्कर में गायकवाड़ अक्षर को कैच दे बैठे। उन्होंने 33 गेंदों में 41 रन बनाए।

ड्वेन कॉनवे का बल्ला इसके बाद भी नहीं थमा। उन्होंने लगातार तेजतर्रार शॉट लगाने जारी रखे। कॉनवे शतक से चूक गए। उन्होंने 49 गेंदों पर 7 चौके और 5 छक्कों की मदद से 87 रन बनाए। कॉनवे के आऊट होने के बाद शिवम दुबे ने भी हाथ दिखाए।

उन्होंने 19 गेंदों में 2 चौके और 2 छक्कों की मदद से 2 रन बनाए। धोनी ने आते ही दो बाऊंड्रीज लगाकर दर्शकों का उत्साह बढ़ा दिया। धोनी के साथ मोईन अली ने अंत के ओवरों में दिल्ली के गेंदबाजों की जमकर पिटाई की। 20वें ओवर में चेन्नई ने लगातार दो गेंदों पर मोईन और रॉबिन के विकेट गंवा लिए।

दिल्ली कैपिटल्स (दूसरी पारी)

दिल्ली के लिए पृथ्वी शॉ की गैरमौजूदगी में वार्नर के साथ श्रीकर भरत आए। भरत चल नहीं पाए और आठ रन बनाकर पवेलियन लौट गए। वहीं, वार्नर ने इस दौरान बड़े शॉट लगाने जारी रखे। लेकिन 5वें ओवर में वह रिवर्स स्वीप मारने के चक्कर में आऊट हो गए। उन्हें दीक्षाना ने पगबाधा आऊट किया। मिचेल मार्श ने एक छोर संभालकर बड़े शॉट लगाने जारी रखे। लेकिन आठवें ओवर में वह मोईन अली का शिकार हो गए। मिचेल ने 25 रन बनाए। कप्तान पंत ने भी आते ही आक्रमक शॉट लगाए लेकिन उन्हें भी 21 रन के स्कोर पर मोईन ने पवेलियन की राह दिखा दी। नए बल्लेबाज रिपन पटेल ने आते ही छक्का जड़ा लेकिन मोईन की अगली ही गेंद पर कॉनवे को कैच थमाकर वह पवेलियन लौट गए। गेंदबाजी पर वापस आए मुकेश चौधरी ने पहली ही गेंद पर अक्षर पटेल को पवेलियन का रास्ता दिखा दिया। पावेल भी तीन रन बनाकर चलते बने।

कुलदीप पांच रन ही बना पाए थे कि सिमरजीत ने उन्हें उथप्पा के हाथों कैच आऊट करवा दिया। आखिर में ड्वेन ब्रावो ने दो विकेट निकालकर दिल्ली की पारी सिमेट दी।

तेपे सिगेमन इंटरनेशनल शतरंज - अर्जुन नें टॉप सीड जॉर्डन से जीती बाजी ड्रॉ खेली

मालमो ,स्वीडन। तेपे सिगमन इंटरनेशनल शतरंज मे पहली बार खेल रहे भारत के युवा ग्रांड मास्टर 18 वर्षीय अर्जुन एरिगासी को प्रतियोगिता में छठी वरीयता दी गयी है और अब तक के अपने प्रदर्शन से 5 राउंड के बाद 2 जीत , 2 ड्रॉ और 1 हार से 3 अंक बनाकर वह दूसरे स्थान पर चल रहे है ।

पांचवें राउंड में अर्जुन काले मोहरो से टॉप सीड नीदरलैंड के जॉर्डन वान फॉरेस्ट से मुक़ाबला खेल रहे थे और बिशप ओपनिंग में उन्होने शुरुआत से ही खेल का संतुलन बनाए रखा था और मोहरो की अदला बदली के बीच बाजी लगभग ड्रॉ होने को थी प र्तभी खेल की 47वीं चाल में

जॉर्डन की घोड़े की गलत चाल के चलते उनके पास जीतने का एक बेहतरीन मौका था जो वह भुनाने में वह कामयाब नहीं रहे और मैच 50 चालों के बाद ड्रॉ पर खत्म हुआ । प्रतियोगिता में यूएसए के नीमन हंस का शानदार खेल पांचवें राउंड में भी जारी रहा और उन्होने स्पेन के अलेक्सी शिरोव को मात देते हुए 4 अंक बनाकर एकल बढ़त बनाए रखी है । 8 खिलाड़ियों के बीच राउंड रॉबिन आधार पर हो रही 7 राउंड की इस प्रतियोगिता में अर्जुन अंतिम दो राउंड में चेक गणराज्य के डेविड नवारा और इंग्लैंड के माइकल एडम्स से मुक़ाबला खेलेंगे ।

अन्य खिलाड़ियों में स्वीडन के निल्स ग्रंडेलीयूस 3 अंक , नीदरलैंड के जॉर्डन और इंग्लैंड के एडम्स 2.5 अंक , चेक गणराज्य के नवारा 2 अंक , यूएई के सलेम सालेह और स्पेन के शिरोव 1.5 अंक बनाकर खेल रहे है ।

महिला विश्व चैंपियनशिप : भारतीय मुक्केबाजों को मिश्रित ड्रा; लवलीना के सामने पूर्व चैम्पियन की चुनौती

नई दिल्ली। तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन इस्तांबुल में शुरू हो रही आईबीए महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के 12वें सत्र के पहले दिन पूर्व चैम्पियन चेन निएन-चिन से भिड़ेंगी। टूर्नामेंट में भारतीय मुक्केबाजों को मिश्रित ड्रॉ मिला है जिसमें बोरगोहेन (70 किग्रा) के मुकाबले से भारतीय अभियान शुरू होगा। बोरगोहेन तोक्यो ओलंपिक के क्वार्टर फाइनल में निएन-चिन को हरा चुकी है लेकिन चीनी ताइपे की मुक्केबाज ने इस टूर्नामेंट के 2018 और 2016 सत्र में क्रमश- स्वर्ण और कांस्य पदक अपने नाम किये हैं।

दो बार की एशियाई चैम्पियन पूजा रानी (81 किग्रा), नंदिनी और निकहत जरीन (52 किग्रा) को भी अपने-अपने वर्ग में कड़ा ड्रॉ मिला है। पूजा अंतिम 16 के दौर में दो बार की विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता हंगरी की तिमिया नेगी से भिड़ेंगी, जबकि नंदिनी (81 किग्रा से अधिक) को पहले दौर में बाई मिली है, लेकिन क्वार्टर फाइनल में उनका सामना मोरक्को की कांस्य पदक विजेता खदीजा अल-मर्डी से होगा। निकहत पहले दौर में मैक्सिको की हेरेरा अल्वारेज़ से भिड़ेगी। जैस्मिन (60 किग्रा) पहले दौर में दो बार की युवा एशियाई चैंपियन थाईलैंड की पोर्नटिप बुपा से भिड़ेंगी। अन्य भारतीयों में अंकुशिता (66 किग्रा) , नीतू (48 किग्रा), अनामिका (50 किग्रा), शिक्षा (54 किग्रा), मनीषा (57 किग्रा), परवीन (63 किग्रा) और स्वीटी (75 किग्रा) को अपेक्षाकृत आसान ड्रॉ मिला है।

दिल्ली को पछाड़कर बोले धोनी- यह दुनिया का अंत नहीं है...

मुंबई धोनी के हाथ कप्तानी आते ही चेन्नई सुपर किंग्स ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ एकतरफा जीत हासिल की। मैच जीतने के बाद महेंद्र सिंह धोनी ने कहा कि यह एक आदर्श खेल था। बेहतर होता कि हम इस तरह की लय कहीं पहले ही हासिल कर लेते। आज बल्लेबाजों ने वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया। हम टॉस जीतना चाहते थे और पहले क्षेत्ररक्षण करना चाहते थे, लेकिन ठीक है। टॉस हारना भी अच्छा रहा। यहां गेंद रुकती है। यह 13-14 ओवर के बाद ही व्यवहार करती है।

धोनी बोले- हमने पहली पारी में बोर्ड पर पर्याप्त स्कोर रखा था। जरूरत थी विरोधी टीम के बड़े-हिटर्स को प्रतिबंधित करने की। सिमरजीत और मुकेश जैसे गेंदबाजों को परिपक्व होने में

समय लगा है। उनके पास क्षमता है, जितना अधिक वे खेलेंगे, उन्हें खेल की उतनी ही समझ आएगा। जो उन्हें बेहतर बनाएगी। उन्हें पता चलेगा कि कौन सी गेंद कब फेंकनी चाहिए और कौन सी कब नहीं। टी-20 क्रिकेट के लिए यह जरूरी है कि गेंदबाज को पता हो कि कौन सी गेंद नहीं फेंकनी। बहरहाल, मुझे मैदान के अंदर जानकर पहले ही गेंद से मारना पसंद नहीं है। अगर हम पहले पहली 2 गेंदों में 8 रन बनाए तो यह फायदा देता है लेकिन 2 या 3 रन बनाएं तो यह नहीं। मैं गणित का बहुत बड़ा प्रशंसक नहीं हूं। स्कूल में भी मैं इसमें अच्छा नहीं था। एनआरआर के बारे में सोचने से मदद नहीं मिलती है। आप सिर्फ आईपीएल का आनंद लेना चाहते हैं।

जब दो अन्य टीमें खेल रही हों, तो आप दबाव और सोच में नहीं रहना चाहते। आपको बस यह सोचना है कि अगले गेम में क्या करना है। अगर हम प्लेऑफ में जगह बनाते हैं, तो बढिया। लेकिन अगर हम न भी करें तो यह दुनिया का अंत नहीं है।

वानिंदु हसरंगा के नाम सीजन की बैस्ट गेंदबाजी के आंकड़े दर्ज, पर्पल कैप रेस में लगाई छलांग

नई दिल्ली। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के स्पिनर वानिंदु हसरंगा ने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में एक बार फिर से अपनी गेंदबाजी से सबको चौका दिया। बेंगलुरु ने पहले खेलते हुए 192 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरे हैदराबाद की मजबूत टीम हसरंगा के पांच विकेट के कारण 125 रन पर ही सिमट गई। हसरंगा ने इसी के साथ पर्पल कैप रेस में भी लंबी छलांग लगाई है।

पर्पल कैप की स्थिति

22 युजी चहल, राजस्थान रॉयल्स
21 वानिंदु हसरंगा, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु
22 कुलदीप यादव, दिल्ली कैपिटल्स
22 कागिसो रबाडा, पंजाब किंग्स
17 टी नटराजन, सनराइजर्स हैदराबाद

वानिंदु हसरंगा की बात की जाए तो वह आरसीबी के लिए फिफर निकालने वाले चौथे गेंदबाज बने। मुंबई और राजस्थान के भी 4 गेंदबाज फिफर ले चुके हैं। इसी तरह पंजाब और कोलकाता के लिए यह आंकड़ा 3 है।

ऋषभ पंत के मैदान पर लिए गए हर फैसले का समर्थन करता हूं : पोंटिंग

नवी मुंबई । दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत के मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दौरान मैदान पर लिये गये फैसलों की भले ही पूर्व खिलाड़ियों ने आलोचना की हो लेकिन टीम के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने इस विकेटकीपर बल्लेबाज का पूरा समर्थन करते हुए कहा कि 'बाहर से निर्णय करना आसान होता है।

पंत की अगुवाई में दिल्ली ने अब तक जो 11 मैच खेले हैं उनमें से केवल पांच में उसने जीत दर्ज की है। उसे रविवार को चेन्नई सुपर किंग्स के हाथों 91 रन से करारी शिकस्त झेलनी पड़ी थी। गेंदबाजी में बदलाव और मैच में महत्वपूर्ण मोड़ पर गेंदबाजों के चयन को लेकर पंत की वीरेंद्र सहवाग जैसे पूर्व खिलाड़ियों ने आलोचना की है, लेकिन आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान पोंटिंग



ने कहा कि वह पंत के हर फैसले का पूरी तरह से समर्थन करते हैं।

पोंटिंग ने मैच के बाद कहा, ''मैं उनके (पंत) मैदान पर लिये गये हर फैसले का पूरी तरह से समर्थन करता हूं। मैंने भी टी20 में कप्तानी की है और मैं जानता हूं कि विशेषकर अत्यधिक दबाव की स्थिति में आपके पास सोचने के लिये बहुत अधिक समय नहीं होता है। उन्होंने कहा, ''बाहर बैठकर फैसले करना आसान होता है, लेकिन जब आप मैदान पर होते हैं तो यह आसान काम नहीं होता। पोंटिंग ने कहा, ''एक कप्तान बहुत कम समय में निर्णय लेता है और वह जो भी फैसला करता है उसे लगता है कि मैच की तत्कालीन परिस्थितियों में टीम के लिए सबसे अच्छा है। वह फैसले करते समय सीमा रेखा की दूरी और क्रीज पर मौजूद बल्लेबाजों जैसी चीजों को ध्यान में रखता है। पोंटिंग ने हालांकि स्वीकार किया कि चेन्नई के खिलाफ करारी हार में उनकी टीम ने खेल के सभी विभागों में खराब प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा, ''हमारी गेंदबाजी अच्छी नहीं थी। हमारी बल्लेबाजी भी बहुत खराब थी। इस मैच में हमारे लिये बहुत अधिक सकारात्मक पहलू नहीं रहे। केवल खलील अहमद का प्रदर्शन सकारात्मक पहलू रहा। उसने फिर से शानदार गेंदबाजी की।

पोंटिंग ने कहा, ''हमने 91 रन से यह मैच गंवाया जिससे हमारे नेट रन रेट पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इसका मतलब है कि हमें अपने आगामी मैचों में बहुत अच्छा प्रदर्शन करना होगा। उन्होंने हालांकि कहा कि दिल्ली की टीम अपने बाकी बचे तीनों मैच जीतकर प्लेऑफ में जगह बना सकती है।

पोंटिंग ने कहा, 'हम तीन जीत से प्लेऑफ में जगह बना सकते हैं। इसके लिये आठ जीत पर्याप्त हो सकती हैं और एक बड़ी जीत हमारे नेट रन रेट में सुधार कर सकती है। कौन जानता है हम फाइनल में भी पहुंच जाएं।

टी20 में बतौर कप्तान 6,000 रन बनाने वाले दूसरे खिलाड़ी बने धोनी

मुंबई। चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल मैच में टी-20 क्रिकेट में कप्तान के तौर पर 6,000 रन पूरे किए। वह विराट कोहली के बाद ऐसा करने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गए। जब धोनी पारी के 18वें ओवर में बल्लेबाजी करने उतरे तो उन्हें यह कीर्तिमान पूरा करने के लिए सिर्फ चार रनों की दरकार थी।

उन्होंने मिचेल मार्श की गेंद पर छक्का मारकर टी-20 क्रिकेट में अपने 6,000 रन पूरे किए। कोहली ने टी-20 क्रिकेट में बतौर कप्तान 190 मैच खेले जिसमें उन्होंने 48 अर्धशतकों और पांच शतकों की बदौलत 6,451 रन बनाए। धोनी ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आठ गेंदों में नाबाद 21 रन बनाए जिसमें एक चौका और दो छक्के शामिल थे। चेन्नई ने दिल्ली के सामने 209 रन का लक्ष्य रखा जिसके जवाब में दिल्ली 117 रन पर ही सिमट गई।

चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल मैच में टी-20 क्रिकेट में कप्तान के तौर पर 6,000 रन पूरे किए। वह विराट कोहली के बाद ऐसा करने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गए।

कोहली की खराब फॉर्म पर गावस्कर का बड़ा बयान, ड्रेसिंग रूम में बैठ...

मुंबई । रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए खेल रहे विराट कोहली का इस सीजन में निराशाजनक प्रदर्शन जारी है। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में एक बार फिर से कोहली शून्य पर आऊट हो गए। इससे पहले भी सीजन में हैदराबाद के खिलाफ खेले गए मुकाबले में वह मार्कस जेन्सन की पहली गेंद पर आऊट हो गए थे। कोहली की खराब फॉर्म को लेकर अब पूर्व क्रिकेटर सुनील गावस्कर का एक बयान आया है। उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि अगर किसी प्लेयर की फॉर्म खराब है तो वह ड्रेसिंग रूम में बैठने से ठीक नहीं होगी।

गावस्कर ने कहा कि कोहली को किसी भी हाल में मैदान नहीं छोड़ना चाहिए। जहां तक ब्रेक की बात है तो कोहली भारत के मैच नहीं मिस कर रहे हैं। भारत के मैच

पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। मेरे हिसाब से यदि आप खेलेंगे ही नहीं तो फिर आपकी फॉर्म वापस कैसे हासिल करेंगे। चेंज रूम में बैठने से आपको अपनी फॉर्म वापस नहीं मिलने वाली है। आप जितनी अधिक क्रिकेट खेलेंगे उतना ही अधिक चांस है कि आपका फॉर्म वापस आए।

बता दें कि कोहली के लिए यह संघर्ष इतना अच्छा जता नहीं दिख रहा। बेंगलुरु भले ही अंक तालिका में टॉप 4 में पहुंचने में सफल हो गई है लेकिन कोहली 12 मैचों में 19.64 की औसत के साथ 216 रन ही बना पाए हैं। उनके बल्ले से सिर्फ एक ही अर्धशतक निकला है लेकिन उसमें भी उनकी स्ट्राइक रेट 100 से कम थी। अगर ओवरऑल सीजन देखें तो कोहली 111.34 की स्ट्राइक-रेट से रन बना रहे हैं जिसे अच्छा नहीं कहा जा सकता।

अलर्टः जापान में भूकंप के झटके, रिक्टर पैमाने पर 6.1 मापी गई तीव्रता

टोक्योः जापान में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। रिक्टर स्केल पर इनकी तीव्रता 6.1 मापी गई है। यूरोपीय-मेडिटेरेनियन



सीस्मोलॉजिकल सेंटर (ईएमएससी) के मुताबिक, भूंकप का केंद्र योनागुनी शहर के दक्षिण-पश्चिम में 68 किमी की दूरी पर था। फिलहाल भूकंप में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

'महिलाओं के लिए बुर्का फरमान तालिबान पर पड़ेगा भारी, वैश्विक संबंधों पर पड़ेगा बुरा असर'

वाशिंगटन। अफगानिस्तान के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका के विशेष प्रतिनिधि थॉमस वेस्ट ने सोमवार को तालिबान द्वारा अफगान महिलाओं को सिर से पैर तक ढकने का आदेश देने के हालिया फैसले पर चिंता व्यक्त। उन्होंने कहा कि तालिबान का बुर्का फरमान उस पर भारी पड़ेगा और वैश्विक संबंधों पर नकारात्मक प्रभाव डालेगा। वेस्ट ने सिलसिलेवार ट्वीट्स में कहा, 'मैं देश भर के अफ़गानों और दुनिया भर के सहयोगियों के साथ तालिबान की नवीनतम नीतियों पर गहरी चिंता व्यक्त करता हूं जो महिलाओं और लड़कियों के अधिकारों को प्रतिबंधित करती हैं।'

उन्होंने ट्वीट किया, 'तालिबान का माध्यमिक शिक्षा और काम तक लड़कियों की पहुंच पर निरंतर प्रतिबंध, आंदोलन की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध और शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों को निशाना बनाना चिंता का विषय है । 'वेस्ट ने कहा, 'महिलाओं के प्रति तालिबान की नीतियां मानवाधिकारों का हनन हैं और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ उनके संबंधों को नकारात्मक रूप से प्रभावित करती रहेंगी।÷बता दें कि तालिबान ने शनिवार को एक फरमान जारी कर अफगान महिलाओं को सार्वजनिक स्थानों पर पूरी तरह से बुर्का पहनने का आदेश दिया और कहा कि अगर उल्लंघन किया गया तो परिवार के एक पुरुष सदस्य को तीन दिनों की जेल होगी या उसकी नौकरी जाएगी। फैसले के मुताबिक अगर कोई महिला हिजाब नहीं पहनती है तो सबसे पहले उसके अभिभावक को चेतावनी दी जाएगी। यदि वह दोबारा दोषी पाई जाती है तो उसके अभिभावक को तलब किया जाएगा और बाद में दोहराया गया तो अभिभावक को तीन दिन की कैद होगी।

पाकिस्तानी सांसद का दावाः सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चीन को पाकिस्तान पर नहीं रहा भरोसा

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के एक वरिष्ठ सांसद मुशाहिद हुसैन का कहना है कि पिछले महीने कराची विश्वविद्यालय पर हुए हमले के बाद से चीनी नागरिकों और उसकी परियोजनाओं की रक्षा करने की पाकिस्तान की सुरक्षा एजेंसियों की क्षमता में चीन का विश्वास कम हुआ है। बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) से संबंधित बुर्का पहने एक महिला आत्मघाती हमलावर ने 26 अप्रैल को कराची के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय में कन्फ्यूशियस संस्थान की एक वैन में विस्फोट किया था, जिसमें तीन चीनी शिक्षकों की मौत हो गई थी। पाकिस्तान में चीनी नागरिकों को निशाना बनाकर किया गया यह ताजा हमला है। पाकिस्तान के वरिष्ठ सीनेटर मुशाहिद हुसैन ने हमले के बाद चीनी पक्ष को लेकर दैनिक समाचार पत्र डॉन से कहा, ''इस हमले को लेकर चीन की सरकार गंभीर रूप से चिंतित और आक्रोश में है।' मुशाहिद हुसैन सीनेट रक्षा समिति के अध्यक्ष भी हैं।हुसैन के नेतृत्व में सीनेट के एक प्रतिनिधिमंडल ने पिछले हफ्ते चीनी दूतावास में जाकर विश्वविद्यालय हमले में चीनी नागरिकों की मौत पर शोक एवं संवदेना व्यक्त की थी। हुसैन ने कहा, ÷कराची विश्वविद्यालय पर हुए हमले के बाद से चीनी नागरिकों और उसकी परियोजनाओं की रक्षा करने की पाकिस्तान की सुरक्षा एजेंसियों की क्षमता में चीन का विश्वास बेहद कम हो गया है।' कराची विश्वविद्यालय पर हमला एक साल में पाकिस्तान में चीनी नागरिकों पर हुआ तीसरा आतंकवादी हमला था।

कृषि जगत के लिए चुनौती : फर्टिलाइजर के अभाव से दुनिया में और गहराई भुखमरी की आशंका

लंदन। कई जरूरी वस्तुओं की कमी का पहले से ही सामना कर रही दुनिया के सामने अब उर्वरक के अभाव की समस्या भी खड़ी हो गई है। यह सीधे तौर पर यूक्रेन युद्ध का नतीजा है। निकिल, सिलिकॉन चिप और लकड़ी की कमी के कारण दुनिया भर में उद्योग जगत पहले से परेशान है। अब कृषि जगत के लिए नई चुनौती आ खड़ी हुई है।

दुनिया भर के बाजारों में उर्वरकों के भाव तेजी से चढ़ रहे हैं। इसका असर खाद्य पदार्थों की कीमत पर पड़ रहा है। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि अगर ये रुझान जारी रहा, तो दुनिया को गहरे खाद्य संकट का सामना करना पड़ेगा।

महंगे हुए नाइट्रोजन, फॉस्फोरस और पोटैशियम

जो उर्वरक सबसे ज्यादा महंगे हुए हैं, उनमें नाइट्रोजन-फॉस्फोरस और पोटैशियम (एपीके) शामिल हैं। इस साल जनवरी में एक साल पहले की तुलना में एनपीके का दाम 125 फीसदी ऊंचा था। अंतरराष्ट्रीय संस्था- इंटरनेशनल फूड पॉलिसी रिसर्च इंस्टीट्यूट (आईएफपीआरआई) के आंकड़ों के मुताबिक जनवरी के बाद से इसमें 17 फीसदी की और वृद्धि हो चुकी है। आईएफपीआरआई ने आने वाले दिनों में स्थिति और बिगड़ने की चेतावनी दी है। इस संस्था के मुताबिक रूसी प्राकृतिक गैस पर यूरोपीय देशों में लगाए गए प्रतिबंध के कारण हालात बिगड़े हैं। कई उर्वरकों के उत्पादन में प्राकृतिक गैस का इस्तेमाल होता है। उर्वरक बनाने वाली कंपनियां भी इस राय से इत्तेफाक रखती हैं। फर्टिलाइजर

उत्पादक कंपनी यारा इंटरनेशनल के सीईओ टोरे होल्सिथर ने इसी हफ्ते एक सेमीनार में कहा- 'अब हम खतरनाक स्थिति में पहुंच गए हैं। अगर किसानों को कम मात्रा में उर्वरक उपलब्ध होंगे, तो वे कई फसलों की खेती नहीं कर पाएंगे। उससे कुपोषण, राजनीतिक अस्थिरता और अंततः मानव जीवन के लिए खतरा पैदा हो जाएगा।'

विशेषज्ञों के मुताबिक उर्वरकों की महंगाई का एक कारण यूक्रेन युद्ध जरूर है, लेकिन इसके पीछे दूसरी वजहें भी हैं। उर्वरकों के दाम 2021 से ही बढ़ रहे हैं। उसके पीछे के कारणों में महामारी के दौरान पैदा हुई आपूर्ति समस्या, प्राकृतिक गैस की महंगाई, और प्राकृतिक आपदाओं के कारण अमेरिका में फर्टिलाइजर उत्पादन में आई बाधा शामिल हैं। विशेषज्ञों ने ध्यान दिलाया है कि चीन ने पिछली गर्मियों में ही उर्वरक निर्यात रोक दिया था। जबकि दुनिया को 24 फीसदी फॉस्फेट, 13 प्रतिशत नाइट्रोजन, और दो फीसदी पोटाश की सप्लाई चीन ही करता रहा है।

रूस-यूक्रेन युद्ध से हालात और बिगड़े

यूक्रेन युद्ध के कारण हालात ज्यादा बिगड़ गए हैं। इससे काला सागर के रास्ते कारोबार में रुकावट आई है। फिर पश्चिमी प्रतिबंधों के कारण रूस और उसके सहयोगी देश बेलारूस से उर्वरकों का निर्यात प्रभावित हुआ है। 2020 में रूस ने दुनिया को नाइट्रोजन से बनने वाले उर्वरक यूरिया की 14 फीसदी की आपूर्ति की थी। बेलारूस ने 41 फीसदी पोटाश की सप्लाई की थी। यह पोटैशियम से बनने वाला उर्वरक है। विशेषज्ञों ने ध्यान दिलाया है कि मौजूदा हालात के बीच धनी देशों को भी खाद्य पदार्थों की महंगाई का सामना करना पड़ेगा। गरीब देशों में तो भुखमरी की स्थिति पैदा हो सकती है। किसानों के संगठन वर्ल्ड फार्मर्स ऑर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष थियो डि जैगर ने गुरुवार को कहा था- बहुत-सी जगहों पर खेतों में फसल नहीं उगाई जा सकी हैं। ऐसे में खाद्य संकट को टालना संभव होगा, ये कहना मेरे लिए संभव नहीं है।

पुतिन ने यूक्रेन में रूसी कार्रवाई की तुलना द्वितीय विश्व युद्ध से की, कहा- पश्चिमी देशों को सही समय पर दिया गया उचित जवाब

मास्को। यूक्रेन से जंग के बीच रूस अपना 77वां विजय दिवस मना रहा है। इसी दिन रूस ने द्वितीय विश्व युद्ध में जीत की घोषणा की थी। सोमवार को 77वें विजय दिवस को संबोधित करते हुए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन में रूस की कार्रवाई की तुलना द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान हुई सोवियत लड़ाई से की। उन्होंने कहा, यूक्रेन में रूस की सैन्य कार्रवाई पश्चिमी देशों की नीतियों के खिलाफ सही समय पर दिया गया उचित जवाब है। रूस, यूक्रेन में अपनी मातृभूमि की रक्षा कर रहा है। उन्होंने कहा, यह हमारी जिम्मेदारी है कि हर वह चीज करें जिससे दुनिया में युद्ध फिर दोबारा न हो।

अपने भाषण में पुतिन ने

कहा, नाटो हमारी सीमा पर रूस के लिए खतरा पैदा कर रहा है। यूक्रेन में रूसी सैनिक पूरी तरह से अस्वीकार्य खतरे का सामना कर रहे हैं। हम अपनी जमीन के लिए लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, यूक्रेन परमाणु हथियारों की ओर बढ़ रहा है। हमने प्रण किया है कि रूस हिटलर की तरह यूक्रेन को भी जंग में पराजित कर देगा। इस जंग में जीत हमारी ही होगी। इस दौरान यूक्रेन जंग में मारे गए रूसी सैनिकों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई।

रूस में विजय दिवस के मद्देनजर शहरों की सड़कें लाल रंग के सोवियत झंडों और नारंगी-काले रंग की धारीदार सैन्य रिबन से पटी हुई हैं। 'ग्रेट पैट्रियॉटिक वॉर' से जुड़े स्मारकों पर पूर्व सैनिकों के समूह पुष्पांजलि अर्पित कर रहे हैं। रूस में द्वितीय विश्व युद्ध को 'ग्रेट पैट्रियॉटिक वॉर' के तौर पर जाना जाता है।

जेलेंस्की ने की क्रोएशिया के प्रधानमंत्री एंड्रेज प्लेंकोविक से मुलाकात, ऊर्जा सहयोग समेत इन मुद्दों पर हुई चर्चा

कीवः यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने कीव में क्रोएशिया के प्रधानमंत्री एंड्रेज प्लेंकोविक से रक्षा, ऊर्जा सहयोग और यूक्रेन के यूरोपीय एकीकरण के मुद्दे पर चर्चा की। यूक्रेनी राष्ट्रपति प्रेस सेवा ने यह जानकारी दी। प्रेस सेवा ने बताया कि दोनों नेताओं की बैठक के दौरान सुरक्षा मुद्दे और यूक्रेन का समर्थन करने के लिए उठाए जाने वाले आवश्यक कदम वार्ता के प्रमुख विषय थे। इस दौरान जेलेंस्की ने यूरोपीय संघ के एकीकरण के रास्ते में यूक्रेन का समर्थन करने और रूस-यूक्रेन संघर्ष को लेकर रूस पर प्रतिबंध लगाने के लिए क्रोएशिया को धन्यवाद दिया। इसके साथ ही जेलेंस्की ने क्रोएशिया से संघर्ष के दौरान लगाए गए बारूदी सुरंगों को साफ करने में यूक्रेन की सहायता करने का भी आग्रह किया।

वहीं प्लेंकोविक ने आश्वासन दिया कि यूक्रेन के लिए क्रोएशिया का समर्थन जारी रहेगा। उन्होंने कहा, 'क्रोएशिया ने राजनीतिक, राजनयिक, कानूनी, वित्तीय, मानवीय और तकनीकी मामलों में यूक्रेन का लगातार समर्थन किया है। हम यह सहायता प्रदान करते रहेंगे।' उल्लेखनीय है कि यूक्रेन के अधिकारियों के साथ बातचीत के लिए प्लेंकोविक एक दिवसीय दौरे पर कीव पहुंचे थे।

श्रीलंकाई नौसेना ने 240 किलो नशीले पदार्थ सहित 7 विदेशी किए गिरफ्तार

कोलंबोः श्रीलंका की नौसेना ने श्रीलंका के 630 समुद्री मील दक्षिण में एक जहाज से 240 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त किया है। श्रीलंकाई नौसेना ने बताया कि नौसेना ने हाल ही में पुलिस नारकोटिक्स ब्यूरो के सहयोग से चलाए गए अभियान के दौरान 7 विदेशी नागरिकों को भी गिरफ्तार किया है।

नौसेना के मुताबिक जब्द मादक पदार्थों की कीमत लगभग 4.8 अरब श्रीलंकाई रुपए (1.35 करोड़ अमेरिकी डॉलर) है। श्रीलंकाई नौसेना के अनुसार, विदेशी जहाज में उन्होंने लगभग 240 किलोग्राम नशीला पदार्थ बरामद किया। विमान में सात विदेशी नागरिक सवार थे, जो तस्करी में शामिल थे।डेली मिरर की रिपोर्ट के अनुसार नशीले पदार्थों के हेरोइन होने का संदेह है। नशीले पदार्थ 220 पैकेज में पाए

गए, जिन्हें 8 बोरियों में भरा गया था। अनुमान है कि ऑपरेशन के दौरान जब्त की गई हेरोइन की कीमत खुले बाजार में लगभग रूचक्र 4,800 मिलियन है। हालांकि, नशीले पदार्थों के प्रकार के साथ-साथ जब्त किए गए पदार्थ की मात्रा के बारे में सटीक जानकारी की पुष्टि खेप को तट पर लाने के बाद की जाएगी ।

अचानक यूक्रेन पहुंची अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन की पत्नी जिल बाइडेन, जेलेंस्की की पत्नी के साथ पहुंचीं स्कूल

कीवः अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की पत्नी जिल बाइडेनरविवार को अचानक पश्चिमी यूक्रेन पहुंची और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की की पत्नी ओलेना जेलेंस्की से मुलाकात की। इसके साथ ही जिल रूस के हमले के बाद यूक्रेन जाने वाली अमेरिकी हस्तियों में शुमार हो गईं। जिल ने ओलेना से कहा, 'मैं मदर्स डे पर यहां आना चाहती थी। मुझे लगा कि यूक्रेन के लोगों को यह दिखाना चाहिये कि अमेरिका के लोग यूक्रेन के लोगों के साथ खड़े हैं।' दोनों की मुलाकात यूक्रेन सीमा से लगे स्लोवाकिया के गांव में स्थित एक स्कूल में हुई। दोनों ने एक छोटी सी कक्षा में बैठकर एक दूसरे से बात की। ओलेना ने इस 'साहसिक कदम' के लिये जिल का आभार व्यक्त किया और कहा, 'हम समझ सकते हैं कि युद्ध के दौरान अमेरिका की प्रथम महिला के यहां आने का क्या महत्व है। वह ऐसे समय में यहां आई हैं।

यूक्रेन की मदद को चंदा, 90 हजार पाउंड में बिकी जेलेंस्की की जैकेट

लंदन। यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यूक्रेन की मदद की कोशिशें हो रही हैं। लंदन में यूक्रेन की मदद के लिए चंदा जुटाने की पहल हुई है। इसके लिए यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलादिमीर जेलेंस्की की जैकेट लंदन में नीलाम की गई। जेलेंस्की के हस्ताक्षरों वाली यह ऊनी जैकेट 90 हजार पाउंड यानी 1.11 लाख डॉलर में बिकी।

लगभग ढाई माह पहले 24 फरवरी को रूस ने यूक्रेन पर आक्रमण किया था। उस समय युद्ध के शुरूआती दिनों में जेलेंस्की को यूक्रेन की राजधानी कीव की सड़कों पर घूमते देखा गया था। उस समय जेलेंस्की की ऊनी जैकेट की भी चर्चा हुई थी। अब वही ऊनी जैकेट नीलाम की गई है। यूक्रेन के लंदन स्थित दूतावास ने ट्विटर पर एक वीडियो जारी कर कहा कि जब जंग छिड़ी थी, तब दुनिया को भरोसा नहीं था कि यूक्रेन तीन दिन से ज्यादा जंग झेल सकेगा, लेकिन उसने लंबे समय तक मैदान संभाल रखा है। तब पूरी दुनिया ने एक साधारण जैकेट पहनकर कीव में घूमते हुए जेलेंस्की को देखा था और आज वही नायाब जैकेट नीलामी के लिए प्रदर्शित की गई है। यूक्रेन के लंदन दूतावास के अनुसार, 'बहादुर यूक्रेन' नाम से यह धन एकत्रीकरण अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान यूक्रेन की बहादुरी की कहानियां बताई जा रही हैं। इनके माध्यम से जंग से तबाह हो चुके देश के लिए चंदा जुटाया जा रहा है। इसके माध्यम से जंग से तबाह हो चुके देश के लिए चंदा जुटाया जा रहा है। इस अभियान में यूक्रेन की प्रथम महिला ओलेना जेलेंस्की द्वारा दान किए गए खिलौने और लंदन में टेट मॉडर्न आर्ट गैलरी में दिवंगत फोटोग्राफर मैक्स लेविन की तस्वीरें भी नीलाम की गईं।

युद्धग्रस्त देश के लिए जुटा रहे चंदाः राष्ट्रपति जेलेंस्की की जैकेट एक लाख डॉलर में बिकी, लंदन में हुई नीलामी

लंदन। करीब ढाई माह से रूस के साथ युद्धरत यूक्रेन के लिए चंदा जुटाया जा रहा है। इसी सिलसिले में यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की की जैकेट की लंदन में नीलामी की गई। उनके हस्ताक्षर युक्त यह ऊनी जैकेट गत गुरुवार को 90 हजार पाउंड या 1,11,000 लाख डॉलर (8,54,9,285 रुपये) में बिकी।

24 फरवरी को जब रूस ने यूक्रेन पर धावा बोला था, तब जंग के आरंभिक दिनों में जेलेंस्की यही जैकेट पहनकर राजधानी कीव की गलियों में घूमते नजर आए थे। यूक्रेन के लंदन स्थित दूतावास ने ट्विटर पर एक वीडियो जारी कर कहा कि जब जंग छिड़ी थी, तब दुनिया को भरोसा नहीं था कि यूक्रेन तीन दिन से ज्यादा जंग झेल सकेगा, लेकिन उसने लंबे समय तक मैदान संभाल रखा है। तब पूरी दुनिया एक साधारण जैकेट पहनकर कीव में घूमत हुए जेलेंस्की को देखा था और आज वहीं नायाब वस्तु यहां नीलामी के लिए प्रदर्शित की गई है।

यूक्रेन के लंदन दूतावास के अनुसार, 'बहादुर यूक्रेन' नाम से यह चंदा अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान यूक्रेन की बहादुरी की कहानियां बताई जा रही हैं। इनके माध्यम से जंग से तबाह हो चुके देश के लिए चंदा जुटाया जा रहा है। इस चंदा उगाही अभियान में यूक्रेन की प्रथम महिला ओलेना जेलेंस्की द्वारा दान किए गए खिलौने और लंदन में टेट मॉडर्न आर्ट गैलरी में दिवंगत फोटोग्राफर मैक्स लेविन की तस्वीरें भी नीलाम की गईं। अभियान के तह यूक्रेन में मानवीय सहायता के लिए 10 लाख डॉलर से अधिक की राशि जुटाई गई। इस राशि का उपयोग पश्चिमी यूक्रेन के विशेष बाल अस्पताल में उपकरणों की पुनः व्यवस्था करने में खासतौर से किया जाएगा। चंदा अभियान में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन भी शामिल हुए।

इस दौरान जेलेंस्की को आधुनिक समय के बेमिसाल नेताओं में से एक बताते हुए उनकी प्रशंसा की गई। जॉनसन ने यूक्रेन के लिए ब्रिटेन के समर्थन को दोहराया। उन्होंने कहा कि हम यूक्रेन की मदद करते रहेंगे।

अखंड भारत संदेश

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम एवम्
योग सत्संग समिति द्वारा
विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज
से मुद्रित एवम् क्रियायोग
आश्रम अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
211019 से प्रकाशित।
Title UPHIN 29506

Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com

इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बंधित विवादों का न्याय क्षेत्र कौशाम्बी, प्रयागराज होगा।

श्रीलंका के प्रधानमंत्री का इस्तीफा, समर्थकों के हमले में 16 घायल, कर्फ्यू लगाया गया

कोलंबो। श्रीलंका में लगातार जारी आर्थिक व राजनीतिक संकट के बीच आखिर श्रीलंका के प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे ने इस्तीफा दे दिया है। प्रधानमंत्री के इस्तीफे की मांग कर रहे प्रदर्शनकारियों को उनके समर्थकों का गुस्सा झेलना पड़ा है। महिंदा राजपक्षे के समर्थकों के हमले में 16 प्रदर्शनकारी घायल हो गए हैं। हिंसा बढ़ने पर कर्फ्यू लगाना पड़ा है।

श्रीलंका में गंभीर आर्थिक संकट के लिए राजपक्षे परिवार को जिम्मेदार मानकर वहां विपक्ष ही नहीं सत्ता पक्ष के तमाम लोग भी प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे के इस्तीफे की मांग कर रहे थे।

महिंदा के इस्तीफे की मांग को लेकर देश में लगातार प्रदर्शन भी चल रहे थे। विपक्ष अंतरिम सरकार की मांग कर रहा था। अब

इन मांगों के आगे झुकते हुए प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे ने इस्तीफा दे दिया है। इससे पहले प्रधानमंत्री राजपक्षे ने कहा कि वह जनता के लिए 'कोई भी बलिदान' देने को तैयार हैं। उनके इस कथन से इन अटकलों को बल मिल गया था कि राजपक्षे जल्द ही इस्तीफा दे देंगे।

अपनी ही पार्टी श्रीलंका पोदुजन पेरामुन (एसएलपीपी) के भीतर इस्तीफा देने के भारी दबाव से जूझ रहे 76 वर्षीय राजपक्षे अब तक इस्तीफा न देने का दबाव बनाने के लिए अपने समर्थकों को एकजुट कर रहे थे। बताया गया कि उनके छोटे भाई राष्ट्रपति गोतबाया रापजक्षे भी उनका इस्तीफा चाहते थे ताकि वह अंतरिम सरकार बनाकर मौजूदा आर्थिक संकट से निपटने का पथ प्रशस्त कर सकें।

इंडोनेशिया के पूर्वी प्रांत में भूकंप के हल्के झटके

जकार्ता। इंडोनेशिया के पूर्वी प्रांत उत्तरी मालुकु में सोमवार को भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। यह जानकारी मौसम विज्ञान, जलवायु विज्ञान और भू-भौतिकी एजेंसी ने दी। एजेंसी के मुताबिक सोमवार को उत्तरी मालुकु प्रांत में भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र हलमहेरा बारात जिले से 72 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में और समुद्र के नीचे 10 किलोमीटर की गहराई पर था। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.8 मापी गई है।